4 रायपुर संभाग
कुरूद में आयोजित जिला स्तरीय स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम...

6 फिल्मी
नए बंगले में जल्द गृह प्रवेश

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
मनुष्य के छात्र जीवन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता हैः भूपेश

10 छत्तीसगढ़
भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनंद यादव...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 20 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-150 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### चीन की बढ़ती क्षमता की अभिव्यक्ति के लिए भारत को तैयार रहना होगाः जयशंकर



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि चीन के साथ संबोधों में संतुलन बनाने के लिए भारत को विशेष चुनौती का समाना करना पड़ रहा है तथा चीन की बढ़ती क्षमताओं की अभिव्यक्ति के लिए भारत को स्पष्ट रूप से तैयार रहना होगा। जयशंकर ने नानी पालकीवाला स्मारक व्याख्यान देते हुए पास पड़ोस से लेकर विश्व क्षितिज पर भू राजनीतिक परिवर्तनों, भारत के आर्थिक सामाजिक विकास तथा विश्व की विभिन्न शक्तियों के साथ भारत के संबंधों पर एक व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत को अपनी क्षमताएं बढ़ानी होंगे और इसके कई आयाम होंगे।

### भुवनचंद्रन ने छोड़ी शिवसेना



**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक एवं केरल में शिवसेना इकाई का गठन करने वाले एमएस भुवनचंद्रन ने पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की कार्यशैली से असहमति के बाद पार्टी छोड़ दी है। पार्टी के नेता भुवनचंद्रन ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शिवसेना हिंदुत्व के अलावा किसी अन्य राजनीति के बारे में नहीं सोच सकती है और उद्धव ठाकरे की शैली हिंदुत्व को कमजोर कर रही है।

### बीड में सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड तालुक में घोरका राजुरी के पास सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि बीड से परभणी जा रही एसटी बस ने पांच लोगों को टक्कर मार दी। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नेपाल की महिला टीम को हराकर भारत ने जीता खो-खो विश्वकप का पहला खिताब

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने खेले गये फाइनल मुकाबले में नेपाल को 38 अंक से हराकर पहले खो-खो विश्वकप का खिताब अपने नाम किया। आज यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडिमय में भारतीय महिला टीम ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पहले टर्न में भारत ने 34 अंक बनाये वहीं नेपाल की टीम स्कोर करने में विफल रही। वहीं दूसरे टर्न में भारत का स्कोर 35 अंक रहा जबकि नेपाल की टीम ने 24 हासिल किये।

# मोदी की गारंटीः अंतर की राशि 800 रुपये एकमुश्त किसानों को देगी विष्णु सरकार

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए - कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप इस साल भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले राज्य के लगभग 27 लाख किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। इस साल किसानों से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिसका भुगतान किसानों को किया जा रहा है तथा प्रति क्विंटल अंतर की राशि 800 रूपए छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आदान सहायता के रूप में एकमुश्त फरवरी 2025 में प्रदान करेगी। कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से अतिशेष धान की नीलामी को ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से निराकरण करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य में एचव्ही-4 श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता-मिनी स्टील प्लांट, स्टील उद्योग को जिनके कैप्टिव पावर प्लांट नहीं है या एक मेगा वॉट से कम है तथा उनका लोड 2.5 एमव्हीए से अधिक है को औद्योगिक एवं आर्थिक मंदी के कारण उन्हें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने तथा राहत देने के उद्देश्य से कैबिनेट द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विशेष राहत पैकेज अंतर्गत ऊर्जा प्रभार में 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक अधिकतम एक रूपए प्रति यूनिट छूट देने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने विधानसभा सत्र में किए गए घोषणा के अनुपालन में राज्य के कलाकारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अर्थाभावग्रस्त लेखकों और कलाकारों एवं उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता देने के लिए संस्कृति विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ कलाकार कोष नियम 1982 में संशोधन कर राज्य के कलाकारों को 25 हजार रूपए के स्थान पर अब अधिकतम 50 हजार रूपए की सहायता एवं मृत्यु होने पर 01 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं को वित्तीय बाजारों, निवेश के साधनों एवं वित्तीय नियोजन के क्षेत्र में उपयुक्त कौशल तथा आवश्यक ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्र स्किलिंग प्रोग्राम (एसएसपी) के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू करने का निर्णय लिया गया है। यह प्रशिक्षण हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जाएगा। वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग में अपर आयुक्त आबकारी का एक नवीन पद (वेतन मेट्रिक्स लेवल-15) का सृजन करने का निर्णय लिया गया। नवा रायपुर अटल नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रयोजन हेतु सत्य सांई हेल्थ एवं एजुकेशन ट्रस्ट को अतिरिक्त 05 एकड़ भूमि निःशुल्क आबंटित करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ विशेष क्षेत्र (अचल संपत्ति का व्ययन) नियम, 2008 के तहत् नवा रायपुर अटल नगर में द आर्ट ऑफ लिविंग सेन्टर की स्थापना हेतु 40 एकड़ भूमि रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की नया रायपुर आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2017 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के द्वारा निर्मित 5 वर्ष से अधिक समय से नहीं बिके हुए आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को एकमुश्त निपटान हेतु लागत मूल्य (बेस रेट) से 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 30 प्रतिशत छूट देकर विक्रय करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत एक लाख 32 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कुल अनुदान राशि 3938.80 करोड़ है, जिसमें अनिवार्य राज्यांश 1450 करोड़ रूपए एवं अतिरिक्त राज्यांश 538 करोड़, जो कि मकान पूर्ण करने अथवा गृह प्रवेश पर दिया जाएगा, का अनुमोदन किया गया। कैबिनेट ने महिला स्व-सहायता समूह के हित को ध्यान में रखते हुए रेडी टू ईट निर्माण का काम महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। पहले चरण में रेडी टू ईट निर्माण का कार्य 5 जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों को दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों में संशोधन किए जाने हेतु विभिन्न धाराओं में संशोधन संबंधी जारी अध्यादेश की समयावधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## पीएम मोदी से मिले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता



पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम को छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया। साथ ही प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने पायनियर से चर्चा करते हुए कहा कि दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी का छायाचित्र भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष की जानकारी भी साझा कर उन्हें छत्तीसगढ़ आने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग, 18 शिविर जले

पायनियर संवाददाता ∢ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com



महाकुंभनगर में झूंसी थाना क्षेत्र में लोअर संगम के सेक्टर 19 में आग लगने से 18 टेंट जलकर खाक हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेला के कार्यों का निरीक्षण करने आए हुए हैं। योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर तत्काल मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर के गीता प्रेस शिविर में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## 25 जनवरी से पांच फरवरी के बीच महाकुम्भ में लागू होगी विशेष कार्ययोजना : सीएम योगी


पायनियर संवाददाता ∢ महाकुम्भ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में विशेष कार्ययोजना लागू करते हुये भीड़ प्रबंधन और संचार तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर अमृत स्नान के दौरान पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता चाहिए। भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से इन विशेष दिवसों पर पांटून पुल पर आवागमन वन-वे रखा जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं की आस्था का पूरा सम्मान होना चाहिए। जिसे भी किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, व्यवस्था में लगे लोग आगे बढ़कर मदद करें। प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले मेला क्षेत्र का भ्रमण किया और फिर अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में राष्ट्रपति,उपराष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री समेत अनेक गणमान्य जनों का प्रयागराज में आगमन प्रस्तावित है। 22 जनवरी को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक भी यहां होगी। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जानी चाहिए। आइसीसीसी सभागार में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान स्थिति के अनुसार मेला परिसर में लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालु उपस्थित हैं।

## 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता ∢ जौनपुर
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन चुका है। शहर से गांव तक सबसे ज्यादा 5 जी यूजर्स है। हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ से उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के निजामुद्दीनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के आवास पर आयोजित मांगलिक समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। विज्ञानी सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर बना रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। देश में 1.30 लाख स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए, हमारे इतिहास में हर क्षेत्र में भारत की उपलब्धि व्याप्त है। सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर भारत का मुकुट मणि है और इसके बिना जम्मू कश्मीर अधूरा है, पाकिस्तान के लिए यह एक विदेशी क्षेत्र से अधिक कुछ नहीं है वह इसका इस्तेमाल आतंक को शह देने व भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए कर रहा है। रक्षा मंत्री ने गुलाम जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया और साथ ही पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गुलाम जम्मू कश्मीर में आतंकी ट्रेनिंग कैम्प व लॉन्चिंग पैड खत्म कर दे नहीं तो उचित जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने इस वाक्य से पाकिस्तान को आतंकी शिविरों पर सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट स्ट्राइक की याद भी दिला दी।




### उन्होंने कहा - इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण के लिए सर्वहित के भाव से जुटने का आह्वान किया

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निर्माता के सपनों के अनुरूप भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए सर्वहित, संस्कृति संरक्षण और समानता के मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना होगा। मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 118वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगाँठ है। उन्होंने कहा, मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया। कहा कि संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चर्चाएं हुईं। ये चर्चाएं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वाणी बहुत बड़ी धरोहर है। मोदी ने अपने संबोधन में संविधान सभा के सदस्य डॉक्टर बी आर अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ श्यामाचरण मुखर्जी के भाषणों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने एकमत और सर्वहित पर जोर दिया और डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अहिंसा और शांति जैसे मूल्यों के संस्कृति संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने डॉक्टर श्यामा चरण मुखर्जी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अवसरों की समानता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देशवासियों को संविधान निर्माताओं के इन विचारों से प्रेरणा लेकर ऐसे भारत के निर्माण के लिए काम करना है जिस पर हमारे संविधान निर्माताओं को भी गर्व हो। मोदी ने कहा, 2025 की पहली 'मन की बात' हो रही है। हर बार 'मन की बात' महीने के आखिरी रविवार को होती है लेकिन इस बार हम एक सप्ताह पहले चौथे रविवार की बजाय तीसरे ही मिल रहे हैं। क्योंकि अगले सप्ताह रविवार के दिन ही 'गणतंत्र दिवस' है। मैं सभी देशवासियो को 'गणतंत्र दिवस' की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'गणतंत्र दिवस' से एक दिन पहले 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। ये दिन इसलिए अहम है क्योंकि इस दिन 'भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा जिसने समय-समय पर हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। आयोग ने जन-शक्ति को और शक्ति देने के लिए तकनीक की शक्ति का उपयोग किया। मैं चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव के उनके समर्पण के लिए बधाई देता हूँ।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की गाथा है मन की बात : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो दूरदर्शन से प्रत्येक माह अंतिम प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। इस माह अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे माह के तीसरे ही प्रसारित किया गया। पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुनने की व्यवस्था की जाती है जहां पार्टी के प्रदेश, जिला, मंडल ,बूथ स्तर के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता एवं सांसद, विधायक गण, जनप्रतिनिधि आम जन के साथ लोकप्रिय कार्यक्रम को सुनते हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए,प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि यह एक भारत , श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आम जन को प्रेरित करता है। मरांडी ने कहा कि के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपने विरासत को सहेजते और संवारते हुए आगे बढ़ रही। कहा कि संविधान सभा में दिए गए हमारे देश के महापुरुषों के संबोधन ने आम जन को संविधान की मूल भावनाओं से परिचित कराया, विरासत पर गर्व करने के अवसर दिए वही स्टार्टअप की चर्चा ने युवाओं को नए नए क्षेत्र से अवगत कराया ,प्रेरित किया। मरांडी ने कुंभ की एकता और समरसता को दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया।

कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

# मान ने जिला प्रशासकीय परिसर के विस्तार का किया शिलान्यास

एजेंसी मोगा
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को यहां जिला प्रशासकीय परिसर (डी.ए.सी.) के विस्तार का शिलान्यास किया। इमारत की तीसरी और चौथी मंजिल के निर्माण वाली इस परियोजना पर 10.31 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डी.ए.सी. की इमारत में चार ब्लॉक शामिल हैं, जिनमें ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, सी ब्लॉक और डी ब्लॉक का निर्माण 2004 में किया गया था। मान ने कहा कि यह परियोजना इस साल अगस्त तक लगभग आठ महीनों में पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों मंजिलों पर कुल 48 कमरे बनाए जाएंगे और दोनों मंजिलों पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय ब्लॉक का प्रबंध होगा। मान ने बताया कि परिसर में 13 लोगों की क्षमता वाली नई लिफ्ट लगाई जाएगी और दोनों मंजिलों पर सुरक्षा के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरा सिस्टम होगा। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक इमारत फायर डिटेक्शन/आपातकालीन निकासी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से भी लैस होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के उचित उपयोग के लिए इमारत में 95 किलोवाट सोलर पावर जनरेशन सिस्टम लगाया जाएगा।

## शिअद ने एसजीपीसी सदस्यों की मीटिंग को पुनर्निधारित किया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल ने शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर वोटों के पंजीकरण संबंध में अपनी एसजीपीसी के सदस्यों की मीटिंग में फेरबदल करते हुए 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे पार्टी के मुख्य कार्यालय में निर्धारित किया है। शिअद के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि अब यह बैठक 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे पार्टी मुख्यालय में होगी। उन्होंने कहा कि चूंकि निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 23 जनवरी है, इसीलिए पार्टी ने अपने सभी नेताओं और पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे गैर-सिखों और अन्य फर्जी वोटों के पंजीकरण के बारे में सभी आपत्तियां लिखित रूप में संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के पास समय पर दर्ज कराएं।

# जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की फरवरी से होगी शुरुआत : डॉ. अखिलेश

एजेंसी बक्सर
www.dailypioneer.com

बिहार कांग्रेस फरवरी से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि फरवरी के दूसरे सप्ताह से जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम को चंपारण, रोहतास और बक्सर जिले से शुरू करके पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए प्रत्येक जिले में संयोजकों की नियुक्ति भी की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, नेताओं और कर्मचारियों को. डॉ अखिलेश ने न्याय योद्धा कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और मीडिया को भी बेहतर कवरेज के लिए धन्यवाद दिया। पत्रकारों के जातिगत जनगणना से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए डॉ. अखिलेश ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जिस उद्देश्य से जातिगत जनगणना के लिए नीतीश सरकार को तैयार किया था वो पूर्णतः लागू नहीं हो पाया क्योंकि नीतीश कुमार ने मन बना लिया था कि वें भारतीय जनता पार्टी के साथ जाएंगे। चूंकि भाजपा के साथ नीतीश कुमार भी पिछड़े, दलितों के विरोधी हैं इसलिए कहीं जातिगत आरक्षण और हिस्सेदारी बढ़ाना न पड़े इसलिए उन्होंने आधे मन से इसे लागू कराने की कवायद की, जो मामला भी कोर्ट में लंबित है। जब केंद्र में और राज्य में भाजपा- जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ही सरकार है तो क्यों न आपने इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करा लिया जिससे कोर्ट में मामला जाने से बच जाता। साथ ही 95 लाख परिवारों को दो लाख रुपए देने की कवायद, नौकरी के लिए आरक्षण बढ़ाने की कवायद को नहीं करना और जातिगत आंकड़े को सार्वजनिक कर उसपर आपत्ति दर्ज कराने तक का मौका नहीं दिया। इसी को लेकर गांधी ने जातिगत जनगणना को झूठा करार दिया क्योंकि केवल संख्या गिनने के लिए और ठंडे बस्ते में डालने के लिए नहीं इसे करवाया गया था इसका उद्देश्य वृहद और नीतिगत विकास पर आधारित था।

# नीतीश की प्रगति यात्रा है दमन यात्रा : दीपंकर

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगााया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा दमन यात्रा है। भट्टाचार्य ने नागरिक समाज और विभिन्न आंदोलनकारी ताकतों की ओर से आयोजित 'बदलो बिहार समागम'को संबोधित करते हुए कहा कि कुमार की प्रगति यात्रा दरअसल दमन यात्रा है। कोई मुख्यमंत्री को ज्ञापन न दे सके, उन तक पहंच न सके इसके लिए चरम दमन किया जा रहा है। एक ओर बिहार को बदल देने का संघर्ष है, दूसरी ओर किसी तरह सत्ता बचाने का दमन अभियान है। उन्होंने कहा कि बदलो बिहार समागम में अलग-अलग मुद्दे पर आंदोलित ताकतें एकजुट हुई हैं,लेकिन सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने का एजेंडा सबका है। सबलोग बिहार में बदलाव चाहते हैं, लेकिन असल सवाल यह है कि किस दिशा में यह बदलाव होगा? कुछ लोग कहते हैं कि 35 सालों में बिहार बरबाद हो गया, तो क्या 90 के पहले बिहार बहुत अच्छा था? क्या वे बिहार को उसी सामंती दौर में ले जाना चाहते हैं? नहीं, बिहार आगे बढ़ेगा पीछे नहीं लौटेगा। भट्टाचार्य ने कहा कि कुमार जब सत्ता में आए अच्छे नारे लेकर आए, लेकिन सवाल अब यह है कि न्याय और विकास का हाल क्या है? सरकार ने जो सामाजिक-आर्थिक सर्व कराया उसने बताया कि 20 साल में गरीबी का चरम विकास हुआ है। 94 लाख परिवार 6000 रूपये से कम मासिक पर जिंदा है। यह कैसा विकास है? केरल में रसोइयों को 12000 रूपया मासिक मिलता है, तमिलनाडु में 10000 रूपया, लेकिन बिहार में महज 1650 रूपया मिलता है, यह कैसा न्याय है?बहुत सारी लड़ाइयां चल रही हैं लेकिन पहली जरूरत इस सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा। अपने वाजिब सवालों को लेकर लंबी लड़ाई लड़नी है। यदि जनता की कोई बात सुनी नहीं जाएगी, उनके दुख दर्द को नहीं सुना जाएगा तो ऐसी लाठी-गोली की सरकार और तानाशाही को बिहार बर्दाश्त नहीं करेगा। समागम को विभिन्न आंदोलनकारी ताकतों एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया और बिहार में बदलाव का संकल्प लिया। पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, नेता विधायक दल महबूब आलम, विधान पार्षद शशि यादव, चर्चित चिकित्सक डॉ. सत्यजीत, दलित अधिकार मंच के कपीलेश्वर राम, मोमिन फ्रंट के महबूब आलम, बिहार राब्ता कमिटी के अफ्जल हुसैन, शिक्षक सतीश कुमार, ऑल इंडिया पीपल्स फ्रंट के कमलेश शर्मा, इंसाफमंच के गालिब, फुटपाथ दुकानदारों के नेता शहजादे आलम, जस्टिस डेमोक्रेटिक फोरम में पंकज श्वेताभ, सेक्युलर सेवा मंच के कौसर खान सहित आशा, रसोइया व स्कीम वर्कर्स संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

# नहर टूटने से 50 एकड़ गेहूं की फसल डूबी

**फतेहाबाद।** हरियाणा में फतेहाबाद जिला के भट्टू क्षेत्र में खेड़ी माइनर नहर रविवार को टूट गई, जिससे करीब 50 एकड़ की खेती जलमग्न हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद गांव गदली के पास से गुजर रही खेड़ी नहर आरडी 74000 आर के पास अचानक टूट गई। जैसे ही लोगों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने सिंचाई विभाग को जानकारी दी, जिसके बाद बीघड़ हेड से नहर को बंद करवा दिया गया, लेकिन बीघड़ से यहां तक नहर में पानी होने के चलते पानी का बहाव खेतों की तरफ बना हुआ है। सिंचाई विभाग से जेई मनजीत बेनीवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दरार को पाटने का काम शुरू कर दिया। ज्यादा मात्रा में पानी भरने के कारण दरार करीब 70 फुट चौड़ी हो गई। जिस कारण 50 एकड़ के लगभग गेहूं के खेत पानी से भर गए। फिलहाल दरार को पाटने का काम तेजी से जारी है। किसानों का कहना है कि पिछले तीन-चार महीने में अलग-अलग स्थान से यह नहर कई दफा टूटी है। उन्होंने बताया कि चूहों व अन्य जानवरों द्वारा बिल खोदे जाने के कारण जगह-जगह से यह माइनर कमजोर हो चुकी है। और इसी कारण बार-बार टूट रही है।

# जल्दी पैसा कमाने के लालच में स्मैक बेचते दो युवक गिरफ्तार

एजेंसी देहरादून
www.dailypioneer.com

ड्रग फ्री उत्तराखंड अभियान के तहत देहरादून के थाना सेलाकुई में दो युवकों को 15 लाख कीमत के अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवक उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और पीलीभीत जनपदों के रहने वाले हैं। इन दोनों को यह नशीला पदार्थ आपूर्ति करवे वाला बदायूं जनपद का है, जिसे अब पुलिस तलाश रही है। पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने बताया कि सेलाकुई पुलिस ने चेकिंग के दौरान, शनिवार रात्रि दो अभियुक्तों मोहम्मद लईक तथा मोहम्मद आरिफ को अवैध मादक पदार्थो के साथ सेलाकुई क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके कब्जे से 49 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 15 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि दोनों के विरुद्ध थाना सेलाकुई पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लईक (40) पुत्र शफी, निवासी ग्राम भांबी, थाना पुवायां, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश, यहां राज मिस्त्री का काम करता है। जिसने जल्दी रईस बनाने के चक्कर में अपने साथ मोहम्मद आरिफ (25) पुत्र मोहम्मद सादिक, थाना बीसलपुर, जनपद पीलीभीत, उत्तर प्रदेश, को भी शामिल कर लिया।

# पुलिस ने अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया तस्कर

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की थाना कुरावली पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक अन्तराज्यीय गांजा तस्कर को 350 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। बरामद अवैध गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस अधीक्षक गणेश कुमार साहा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि एक मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कुरावली धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ भोगाँव-कुरावली रोड़ पर नानामऊ कट के पास एक ट्रक को पकड़ा जिसमें भारी मात्रा में गाँजा 13 कट्टों में भरा हुआ था। ट्रक ड्राइवर अमरीक पुत्र माखन सिंह निवासी ग्राम ओठिया थाना राजासासी जनपद अमृतसर पंजाब से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो ट्रक ड्राइवर ने बताया कि कट्टों में 03.50 कुन्तल गांजा है जो मैं अच्छे पैसे कमाने के लिये उड़ीसा से पानीपत लेकर जा रहा था । उसने बताया कि वह पहले भी कई बार में ले जा चुका है परन्तु पकड लिया गया। अभियुक्त अमरीक पुत्र माखन सिंह निवासी ग्राम ओठिया थाना राजासाशी जनपद अमृतसर पंजाब को 03 कुन्तल 50 किग्रा अवैध गांजा कीमत लगभग 40 लाख रूपये व एक अदद ट्रक के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संम्बन्ध में थाना हाजा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कराया गया है।



## बिजली करंट से दो सगे भाइयों की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के जसवंतनगर थाना क्षेत्र के मीरखपुर पुठिया गांव में बिजली करंट लगने से खेत की रखवाली कर रहे दो सगे भाइयों की मौत हो गयी है। इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना शनिवार शाम तब घटित हुई जब मीरखपुर पुठिया में अपनी फसल की रखवाली कर रहे दो सगे भाई रामोतार (63) और आज्ञाराम (57) वर्ष पुत्रगण गंगादीन की बिजली करंट की चपेट में आ गये। बड़ा भाई रामोतार पुलिस विभाग और छोटा भाई आज्ञाराम आर्मी से सेवानिवृत थे। दोनों अपने पैतृक गांव में ही रहकर खेती किसानी का काम देखते थे। बताया गया कि दोनों भाई खेत पर लगे ट्यूबवेल के समीप फसल की रखवाली कर रहे थे। परिजनों ने तत्काल उन्हें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना पर विद्युत विभाग के एसडीओ अरविंद कुमार ने बताया कि किसान जानवरों से बचाव के लिए तार लगा रहे थे, जिससे यह हादसा हुआ। उन्होंने विभाग की किसी गलती से इनकार किया। पुलिस व प्रशासन मामले की जांच में जुटे हैं।



## भीमताल में डंपर झील में गिरा, चालक की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के भीमताल में शनिवार देर रात को एक डंपर झील में जा गिरा। इस हादसे में चालक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीमताल पुलिस को किसी वाहन चालक ने सूचना मिली कि रात के अंधेरे में एक डंपर भीमताल झील में गिर गया है। थाना प्रभारी विमल मिश्रा की अगुवाई में एक टीम मौके पर पहुंची और राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) के साथ मिल कर राहत व बचाव अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद डंपर के अंदर फंसे चालक को बाहर निकाला गया और भीमताल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक की पहचान राहुल कुमार निवासी धारी के रूप में हुई। पुलिस इस हादसे की असली वजह का पता लगा रही है।

# स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी भाजपा : किशन रेड्डी

एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी ने स्पष्ट किया कि भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव बिना किसी पार्टी के साथ गठबंधन के लड़ेगी। किशन रेड्डी ने यह विश्वास भी जताया कि भगवा पार्टी तीन एमएलसी चुनावों में विजयी होगी। किशन रेड्डी ने यहां मीडियाकर्मियों के साथ एक अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी और तत्कालीन बीआरएस सरकार के पास कोई आवाज नहीं है क्योंकि वे पंचायतों को धन जारी करने और यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने में भी विफल रहे हैं। भाजपा सभी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्षों का चुनाव पहले ही पूरा हो चुका है और अधिकांश अध्यक्ष 40 साल से कम उम्र के हैं, हालांकि जिला स्तर की समिति के अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया चल रही है और इसके पूरा होने के बाद राज्य -लेवल प्रेसिडेंट की शुरुआत की जाएगी।

# महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग, 18 शिविर जले

एजेंसी महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

महाकुंभनगर में झूंसी थाना क्षेत्र में लोअर संगम के सेक्टर 19 में आग लगने से 18 टेंट जलकर खाक हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेला के कार्यों का निरीक्षण करने आए हुए हैं। योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर तत्काल मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर के गीता प्रेस शिविर में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गीता प्रेस के साथ 10 प्रयागवाल के टेंट में भी आग फैलने की सूचना मिली थी जिस पर काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 19 में शास्त्री पुल के नीचे गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी। कई शिविर जल कर राख हो गए। फायर ब्रिगेड ने इलाका सील कर दिया गया। आग बुझाने के लिए करीब 15 अग्निशमन की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया गया है। कोई जनहानि की सूचना नहीं है। कारणों की जांच की जा रही है।

# नीतीश जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक उसके प्रकाश स्तंभ हैं कर्पूरी ठाकुर : उमेश

एजेंसी पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) अध्यक्ष उमेश सिंह कुश्वाहा ने कहा है कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक हैं उसके प्रकाश स्तंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर हैं। जदयू प्रदेश कार्यालय में 101वीं कर्पूरी जयंती समारोह को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी को प्रत्येक जिलों में कर्पूरी जयंती समारोह मनाई जाएगी, जिसमें सांसदगण, विधायकगण, विधानपार्षदगण एवं पार्टी के तमाम प्रमुख साथीगण अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में उपस्थित पटना एवं पटना महानगर के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं जिला कमिटी के सदस्यों ने 24 जनवरी को प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पूरे हर्षोल्लास के साथ कर्पूरी जयंती मनाने का निर्णय लिया। कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता कुमार जिस समाजवादी विचारधारा के वाहक हैं उसके प्रकाश स्तंभ जननायक कर्पूरी ठाकुर हैं। उनके उच्च आदर्शों पर चलते हुए नीतीश कुमार शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिये संपूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को 101वीं जयंती के पावन अवसर पर मजबूती भागीदारी को सुनिश्चित कर जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है। अतिपिछड़ा वर्ग के समाजिक और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नीतीश सरकार ने ऐतिहासिक काम किए हैं। सर्वोच्च न्यायलय से 75 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ होने पर सबसे अधिक लाभ भी अतिपिछड़ा समाज को मिलेगा। जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि चूंकि जयंती समारोह के अवसर पर कुमार को जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धासुमन अर्पित करने उनके पैतृक गांव कर्पूरी ग्राम जाना है, इसलिए तमाम साथी को सुबह 9:30 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कुमार ने कर्पूरी ठाकुर के पदचिन्हों पर चलते हुए अतिपिछड़ो के कल्याण के लिये अद्वितीय कार्य किए हैं इसलिए तमाम साथियों 101 वीं जयंती समारोह को भव्य रूप देने के लिए को पूरे तन-मन से जुट जाना है।

# भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है महाकुंभ : शिव प्रताप शुक्ला

एजेंसी जौनपुर
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला प्रयागराज में लगे महाकुंभ के बारे में वहां पर की गई व्यवस्थाओं पर कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यवस्था सराहनीय है, यह ऐतिहासिक अवसर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मछ्ली शहर तहसील क्षेत्र के निजामुद्दीन पुर गांव में भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री जगत नारायण दुबे की पौत्री के विवाह समारोह में शामिल होने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। राज्यपाल ने आगामी महाकुंभ के बारे में अपने विचार साझा करते हुए बताया कि महाकुंभ का आयोजन 12 वर्षों के अंतराल में होता है, और यह संयोग 144 वर्षों बाद आया है। यह अवसर किसी भी व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। राज्यपाल ने कहा कि इस बार महाकुंभ के आयोजन के लिए सरकार ने व्यापक प्रबंध किए हैं, ताकि हर एक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद आकर महाकुंभ के पूजन की प्रक्रिया को सम्पन्न किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। राज्यपाल ने यह भी बताया कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में भाग लेने के लिए भारत आ रहे हैं, और ऐसे में करोड़ों लोगों के आगमन के साथ व्यवस्थाओं का सही तरीके से संचालन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने महाकुंभ को शास्त्रीय और सामाजिक दृष्टि से भारत की सनातन परंपरा का एक अद्वितीय अवसर बताया। उनका कहना था कि यह आयोजन भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इसे लेकर सभी श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस पर्व का सही तरीके से लाभ उठाना चाहिए। राज्यपाल ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से इस महाकुंभ के दौरान अपनी धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न करें और प्रशासन के साथ सहयोग करें, ताकि यह ऐतिहासिक अवसर सभी के लिए सुखद और स्मरणीय बन सके।

# मिहिजाम को विकास का मॉडल बना रहा हूँ : डॉ. इरफान अंसारी

**रांची।** झारखंड के मिहिजाम नगर परिषद के अंतर्गत नगर भवन, हंसीपहाड़ी के समीप पार्क का शिलान्यास झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया। मंत्री डॉ. अंसारी ने इस अवसर पर कहा, यह पार्क यहां के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस पार्क का लाभ उठाएं, यहां टहलें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, क्योंकि 'हेल्थ इज वेल्थ। मंत्री ने मिहिजाम की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यहां की जनता ने मुझ पर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास जताया है। इसी विश्वास के चलते हमारी सरकार लगातार तीसरी बार बनी है। हमारी प्राथमिकता अधिक से अधिक विकास कार्य करना है, और इसी दिशा में मिहिजाम को विकास के नए आयामों तक ले जा रहे हैं। मिहिजाम में कई बड़ी योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। जल्द ही एक बड़े स्टेडियम का भी शिलान्यास होगा। यह सब आपकी साझेदारी और समर्थन के बिना संभव नहीं था। डॉ. अंसारी ने जात-पात की राजनीति से ऊपर उठकर मिहिजाम की जनता से अपील करते हुए कहा, मैं उन लोगों का भी काम कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे वोट नहीं दिया।

# मेहतपुर में 4030 लीटर जहरीली रासायनिक शराब जब्त

एजेंसी जालंधर/मेहतपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब के जालंधर में मेहतपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार की रात को हवेली टावर कॉलोनी, मेहतपुर में एक अस्थायी अवैध उत्पादन इकाई से 4030 लीटर जहरीली रासायनिक-आधारित शराब बरामद की। एसपी इन्वेस्टिगेशन जसरूप कौर बाठ के निर्देशों पर शुरू किए गए असामाजिक तत्वों और नशा तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी शाहकोट ओंकार सिंह बराड़ ने इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह, एसएचओ मेहतपुर और उनकी टीम के साथ किया। पुलिस अधीक्षक हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि मेहतपुर में एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान पुलिस कुख्यात तस्कर निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, जसपाल सिंह उर्फ पाली और जसविंदर कौर की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। इससे पहले की गई छापेमारी में उनके कब्जे से 68 किलोग्राम चूरा पोस्त और 150 लीटर केमिकल युक्त शराब बरामद की गई थी। खख ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर हवेली टावर कॉलोनी, मेहतपुर में झिलमन सिंह उर्फ निम्मा से जुड़े परिसर में छापेमारी की गई। पुलिस ने शराब उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जहरीले रसायनों के छिपे हुए भंडारण से जुड़े एक बड़े पैमाने पर अभियान का पर्दाफाश किया। फर्श के नीचे छिपे 1000 लीटर के दो प्लास्टिक टैंक मिले, जिन्हें भूमिगत पंप सिस्टम में बिजली के तारों का पता लगाकर खोजा गया।

# सौर ऊर्जा के लाभार्थियों ने सीएम विष्णु देव साय का माना आभार

## क्रेडा सीईओ राजेश सिंह राणा ने सौर ऊर्जा संयंत्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की सौर आधारित गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप कार्यो की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने क्रेडा के सीईओ राजेश सिंह राणा द्वारा सतत रूप से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा किया जा रहा है इसी परिपेक्ष में गरियाबंद जिला के अंतर्गत राणा द्वारा गरियाबंद जिला के ग्राम गौरघाट विकासखण्ड मैनपुर में सौर सुजला योजनांतर्गत स्थापित हितग्राही जगदीश गुप्ता के यहाँ स्थापित सबमर्सिबल सौर पम्प का निरीक्षण किया गया, किसान द्वारा अवगत कराया गया कि उनके यहाँ स्थापित सोलर पंप सुचारू रूप से कार्यशील है। किसान गुप्ता द्वारा यह भी बताया गया कि उनके पास 12 एकड़ जमीन है, जिसमें से 07 एकड़ में पत्तागोभी एवं लौकी की खेती किया गया है। वह इस सौर पम्प की मदद से साल में 02 फसल ले पा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सबल हो रही है। तत्पश्चात राणा द्वारा गरियाबंद जिला के ग्राम कोकाड़ी में ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अंतर्गत स्थापित 06 किलोवॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट की निरीक्षण किया गया। संयंत्र कार्यशील है। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा संयंत्र की क्षमता बढ़ाने का निवेदन राणा समक्ष किया गया। जिस पर राणा द्वारा संयंत्र की क्षमता बढ़ाने हेतु विस्तृत सर्वेक्षण कर प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश क्रेडा जिला प्रभारी, गरियाबंद को दिये गये। सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम कोनारी में जल जीवन मिशन फेस-02 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमे क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर पम्प कार्यशील पाया गया, उक्त संयंत्र के माध्यम से गांव वालों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है, जिसका लाभ ग्रामवासियों को मिल रहा है। ग्रामवासी इस संयंत्र से बहुत खुश है एवं एक अतिरिक्त सोलर पंप की मॉग सी.ई.ओ क्रेडा के समक्ष रखी गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत खेतों में स्थापित किये गये सोलर सिंचाई पंप के सुधार हेतु अनुरोध किया गया। जिस पर राणा द्वारा क्रेडा के उपस्थित अधिकारियों को संयंत्र के त्वरित सुधार हेतु निर्देशित किया गया एवं ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि संयंत्र में किसी प्रकार से समस्या आने पर अपनी शिकायत सौर समाधान ऐप के माध्यम से दर्ज करा सकते है एवं शिकायत पर हुई कार्यवाहियों की अद्यतन स्थिति भी देख सकते है। गरियाबंद क्षेत्र में सौर ऊर्जा से लाभांवित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय की प्रति आभार व्यक्त किया है।

# आदमखोर भालू की तलाश में जंगलों की खाक छान रहा वन विभाग का अमला, रायपुर के जंगल सफारी टीम कर रही है तलास

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



### मौके पर पहुंची विधायक

घटना की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी मौके पर पहुंची। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया साथ ही संबंधित वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल मुआवजा प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। जिस पर वन विभाग ने क्रियाक्रम के लिए तत्काल 25-25 रुपए की राशि दी। वन विभाग के अनुसार मृतक के परिजनों को चार से 6 लाख करीब मुआवजे की राशि मिलेगी।

डोंगरकट्टा गांव में भालू के हमले से दो लोगों की जान चली गई है वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिसके बाद भालु की दहशत से पूरा गांव थर्राया हुआ है। भालू प्रभावित इलाकों में जहां एक ओर ग्रामीण दहशतजदा हैं तो आदमखोर हुए भालू की तलाश में पूरा वन विभाग का अमला जंगलों की खाक छान रहा है। आसपास गांव के लोग भी आतंक से दहशत में हैं जिस गांव में हमला किया वहां के लोग सजग हो गए। साथ ही अन्य गांव के लोग अब और ज्यादा चौकन्ने हैं। वजह यह कि आदमखोर भालू का लोकेशन अब तक नही मिल पाया है। पकड़ने के लिए वन विभाग के साथ तमाम विभाग और उसके बड़े अफसर लगे हैं। लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। जंगल सफारी रायपुर की टीम, तथा आलोक बाजपाई डीएफओ कांकेर,डॉ राकेश शर्मा एक्सपर्ट सहायक वन संरक्षक, अभिनंदन तिवारी ड्रोन कैमरा टीम, जसवीर सिंह मरावी सहायक वन संरक्षक कोरर, मनीष जैन और कांकेर की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर भालू को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया और भालू का लोकेशन पता करने के लिए जेसीबी मशीनों के सहारे पूरे जंगल का खाक छान डाला मगर भालू का पता नही चल पाया। वही आसपास के गांव में वन विभाग की टीम माइक के माध्यम से भालू से सतर्क रहने की हिदायत भी दे रहे हैं।आपको बता दें शनिवार को डोंगरकट्टा गांव के जंगल में भालू ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया था। जो पिता और पुत्र है वहीं एक अन्य ग्रामीण सहित एक वन कर्मी भी घायल हो गए। इस घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी एक्सपर्ट की टीम के साथ भालू को पकड़ने के लिए उसकी तलाश कर रहे है। टीम ने रात से ही भालू के लोकेशन पता करने ड्रोन कैमरा के माध्यम से जानकारी जुटाने का प्रयास किया लेकिन भालू का पता नही चल पाया है।

# हनुमान मंदिर से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

मुल्ला रोड में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी के मूर्ति में सज्जित चांदी के हार को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसपर थाने में अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया जांच के दौरान मंदिर के आसपास के ष्ट्टञ्जङ्क फुटेज को खंगाला गया जिसपर आरोपी के पतातलाश और पहचान के लिए मुखबीर तैनात किया गया। पतातलाश में जानकारी मिला की फुटेज में दिखने वाला संदिग्ध भइसकंहार का रहने वाला है जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी कार्तिक विश्वकर्मा पिता भारत राम उम्र 31 वर्ष पता भैसाकन्हार के घर से चोरी किया हुवा चांदी का चैन बरामद किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# हत्या के आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



सेमरापारा अंतागढ़ रोड में AP मोटर गैरेज में काम करने वाले दो मजदूरों के बीच शराब के नशे में विवाद पर एक मजदूर के द्वारा दूसरे मजदूर का लकड़ी से सर पर मारकर हत्या। 17 जनवरी को थाना भानूप्रतापुर में डायल 108 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ की सेमरापारा आंतागढ़ रोड में स्थित AP मोटर गैरेज में एक व्यक्ति जिसके सर से खून बह रहा है मृत हालत में पड़ा हुवा है सूचना की तत्काल जाँच कर उक्त व्यक्ति की पहचान न हो पाने से शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित रखवाया गया जिसके पश्चात गैरेज के मालिक से संपर्क कर मृत व्यक्ति के बारे में पूछताछ किया गया जिससे पता चला कि मृतक का नाम संदेश कुमार उर्फ संजू है जो रायसेन जिला एमपी का रहने वाला है और गैरेज में काम करता है पुलिस द्वारा तत्काल उनके परिजनों को सूचित किया गया, जिसके बाद दिनांक 18-01-2025 मृतक के परिजनों के आने के पंचनामा कार्यवाही के पश्चात थाना भानूप्रतापुर में हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर तत्काल पूछताछ कार्यवाही शुरू किया गया गैरेज मालिक से पूछताछ में पता चला कि मृतक के ही गांव का एक अन्य मजदूर गैरेज में काम करता था जिसने मालिक को कॉल करके बताया था कि दोनों शाम को एक साथ दारू पिए और दोनों के बीच विवाद हो गया जिसके बाद से ही आरोपी अपना मोबाइल बंद करके फरार हो गया। प्रकरण में तत्काल उ. म.नि.एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला (IPS) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल (IPS) एवं SDOP प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर आरोपी का पतातलाश किया गया। जिसमें आरोपी को भानुप्रतापपुर के रेलवे स्टेशन के पास से लुकते छिपते पकड़ा गया जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी जोगेन्दर द्वारा शराब के नशे में विवाद होने पर वही पड़े लकड़ी से हत्या करना कबूल किया जिसे आज दिनांक 19-01-2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया ।

# जल जीवन मिशन से हसलनार में बदलाव की शुरुआत




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की समस्या से न केवल जीवनशैली प्रभावित होती है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं और आर्थिक कठिनाइयां भी जन्म लेती है। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान न किया जाए, तो यह भविष्य में और गंभीर रूप ले सकती है। इस समस्या का समाधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन जैसे योजना लाकर किया है। कोंडागांव जिले से लगभग 32 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हसलनार में प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच ने जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से बदलाव की शुरुआत हुई है। इस योजना के तहत ग्राम में प्रत्येक घर को नल से जलापूर्ति का कनेक्शन प्रदान किया गया। गाँव में कुल 288 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन स्थापित किए गए, और इस तरह ग्राम हसलनार हर घर जल ग्राम घोषित हुआ है।

जल जीवन मिशन मिशन ग्राम हसलनार के लोगों के लिए एक बदलाव की शुरुआत कर दिया है। पहले जहाँ गाँव के लोग पीने के पानी के लिए हैंडपंप और कुआं पर निर्भर रहा करते थे वही आज गाँव के लोग घर पर ही पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना ने विशेष रूप से महिलाओं के जीवन को आसान बनाया है। नल से जल आपूर्ति ने महिलाओं को पानी की चिंता से मुक्त कर दिया है।

# पीड़िता को डरा धमका कर लगातार करता रहा अनाचार

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पीड़िता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि, वर्ष 2018 में कोंडागांव जिले के ग्राम पासंगी का रहने वाला रितेश मरकाम पीड़िता को नदी किनारे घुमाने के बहाने ले जाकर लाड़ी में नाबालिग जाने हुये पीड़िता को शादी करूंगा कहकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना कर अनाचार किया। उसके बाद पीड़िता को जब भी अकेले पाता था गांव में सब को बता कर तेरा बदनाम कर दूंगा कहकर डरा धमका के पीड़िता के साथ बीच-बीच शारीरिक संबंध बनाते आ रहा था। 16 जनवरी को पीडिता के घर में आकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर अनाचार किया और कोई भी घर परिवार वाले पीड़िता के लिए शादी के लिए रिश्ते का बात करते थे। तो पीड़िता को गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता था। 17 जनवरी पीड़िता को अश्लील गाली गलौज करते हुये पीड़िता के साथ मारपीट किया। पीड़िता के रिपोर्ट के आधार पर अपराध कमांक 06/2024 धारा 376(2) (ढ), 331(4), 324(4), 351(2), 127(2), 296 बीएनएस., 4.6 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी रितेश मरकाम उर्फ रीतू निवासी पासंगी प्लाटपारा थाना फरसगांव को 18 जनवरी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजी गया।

# कोंडागांव में पहली बार नशे के सौदागरों पर बड़ी कार्रवाई




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए पहली बार नारकोटिक्स एक्ट के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में दो नाबालिगों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस की इस बड़ी सफलता से जिले में नशे के अवैध व्यापार पर रोक लगाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया गया है। सिटी कोतवाली कोंडागांव के प्रभारी निरीक्षक एसआई शशि भूषण पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक येदुवेल्ली अक्षय कुमार के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत और निकाय चुनाव से पहले शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली थी, कि कोंडागांव कोतवाली क्षेत्र में गांजा की अवैध बिक्री हो रही है। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें शिबू चक्रवर्ती, सुरेश बंजारा, पवन कुमार नामदेव, लखेश्वर नेताम, कृष्णा धारगाय, कृष्णा साहू, उर्फ खाडू, अमितदास उर्फ मिस्टी, रोहित कोर्राम, रौनक सोनानी, तोमेश देवांगन, और सन्नी चक्रवर्ती शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार सिमगा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202412210100015 अ/59. वर्ष 2024-25
साकिन- मोहभट्ठा प.ह.नं. 21

एतद द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक संचालक, उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ उद्योग भवन रिंग रोड नं.01, तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.) ने पत्र क्रं./145/ अधोविक/ भू.अ./2024 / 17076 रायपुर दिनांक 05 दिसम्बर 2024 के माध्यम से औद्योगिक प्रयोजन हेतु ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित शासकीय भूमि कुल खसरा नंबर 37 कुल रकबा 14.108 हे. भूस्वामि उद्योग विभाग को हस्तांतरण करने हेतु प्राप्त हुआ है। उन्होंने पत्र के साथ संयुक्त सथल निरीक्षण प्रतिवेदन मय अन्य दस्तावेज संलग्न किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 06-02-2025. तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया।

तहसीलदार
सिमगा


# 5वीं छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप

# आरकेएम महिला फुटबॉल टीम ने डौंडी महिला टीम को हराया

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्त्वावधान में 5वी छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप का आगाज 12 जनवरी 2025 को हुआ था। उसी चैंपियनशिप के तहत 18 जनवरी दिन शनिवार को आर के एम महिला टीम का दूसरा मैच डोंडी के गर्ल्स फुटबॉल क्लब के विरुद्ध खेला गया, जिसमें आर के एम टीम 5-1 से शानदार जीत हासिल की। खेल के शुरू में आर के एम टीम के जर्सी नम्बर 7 मुस्कान ने खेल के 6 मिनट में पहला गोल किया। खेल के 24वे मिनट पर 11 नंबर जर्सी रिपिका कोर्राम ने एक गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। 38वे मिनट पर 12 नंबर जर्सी भूमिका देवांगन ने एक और गोल की। प्रथम हाफ के आखरी मिनट पर डोंडी टीम के 10 नम्बर जर्सी शिवानी के एक गोल से प्रथम की समाप्ति तक स्कोर 3-1 रही। द्वितीय हाफ में आर के एम टीम से हेमवती बघेल और कृतिका पोयाम ने 61वे और 67वे मिनट पर एक एक शानदार गोल से आर के एम 5-1 का स्कोर हासिल कर लिया। डोंडी टीम के गोलकीपर सोनम साहू की खेल को सभी दर्शकों ने सराहना की। रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर द्वारा संचालित दूसरी टीम माँ सारदा फुटबॉल अकादमी का मैच डोंडी टीम के साथ रविवार 19 जनवरी को सुबह 9 बजे आश्रम मैदान में खेला जाएगा। रामकृष्ण मिशन के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद महाराज ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और कहा हमें आशा है हमारी नारायणपुर के बालिकायें अगर इस प्रकार मेहनत करते रहे तो बहुत जल्द राष्ट्रीय ही नही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना प्रदर्शन करेंगे।


**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में जिसे इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) के पास बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री और शाखा कार्यालय में:- "पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, सीजी 492001 आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया विनियमन) 2016 के विनियम 21(ए) के तहत विनियम 37 के साथ पठित आईबीसी, 2016 की धारा 52 के साथ पठित और आईआईएफएल-एचएफएल की बकाया राशियों की वसूली के लिए "जहां है जैसा है और बिना किसी संसाधन के आधार पर बेचा जा रहा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|
| 1. 0 प्लूटस इन्फ्रावेंचर्स प्रा. लि. 2. श्री राज कुमार देवांगन 3. श्रीमती स्मृति देवांगन 4. श्रीमती चन्द्र मोहिनी देवांगन (प्रोस्पेक्ट नं. 765380) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि (सम्पत्ति-1) मौजा अमलीडीह, केएच नं. 229/1, 229/2, 229/3, 229/4, 229/5, 230/1,230/2, 231/1, 231/2, 231/4, 231/5, 231/6, 231/7, पीएच नं.-114/45, वार्ड नं. 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, "साई ड्रीम्स सिटी", प्रथम तल, फ्लैट नं. एच/102, आर.एन.एम, रायपुर-02, तह. और जिला रायपुर (सी.जी) क्षेत्रफल 850 वर्ग फीट | रु. 14,00,000/- (रु. चौदह लाख मात्र) (सम्पत्ति नं. 1 हेतु) जमा धरोहर राशि (ईएमडी): रु. 1,40,000/- (रु. एक लाख चालीस हजार मात्र) (सम्पत्ति नं. 1 हेतु) बोली वृद्धि राशि : रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) (सम्पत्ति नं. 1 हेतु) |
| | (सम्पत्ति-2) अमलीडीह, केएच नं. 229/1, 229/2, 229/3, 229/4, 229/5, 230/1, 230/2, 231/1, 231/2, 231/4, 231/5, 231/6, 231/7, पीएच नं.-114/45, वार्ड नं. 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, "साई ड्रीम्स सिटी", प्रथम तल, फ्लैट नं. एच/101, आर.एन.एम, रायपुर-02, तह. और जिला रायपुर (सी.जी) क्षेत्रफल 850 वर्ग फीट | रु. 14,00,000/- (रु. चौदह लाख मात्र) (सम्पत्ति नं. II हेतु) जमा धरोहर राशि (ईएमडी): रु. 1,40,000/- (रु. एक लाख चालीस हजार मात्र) (सम्पत्ति नं. II हेतु) बोली वृद्धि राशि : रु. 25,000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) (सम्पत्ति नं. II हेतु) |
| | दिनांक 09.01.2025 तक कुल बकाया रु. 44,32,745/-(रु. चौवालीस लाख बत्तीस हजार सात सौ पैतालीस मात्र) | |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि / समय |
|---|---|---|
| 05.02.2025 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1400 बजे | 07.02.2025 को अपराह्न 05.00 बजे | 10.02.2025 को पूर्वाह्न 1100 बजे से अपराह्न 1300 बजे |

भुगतान का प्रकारः- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाएगा। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। टिप्पणी: प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष राशि भुगतान के लिए - Login https://www.iiflonehome.com > My Bid > Pay Balance Amount.

भार/महत्वपूर्ण जानकारीः- उच्चतम बोली की स्वीकृति आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 37 के प्रावधानों के अनुसार परिसमापक द्वारा पुष्टि के अधीन है।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सुरक्षित परिसंपत्ति से संबंधित कोई भी बकाया राशि सफल उच्चतम बोलीदाता द्वारा वहन की जाएगी और आईआईएफएल एचएफएल किसी भी तरह से किसी भी बकाया राशि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

नियम और शर्तेः-
1. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com के साथ अपना विवरण पंजीकृत करना आवश्यक है, को पहले से ही लॉगिन अकाउंट, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति के साथ अपना "निविदा फॉर्म" उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम के तहत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपने प्रस्ताव में सुधार करना होगा। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ाया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) जमा करना होगा और बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान के निर्धारित भुगतान के मोड से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टांप शुल्क, व्यय, और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित बकाये का वहन करना होगा।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेनदेन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें। ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोली फॉर्म जमा करने से पूर्व।
7. विवरण के लिए, ई-नीलामी पर सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com सहायता हेल्पलाइन नं. 1800 2672 499 से संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए सोमवार से शुक्रवार 09:30 बजे से 18:00 बजे तक आईआईएफएल एचएफएल के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल पर care@iiflonehome.com लिखें
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को वापस ले लें। अन्यथा आईआईएफएल-एचएफएल किसी भी परिस्थिति में संपत्ति के नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा ऋणी को नोटिस दिया जाता है, यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ के पास बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त उल्लिखित राशि का भुगतान दिनांकित ब्याज और सहायक खर्चों के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ऐसा न करने पर संपत्ति को नीलाम/बेच दिया जाएगा और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा

स्थान : रायपुर, तिथि : 20.01.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# कुरूद में आयोजित जिला स्तरीय स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत देशभर के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख प्रापर्टी कार्ड का वितरण किया तथा योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी कुरूद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरु राम निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वामित्व कार्ड योजना की शुरूआत की गयी है। इस योजना से ग्राम के उन हितग्राहियों को लाभ होगा, जिनके पास भूमि तो थी, लेकिन उसका कोई पुख्ता दस्तावेज उनके पास नहीं था। उन्होंने कहा कि आज आपको एक कागज नहीं अपने संपति का अधिकार दिया जा रहा है। आप अपनी आवश्यकताओं के लिए ऋण लेकर लाभ एवं प्रगति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 12 हजार 700 स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है, जो खुशी की बात है। मै उन सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जरूरतमंदों एवं गरीबों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। मोदी की गारंटी के तहत् किये गये वादों को भी हमारी सरकार ने पूरा किया है, जिसमें प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास, किसानों को लंबित धान बोनस, महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ, धान खरीदी के पश्चात एकमुश्त अंतर की राशि का भुगतान सहित खाद्य सुरक्षा से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छता मॉडल के लिए कुरूद को जाना जाता है। हम 21वीं सदी में चौथी सबसे बडी सैन्य शक्ति वाले देश बन गये है और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आने का लक्ष्य हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रखा है। इसके लिए सड़क, पुल.पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधायें दी जा रही है। आसपास के क्षेत्र को मजबूत करने से ही देश विकसित होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता को अभियान की तरह चलाया गया और गांवों, शहरों को ओडीएफ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। स्वामित्व योजना आप सभी को अधिकार दिया जा रहा है जिससे आपका सपना साकार होगा। सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि देश के ग्रामीण जनमानस को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके जीवन को उन्नत बनाने के लिए तकनीकों का प्रयोग कर ग्राम की आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण किया गया। इस योजना से जनसामान्य को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला है। जिससे आर्थिक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने में यह योजना लाभदायक एवं कारगर सिद्ध होगी। यह प्रापर्टी कार्ड बैंकों से ऋण लेने एवं वित्तीय लाभ के लिए अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में सक्षम बनाएगा। इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि शासन द्वारा आपको स्वामित्व योजना के तहत् लाभान्वित किया जा रहा है। इससे आप शासन की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम के आरंभ में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले का प्रगति प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि जिले में अब तक 12 हजार 700 से अधिक स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जा चुका है। बीते दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धमतरी प्रवास के दौरान 9 हजार 402 कार्ड का वितरण किया गया है। वहीं जिला स्तरीय स्वामित्व कार्ड के कार्यक्रम में एक हजार 864 लोगों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिले के नगरी अनुभाग के 14 ग्राम पंचातयों में एक हजार 450 हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा शासन की मंशानुरूप शेष हितग्राहियों को भी शीघ्र कार्ड का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम डीडी मंडावी के अलावा अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज रासेयो द्वारा यातायात जागरूकता सप्ताह पर हुआ नुक्कड़ नाटक



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य म अधिकारी आकांक्षा मरकाम एवं भीखमचंद के निर्देशानुसार यातायात जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत नुक्क ड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण किया गया। यातायात के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से मुजगहन, मुजगहन से र ाबांधा से अंबेडकर चौक होते हुये महाविद्यालय तक हैलमेट पहनकर रैली निकाली तथा विवेकानंद चौक मुजगहन, र ाबांधा एवं अंबेडकर चौक में यातायात से संबंधित नुक्क ड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसमें स्वयंसेवक ने यातायात संबंधित नियम जैसे मद्यपान कर के वाहन ना चलाये, कार चलाते हुये सीट बैल्ट लगाये, दुपहिया वाहन चलाते हुये हैलमेट पहने, वाहन चलाते हुये मोबाईल का उपयोग ना करे, चौक में लगे सिग्नल को जाने, समझे, उसका पालन करे, जेब्रा ासिंग का उपयोग करे, दुपहिया में तीन सवारी ना बैठे एवं वाहन धीमा चला कर अपना कीमती जीवन बचाने को अवगत करवाया गया। इस मुहिम में स्वयंसेवकों ने चौक में उपस्थित ट्रेफिक पुलिस से भी संपर्क कर के उनकी यातायात कार्य में सहयोग प्रदान किये। उक्त जागरूकता अभियान में ललिता, वीणा, अभिलाषा, विभा, मोनिका, ओम, कुलदीप, रामानंद, परमानंद, नरेंद्र, एस, खुशी, दिगंत, विवेक, अंजली, लोचन एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# नेटवर्क विहीन क्षेत्र होने के बावजूद कमार परिवारों का हुआ आयुष्मान कार्ड पंजीयन



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने के बावजूद जिले के कमार परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए नेटवर्क की समस्या भी आड़े नहीं आई। दरअसल वनांचल नगरी के ग्राम गीतकारमुड़ा नेटवर्क विहीन क्षेत्र है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा है, इसके तहत् जब उक्त कमार बसाहट में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो नेटवर्क प्रॉब्लम आ रहा था। इस पर टीम द्वारा हितग्राहियों को गांव से 3 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम पंचायत भोथली लाया गया और आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। उक्त कार्य में स्वास्थ्य विभाग के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आदिवासी विभाग, सरपंच, रोजगार सहायक, कियोस्क व आधार ऑपरेटर, पटवारी इत्यादि उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# नगर में चल रहे निर्माणाधीन गौरव पथ का विधायक चातुरी नंद ने की औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर में बन रहे बन रहे गौरवपथ निर्माण व पोल शिफ्टिंग में बरती जा रही अनियमितताओं व अघोषित बिजली कटौती से व्यवसायियों को रही समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक चातुरी नंद द्वारा अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गौरव पथ व पोल शिफ्टिंग का निरीक्षण करने पैदल मार्च कर निरीक्षण किया। इस बीच अग्रसेन चौक पहुंचकर अनेक व्यापारियों से प्रत्यक्ष भेंटकर व्यापारियों को आ रही परेशानियों से अवगत हुई। इस दौरान व्यवसायियों द्वारा दुकान के सामने रखे पाइपों से हो रही परेशानियों पर गौरवपथ मैनेजर को इसे दूसरी जगह रखने का निर्देश दिया। पोल शिफ्टिंग कार्य में भारी लापरवाही किये जाने की शिकायत पर विधायक नंद ने विद्युत विभाग के डीई व सीएमओ को इस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। वही गौरवपथ के मैनेजर व अनेक व्यापारियों ने नगरपालिका द्वारा हनुमान मंदिर के सामने व नगर के कई स्थानों ओर समय पूर्व वृक्षो को नही काटे जाने के कारण इन स्थानों पर नाली व सड़क निर्माण का कार्य बाधित होने की शिकायत की गई। वही बताया गया कि पूर्व में नपाध्यक्ष द्वारा स्वयं खड़े होकर इन वृक्षों की कटाई की जा रही थी पर सिर्फ वृक्षो के डंगालो को काट कर छोड़ दिया गया। गौरवपथ के मैनेजर से विधायक द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि उन्हें नगरपालिका से जैसा आदेश मिला उनके द्वारा उसी तरह का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक नंद को उपस्थित व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि गौरव पथ निर्माण के तहत नवीन पोल शिफ्टिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसमें मेजरमेंट के विरुद्ध कार्य कराया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने पुराने पोल में डेंटिंग पेंटिंग कर लगाने की शिकायत की जिसे विधायक नंद ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को विधायक चातुरी नन्द ने व्यापारियों व आमजनता को निर्माणकार्य के दौरान किसी तरह की तकलीफन हो उसे ध्यान में रखते हुवे निर्माण कार्यो को शीघ्र ओर किये जाने का निर्देश दिया। गौरव पथ निर्माण निरीक्षण के दौरान नपा के दिनेश यादव, एई बजरंग आंडील, पूर्व पार्षद सुरेश भोई, कमल अग्रवाल, विजय यादव, पत्रकार दिलीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, मोहसिन मेमन, केशव अग्रवाल, जयंत यादव, रोशन नाग, अनस हुसैन, विरेन्द्र यादव, समेत व्यापारीगण और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लर्निंग लायसेंस शिविर 21 को राजिम एवं 22 जनवरी को छुरा में

**गरियाबंद।** जिले में 36वां सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार 21 जनवरी को पुराना नगर पालिका राजिम एवं बुधवार 22 जनवरी को बस स्टैंड छुरा में लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन भरकर अथवा शिविर में आकर निर्धारित दस्तावेज 8वीं, 10वीं अंकसूची या पेनकार्ड जिसमें जन्मतिथि उल्लेख हो, स्थायी पता आधार कार्ड या राशन कार्ड तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## कलेक्टर अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरण में 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद ।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम तांवरबाहरा निवासी 18 वर्षीय चुकेश कुमार का सांप काटने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन बंशीराम को 4 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह फिंगेश्वर तहसील के ग्राम हल्बापारा निवासी 35 वर्षीय रमेन्द्र कश्यप की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन रूखमणी कश्यप को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। पीड़ित परिजन को स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के भुगतान उनके संबंधित बैंक खाते में की जायेगी।

# बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने किया 'काव्यामृत' का विमोचन

पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



युवा कवि प्रेमचन्द साव'प्रेम' द्वारा संपादित राष्ट्रीय साझा दोहा संग्रह 'काव्यामृत' का विमोचन बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल,नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष सुमीत अग्रवाल द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, अरविंद मिश्रा, साहित्यकार व संपादक प्रेमचन्द साव, युवा कवि डिजेन्द्र कुर्रे, मानक मगन, पत्रकार सीडी बघेल, शुकदेव दास वैष्णव, कामेश बंजारा आदि उपस्थित रहे। शुभदा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय साझा संग्रह 'काव्यामृत'में अयोध्या उत्तर प्रदेश से डॉ.आर.के.तिवारी, रघुनाथपुर उत्तर प्रदेश से दोहा संग्रह, कुंडलिया, गीतिका संग्रह के कवि डॉ.बिपिन पाण्डेय, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण प्राप्त शिक्षक, दोहा संग्रह प्रेम के वचन, छत्तीसगढ़ी में भक्तिन दाई करमा चालीसा के कवि प्रेमचन्द साव'प्रेम, भाटापारा से दानवीर कर्ण खण्ड काव्य के कवियित्री इन्द्राणी साहू,बिलासपुर से सबके एके जात हे पुस्तक के कवि विजय कल्याणी तिवारी,किरारी बाराद्वार से रामसाय श्रीवास, रामपुर कोरबा से तिलोत्तमा पाण्डेय, कोटा से सोमप्रभा तिवारी, कसडोल से नीरामणी श्रीवास, कोरबा से और तुझको क्या दूँ के कवियित्री संतोषी'श्रद्धा'महंत, जमशेदपुर झारखंड से किरण कुमारी, अजमेर राजस्थान से पुष्पा शर्मा'कुसुम', सक्ति से भगतराम साहू, नरेंद्र वैष्णव, रायपुर से जुगेशचंद्र दास, छाल रायगढ़ से कुमार सिंह कारनिक,तीस पुस्तक से अधिक प्रकाशित कराने वाले पूर्णियां बिहार से बाबा वैद्यनाथ झा,मुंगेली से बुधराम यादव,देश के प्रसिद्ध कवि फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के डॉ.श्याम सनेही लाल शर्मा, पीपरभौना सारंगढ़ से डिजेंद्र कुर्रे, बिलासपुर से रेखराम साहू, सावित्री यादव,जांजगीर से मुकुंदलाल साहू, उमरिया मध्य प्रदेश से राजकुमार महोबिया,जांजगीर से अरुण कुमार तिवारी,भिलाई से प्रतिभा सुधीर त्रिपाठी,इंदरपुर बसना से गीता सागर चौहान आदि की रचनाएं शामिल हैं। विमोचन करते हुए बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि देशभर के प्रबुद्ध साहित्यकारों की रचनाओं को दोहा संग्रह का स्वरूप देकर राष्ट्रीय साझा संकलन काव्यामृत के रूप में प्रकाशित कर पाना बहुत ही साहसिक कर्म है,जिसे संपादक के रूप में प्रेमचन्द साव ने अपनी पूरी निष्ठा और लगन के साथ साकार किया है। छंद के श्रेष्ठ साधक, देश के जाने-माने साहित्यकार, गीतकार, कला कौशल साहित्य संगम जनसेवा संस्थान छ.ग.के संस्थापक व अध्यक्ष कौशल महंत ने पुस्तक की भूमिका लिखते हुए कहा है कि इस संकलन में दोहे के विषय का चुनाव बहुत सोच-समझकर लिया गया है। यह पुस्तक साहित्य जगत में अपनी छाप जरुर छोड़ेगी।संपादक प्रेमचन्द साव ने कहा कि साहित्य में व्यक्ति और समाज को प्रभावित करने की अपार क्षमता होती है। साहित्य समाज के मूल्यों का निर्धारक हैं और उसके मूल तत्वों को संरक्षित करना जरूरी है क्योंकि साहित्य जीवन के सत्य को प्रकट करने वाले विचारों और भावों की सुंदर अभिव्यक्ति है। सफल प्रकाशन हेतु फुलझर अंचल बसना एवं छत्तीसगढ़ के कवि व कवियित्रियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया है।

# गौ संरक्षण की एक महती आवश्यकता को ध्यान में रखकर विधायक नें गौठान में टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी विधासभा क्षेत्र के नगर पंचायत आमदी के वार्ड क्रमांक 15 और वार्ड क्रमांक 03 के गौठान में विधायक ओंकार साहू नें अपने निधि से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के सपने को साकार करते हुए गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौठान में पुरे विधि विधान से टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन किया। भूमिपूजन में उपस्थित ग्रामीणो का मानना हैं कि गौ माता में 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है। अगर एक गौ माता की सेवा करते हैं तों सभी देवी, देवता प्रसन्न हो जाते हैं जिससे परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती हैं। विधायक ओंकार साहू नें कहा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई गौठान योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गौ माता के लिए आश्रय स्थल बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत था। उन्होंने कहा गौठान योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में गौ वंश में वृद्धि हो रही थी। साथ में गौठानो में गौ वंश के लिए चारा, पानी की व्यवस्था रहती थीं जिससे दूध और दूध से बने उत्पाद में भी वृद्धि के साथ साथ क्षेत्र जैविक खेती की ओर बढ़ रहा था और महिला स्वयं सहायता समूह की बहनो को रोजगार मिल रहा था। उन्होंने कहा आज गौ वंश विरोधी भाजपा सरकार जो अपनें आप को हिन्दू धर्म का ठेकेदार बताते हैं। उनकी गौ वंश विरोधी सोच नें गौ माता संरक्षण व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूती के लिए शुरू की गयी। गौठान योजना को बंद कर दिये हैं। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से धमतरी विधायक ओंकार साहू, आकाश गोलछा ब्लॉक अध्यक्ष शहर, मनोज साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, गजेंद्र कुम्भकार नेता प्रतिपक्ष, ब्यासनारायण निषाद पार्षद, घनानंद साहू, भीखम साहू, कविता साहू, अनीता ठाकुर, तीरथ साहू, भागीरथी देवांगन, भुनेश्वरी साहू, पारसमणी साहू, ऋषभ ठाकुर, तोषण साहू, टीकेश्वर कुंभकार, खोजू साहू, भरोसा साहू, लखन साहू, जागेश्वर साहू, खोरबहरा ढीमर, यमुना साहू, प्रमोद साहू, संजू ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव, रेखु ढीमर, राजू यादव साथ में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संकुल केन्द्र तोरेसिंहा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की माक टेस्ट सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं के सभी छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम प्रतियोगी परीक्षाओं में से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष केन्द्रीय शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित किया जाता है। इसी तारतम्य में संकुल केन्द्र तोरेसिंहा के संकुल केन्द्र प्रभारी एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल कुमार प्रधान ने अपने पिता स्वर्गीय मकरध्वज प्रधान के स्मृति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा में संकुल स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन विगत दिनों भारतीय मानव जागरूकता दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। संकुल केन्द्र तोरेसिंहा के आश्रित शालाओं के सभी 41 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा पूर्व जानकारियों के लिए जैसे कम्प्यूटर डॉटाशीट फार्म में अनुक्रमांक प्रश्नपत्र क्रमांक उत्तर पुस्तिका क्रमांक हस्ताक्षर परीक्षा केन्द्र जिला व राज्य कोड सहित डॉटाशीट में प्रश्नपत्र को हलकर उत्तर निर्धारित 2 घंटे के समय में लिखने की विशेष सावधानियों के बारे में छात्र-छात्राओं के लिए नमूनार्थ प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका डॉटाशीट तैयारकर लेखनी सेट्स संकुल प्रभारी द्वारा मॉक टेस्ट के रूप में विशेष सुव्यवस्था किया गया था। इस आयोजन के लिए विशेष रूप से दिशा-निर्देशन डॉ अनिल कुमार प्रधान संकुल प्रभारी एवं प्राचार्य का रहा तथा चंद्रहास पात्र प्रधान पाठक व संकुल समन्वयक बंशीधर सिदार व्याख्याता अशोक साहू अनिता प्रधान राजेन्द्र सिंह सिदार धनश्याम चौधरी सुशील साथुआ बालमुकुंद साहू अजय प्रधान संजय प्रधान सहित प्रधान पाठकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के मॉक टेस्ट उत्तर पुस्तिका को जांच कर सफल सम्पन्न करवाने में अपना सहयोग प्रदान किये थे। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2025 के सभी प्रतिभागी बच्चों के पालकों ने इस अनूठी पहल के लिए संकुल केन्द्र प्रभारी का आभार माना।

# गरियाबंद शहर में हो रहा नशामुक्ति केन्द्र का संचालन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नशे के आदि लोगों को नशे की चंगुल से मुक्त कराने नशामुक्ति केंद्र का संचालन किया जा रहा है। साथ ही इसके लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी कर दिया गया है। नशे की लत छुड़ाने तथा नशामुक्ति केन्द्र में जरूरी ईलाज के लिए फोन नम्बर 7987688814 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिले में नशामुक्ति के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नशे के लत में पड़े हुए लोगों को लत छुड़ाने नशामुक्ति केन्द्र का भी संचालन किया जा रहा है। केन्द्र में नशा छुड़ाने जरूरी ईलाज एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाता है। डाक बंगला के पास गरियाबंद में समाज कल्याण विभाग एवं शान्ति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के सहयोग से नशामुक्ति केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। संस्था प्रमुख डॉ मनोज कुमार साहू एवं संस्था प्रबंधक खिलेश गायकवाड़ है। नशामुक्ति केन्द्र में नशा से पीड़ित व्यक्तियों का जिला अस्पताल गरियाबंद के मनोचिकित्सक विभाग द्वारा मरीज के बीमारियों का उपचार, नशामुक्ति केन्द्र में रहने व भोजन की सुविधा, योगाभ्यास व मेडिटेशन और व्यायाम की सुविधा, इनडोर गेम एवं मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध है। केन्द्र में नशे का इलाज प्राकृतिक एवं अध्यात्मिक प्रक्रिया व साइकोलाजी कक्षाओं के द्वारा किया जाता है। नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित करने का उद्देश्य समाज में बढ़ रहे नशा प्रवृत्ति के कारण उससे होने वाले सामाजिक-आर्थिक, शारीरिक व मानसिक आदि प्रवृत्तियों को रोकने हेतु शासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे शराब, गुटखा, गांजा, चरस, अफीम, सिगरेट, बीड़ी, तम्बाकू इत्यादि से पीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य का निःशुल्क इलाज़ करना।

# वेल विशर फाउंडेशन द्वारा ग्राम मधुवा में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## स्मृति में लगाए गए शिविर में 350 लोगों का हुआ परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



वेल विशर फाउंडेशन द्वारा स्व दिलीप सिंह,स्व रामायण प्रसाद साहू,स्व सजीवन प्रसाद दुबे व स्व पवन लाल प्रधान के स्मृति में ग्राम मधुवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिंसमे वंश हॉस्पिटल सीपत व स्वास्थ्य विभाग अकलतरा के टीम ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह एवं अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुरणेंद्र सिंह राणा, जनपद सदस्य दिगम्बर साहू,आशीष मिश्रा, राम कुमार साहू, सुंदर लाल प्रधान व प्रदीप कुमार दुबे शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा लागातार क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाना सहरानीय है। गांवों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक खास कर शुगर, ब्लड प्रेशर के बारे में जानकारी बहुत जरूरी है । वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा व नशा रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करते आ रही है।इसी कड़ी में आज मधुवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है जिंसमे 350 लोगो ने जांच व परीक्षण कराए। कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने कहा कि आज के इस शिविर में अपनी सेवा दे रहे वँश हॉस्पिटल सीपत व स्वास्थ्य विभाग अकलतरा के पूरे टीम व प्रदीप दुबे, सुंदर लाल प्रधान राम व वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य शरद सिंह का विशेष सहयोग रहा, उन्होंने सभी लोगों का साधुवाद किया जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया, कार्यक्रम को दिलेश्वर साहू,आशीष मिश्रा व राम कुमार साहू, पुरणेंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के अंत मे संस्था के सदस्यों द्वारा विधायक राघवेंद्र सिंह का शॉल श्रीफल व मोमेंटो से सम्मान किया। संस्था के कार्यो के बारे में संस्था के सचिव चिराग शर्मा द्वारा जानकारी दी गयी, कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र साहू व आभार प्रदर्शन शरद सिंह ने किया। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह,सचिव चिराग शर्मा कोषाध्यक्ष रंजना सिंह सदस्य शरद सिंह, मोहन कश्यप, दीपक साहू,आकाश सिंह, वीरेंद्र साहू, अभिषेक शर्मा, सतीश मानिकपुरी, सौरभ सिंह, प्रेम निर्मलकर व ग्राम मधुवा से दिगम्बर साहू, प्रदीप दुबे, सुंदर प्रधान, राम कुमार साहू, नारायण साहू, शुभम सिंह, छोटू कश्यप, शिवपाल सिंह, संतोष यादव, रथ राम कैवर्त, सूरज साहू, अशोक साहू देवी प्रसाद साहू व ग्रामवासियो के साथ साथ क्षेत्रवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# 13 श्रमिक पंजीयन,135 लर्निंग लाइसेंस तथा 500 लोगों ने लिए स्वास्थ्य शिविर का लाभ

पायनियर संवाददाता ➤ अंबागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



मानपुर विकासखंड के भर्रीटोला में विधायक इंद्रशाह मंडावी के सौजन्य से दिनांक 18 जनवरी को साप्ताहिक बाजार के अवसर पर मां दंतेश्वरी प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रखा गया था। शिविर में लर्निंग लाइसेंस तथा श्रमिक कार्ड पंजीयन सहित रक्तदान शिविर का आयोजन भी रखा गया था। स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया एवं अपना उचित इलाज करा कर स्वास्थ्य लाभ लिया। आंख जांच के लिए उमड़ी भीड़ 200 से अधिक लोगों का आंख जांच किया। उदयाचल धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय की टीम ने 200 से अधिक लोगों का आंखों का परीक्षण किया एवं परामर्श दिया। जरूरतमंदों को चश्मा का वितरण एक सप्ताह के अंदर किया जाना है। 13 नए श्रमिक कार्ड बने तथा 135 लाइसेंस के आवेदन मिले। स्वास्थ्य शिविर में श्रम विभाग के द्वारा भी नवीन श्रमिक कार्ड पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु स्टॉल लगाया गया था जिनमें 13 नवीन श्रमिक कार्ड पंजीकृत किया गया साथ ही 65 श्रमिक कार्ड को नवीनीकृत किया गया। शिविर में लर्निंग लाइसेंस का स्टॉल लगाया गया था जहां लर्निंग लाइसेंस के 135 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया निःशुल्क सेवा**-शिविर में मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से डॉक्टर प्रकाश खूंटे एम डी मेडिसिन, डॉक्टर बी एल तुलावी ई एन टी, डॉक्टर रूबी मरकाम प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉक्टर हिमांशु नामदेव शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सुभाष रावटे हड्डी रोग विशेषज्ञ, दुर्ग से डॉक्टर दंत वैद्या सरोज बेन, डॉक्टर श्रेणिक नाहटा, भिलाई हाइटेक हॉस्पिटल से डॉक्टर रंजन सेन गुप्ता, डॉक्टर सुमन राव, डॉक्टर रंजना चौधरी, मोहला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहला से डॉक्टर गौरव जैन, डॉक्टर पारस सोनी, आयुष विभाग से डॉक्टर इकबाल खान ने अपना निःशुल्क सेवा दिया। शिविर में ग्राम नवागांव से कमलेश मरकाम पहुंचे थे जो विगत दिनों से लकवा से पीड़ित है, उन्हें एम डी मेडिसिन प्रकाश खूंटे ने देखा एवं उन्हें अति शीघ्र मेडिकल कॉलेज में एडमिट होकर इलाज कराने सलाह दिया एवं मेडिकल कॉलेज में स्वयं के देख रेख में उचित एवं सफलतापूर्ण इलाज का भरोसा दिया।

# विधायक ईश्वर साहू नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ साजा
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ठेलका में कई महीनों से ग्रामवासियो और जनप्रतिनिधियों की मांग को पूरा करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने बीते रविवार को ग्राम ठेलका वाशियो को नवीन शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान की सौगात दी है द्य विधायक ईश्वर साहू ग्राम ठेलका में 10 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान का फीता काटकर लोकार्पण किया है और ग्रामवासियो को बधाई दी द्य इस दौरान विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि आपकी परेशानी को दूर करना ही पहली प्राथमिकता है। मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराने के लिए हम हर तरह से कोशिश कर रहे हैं। नए राशन दुकान खुल जाने से लोगों को राशन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इससे नागरिकों को दूसरे वार्ड की राशन दुकान का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा द्य अपने वार्डों के करीब ही लोगों को राशन उपलब्ध होगा द्यइस दौरान हीरालाल साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, बुलाक साहू मंडल अध्यक्ष,केशव पटेल,बल्लु साहू, पुन्नी यादव, लोकनाथ पटेल, परमेश्वर वर्मा, राजेश ठाकुर हनुमंत साहू, जीतेन्द्र साहू, हेमंत साहू, नेमसिंग सेन संतोश साहू, लतेलू चेलक, टेकराम निषाद पुरन साहू समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के शासकीय कैलेंडर का हुआ विमोचन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला जांजगीर चाम्पा के शासकीय कैलेंडर 2025 का विमोचन सेवा सदन सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के बिलासपुर आगमन के अवसर पर सेवा सदन में माननीय धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, भूपेंद्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, अम्बेश जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष जांजगीर चाम्पा के साथ अन्य वरिष्ठ माननीयो के कर कमलों से इस कैलेंडर का विमोचन किया गया। कैलेंडर विमोचन पर धरम लाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कर्मचारियों को नव वर्ष 2025 की शुभकामनायें संदेश देते हुये कहा कि कर्मचारियों व लिपिकों की जायज मांगो पर शासन गंभीर है, यथा समय मांगो को शीघ्र शासन पूर्ण कराने निर्णय लेगी। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर संघ के प्रदेश महामंत्री सुनील यादव ने कहा कि लिपिकों के वेतन विसंगति के निराकृत हेतु हम संघर्षरत रहेंगे। वर्ष 2025 कर्मचारियों के लिये संघर्ष का वर्ष रहेगा, निकाय चुनाव के बाद लिपिकों की वेतन विसंगति, आठवां वेतनमान, चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान सहित सभी विषयों पर शासन को अवगत कराया जायेगा। जिला जांजगीर चांपा के वार्षिक कैलेंडर विमोचन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विशाल वैभव जांजगीर चाम्पा ने की। विमोचन कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश कश्यप जिलाध्यक्ष बिलासपुर, अविनाश खण्डेल जिला संगठन सचिव, राजेश कुमार सोनी सहायक ग्रेड 02 सिंचाई विभाग नरियरा, अश्वनी बंजारे सहकारी विपणन संस्था जयराम नगर, रिकेश बंजारे वरिष्ठ अभियन्ता कोरबा, दुष्यन्त दुबे सेवा प्रबंधक बिलासपुर के साथ भारी संख्या में बेलतरा विधानसभा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सारंगढ़ के जंगल में मिला तेंदुए का शव

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़ बिलाईगढ
www.dailypioneer.com




सारंगढ़ बिलाईगढ़ वन मंडल के सामान्य व अभ्यारण्य के जंगल में वन्यप्राणियों की मौजूदगी है। पूर्व में अभ्यारण्य में कई बार शिकार का मामला सामने आ चुका है। बीते दिन सारंगढ़ सामान्य के जंगल में एक तेंदुआ की लाश मिली, लेकिन अब तक तेंदुआ के मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मिली जानकारी के मुताबिक 12 जनवरी की सुबह पैकिन सामान्य जंगल कक्ष क्रमांक 1101 पीएफ में एक नर तेंदुआ की लाश देखी गई। जब इसकी जानकारी वन अमला को लगी तो वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में आगे की कार्रवाई की गई। तेंदुआ के शव का पंचनामा कर उसका पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन अब तक उस तेंदुआ की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विश्वस्त सूत्रों की माने तो करंट तार की चपेट में आने से उसकी मौत होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ की मौत के मामले को लेकर पैकिन बीटगार्ड मनमोहन बरिया को सस्पेंड किया गया है। ऐसे में विभागीय जानकारों का कहना है कि अभी मौत स्पष्ट कारण नहीं होने की बात जब रेंज प्रभारी कर रहे हैं, तो बीटगार्ड पर कार्रवाई करने की इतनी जल्दबाजी समझ से परे है। इससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। फरवरी 2024 में गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र के कनकबीरा परिसर के कक्ष क्र. 927 पीएफ में जंगली सुअर करंट प्रवाहित तार लगाया गया था। जिसकी चपेट में आने से पूर्व में एक बाघ की मृत्यु हो गई थी।

# मानपुर विकासखण्ड में शांति से सम्पन्न हुआ नवोदय विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ मानपुर
www.dailypioneer.com



पीएम श्री नवोदय विद्यालय कक्षा 6 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा मानपुर विकासखण्ड के 8 केंद्रों में शांति से सम्पन्न हुआ। उक्त परीक्षा का निरीक्षण जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा किया गया। इस परीक्षा के लिए मानपुर विकासखण्ड में कुल 8 केंद्र बनाए गए थे जो है स्वामी आत्मानंद स्कूल सेजेस मानपुर, हायर सेकेंडरी स्कूल हथरा, हॉयर सेकेंडरी स्कूल खड़गांव, हायर सेकेंडरी स्कूल भावशा, हायर सेकेंडरी स्कूल भर्रीटोला, हायर सेकेंडरी स्कूल औंधी, शास कन्या माध्यमिक शाला मानपुर, शासकीय महाविद्यालय मानपुर उक्त 8 केंद्रों में परीक्षा सम्पन्न हुआ जिसमें बच्चो की कुल दर्ज संख्या 1634 में से कुल 1313 बच्चे उपस्थित रहे। उक्त परीक्षा में ब्लॉक के सभी केंद्रों में सफल संचालन विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अंगद राम कौर, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण मरकाम, समस्त केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके पूर्व 15 जनवरी को सभी केंद्राध्यक्ष एवं सीएललो का ओरियंटेशन कार्यक्रम और सम्मान कार्यक्रम पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य रूपेंद्र कुमार सिंह एवं सहायक प्राचार्य संजय कुमार मंडल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ गंडई छुईखदान भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का शत प्रतिशत फॉर्म भराने तथा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने तथा बच्चों का चयन कराते हुए उत्कृष्ट कार्य करने पर सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण मरकाम सर जी को तथा शिक्षक गुलाब कुमार सिन्हा शास पूर्व माध्यमिक शाला दिघवाड़ी, ओमप्रकाश मेश्राम शास प्राथमिक शाला मरार पारा मांडरी को सम्मानित भी किया गया था।

# प्राथमिक शाला टोलागांव के पालकों एवं बच्चों ने भोरमदेव दर्शन किए

पायनियर संवाददाता ➤ अम्बागढ़ चौकी
www.dailypioneer.com



शैक्षिक भ्रमण का महत्व इंटरएक्टिव लर्निंग, फील्ड ट्रिप छात्रों को जो कुछ भी सीख रहे हैं उसके साथ इंटरेक्ट करने में मदद करते है । शैक्षिक यात्राएं बच्चों को मनोरंजन भी प्रदान करती है शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से हम प्रकृति और मनुष्यों के बीच सह संबंधों को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। बच्चों को तो अपने परिवेश की बहुत सारी जानकारियां होती है और इस जानकारी को विषय व विषय वस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य होता है । इसी को ध्यान में रखते हुए शासकीय प्राथमिक शाला टोला गांव के बच्चों एवं पालकों के द्वारा भोरमदेव मंदिर, करेला भवानी मां भवानी मंदिर, मां बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ के दर्शन किए। भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के कबीरधाम से 18 किलोमीटर दूरी पर चौरा ग्राम में स्थित है। यह मंदिर एक हजार साल पुराना मंदिर है। मंदिर के चारों ओर माईकल पर्वत समूह है,जिनके मध्य में हरी भरी घाटी में यह मंदिर है ।मंदिर के सामने एक सुंदर तालाब भी है, भोरमदेव मंदिर छत्तीसगढ़ राज्य के भोरमदेव में यह मंदिर शिव जी को समर्पित है ।यह मंदिर कृत्रिम रूप से पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित है इसका निर्माण 18वीं शताब्दी के पास हुआ था। बच्चों व पालकों ने उक्त प्रकृति व मंदिरों को देखकर बहुत ही अच्छा महसूस किए ।प्रकृति व अध्यात्म की प्रति उनका लगाव निसंदेह पनपने लगेगा। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश्वरी सेवता, रूपेश्वरी साहू शिक्षिका, रुक्मणी सोनवानी उपाध्यक्ष, नंदा सोनवानी, मोनिका सोनवानी, लता निर्मलकर, अनीता सेवता, राधा कोमरे, ग्राम प्रमुख अंजोरी राम, ओमप्रकाश, दिनेश रजक, शीशपाल, अरमान, नोमेश सोनवानी, कुबेर सोनवानी सभी मौजूद रहे। उक्त शैक्षिक भ्रमण की जानकारी भजन लाल साहू प्रधान पाठक के द्वारा दी गई।

# छत्तीसगढ़ी फिल्मों के डिस्ट्रीब्यूशन में प्रवेश किया आर एलआर सिनेमा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



इस साल की सबसे बड़े बजट की फिल्म सुपरस्टार अमलेश नागेश, एल्सा घोष अभिनीत निर्माता पिंटू मोबाइल प्रस्तुत और जाने माने निर्देशक प्रणव झा की फिल्म टीना टप्पर का प्रदर्शन 24 जनवरी 2025 से सिनेमाघर में होगा। इस फिल्म से सिनेमा एक्जीबिटर्स में सबसे बड़ा नाम जो उभर कर सामने आया है आर एलआर सिनेमा जो भिलाई का प्रतिष्ठित मौर्या चंद्रा सिनेमा को नए रूप रंग में मल्टीप्लेक्स बनाकर चला रहे हैं और छत्तीसगढ़ के कई सिनेमाघरों का संचालन कर रहे हैं। फिल्म इंडस्ट्रीज में त्रिदेव के नाम से मशहूर राज, लक्की, राकेश बोले तो आर एलआर सिनेमा के नाम से फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन की ओर अपने कदम बढ़ा लिए हैं उनके द्वारा फिल्म टीना टप्पर का वितरण सिनेमाघरों में किया जाएगा। आर एलआर सिनेमा के पार्टनर्स छत्तीसगढ़ फिल्मी दुनिया की तीन नामचीन हस्थियां है। राकेश मिश्रा जो एक प्रतिष्ठ डिजिटल कंपनी से जुड़े हैं जहाँ हर छत्तीसगढ़ी फ़िल्मों को डाउनलोड कर प्रसार किया जाता है, लकी रंगशाही जो छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्मों के वितरक और सिनेमा चैन का संचालन कर रहे हैं। और राज वर्मा जो एक प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक और अभिनेता है जिन्होंने छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन तीनों का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सिनेमाघर जो विलुप्त हो रहे हैं उन्हें जीवंत कर संचालन करने का बीड़ा उठाया है, जिसे ना केवल सिनेमा मालिकों द्वारा सराहा जा रहा है बल्कि इससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा को बहुत लाभ मिल रहा है। अब इसके साथ में फिल्म का वितरण भी करेंगे, यानी सोने पे सुहागा वाली बात अगर सही मायनों में देखें तो आज छत्तीसगढ़ के सबसे ज़्यादा सिनेमा की बुकिंग इसी ग्रुप के पास है, यानी किसी निर्माता का इन तक पहुँच जाना ही इस बात को तय कर देगा कि उसकी फिल्म भव्यता के साथ छत्तीसगढ़ के हर सिनेमा में रिलीज़ होगी। साथ ही आर एल आर सिनेमा के संचालकों ने यह भी बताया कि फिल्म के निर्माताओं पर पड़ने वाले वितरक की फीस का भार भी बहुत कम रहेगा जिससे निर्माताओं को लाभ होगा।

### 'आवास प्लस' ऐप के माध्यम से किया जा रहा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का सर्वे

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सर्वे के लिए नई प्रक्रिया लागू, सभी पात्र परिवारों का होगा समावेश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को आगामी 5 वर्षों (वर्ष 2024-25 से 2028-29) तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास की पात्रता रखने वाले सभी परिवारों का नाम 'आवास प्लस सूची' में शामिल किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार, जिलों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों का सर्वे 'आवास प्लस' ऐप के माध्यम से किया जा रहा है।

**सर्वे के लिए प्रगणक का पंजीकरण अनिवार्य**-सर्वे कार्य की सफलता के लिए आवास प्लस ऐप का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया गया है, और प्रगणक का पंजीकरण 'आवास प्लस पोर्टल' पर अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया में ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि पात्र परिवार सर्वे से वंचित न रहें। यदि किसी कारणवश कोई पात्र परिवार छूट जाता है, तो हितग्राही ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते हैं।


**पात्र परिवार स्वयं कर सकते हैं जानकारी अपलोड**-पात्र परिवार अपनी जानकारी स्वयं आवास प्लस ऐप के माध्यम से भी अपलोड कर सकते हैं। यह सुविधा उन परिवारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो अपने सर्वे के लिए स्थानीय अधिकारियों तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र या रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है।

**सर्वे में शामिल नहीं होंगे ये परिवार**-भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के लिए संशोधित मापदण्ड भी जारी किए गए हैं, जिनके तहत कुछ विशेष परिवारों को योजना से बाहर रखा गया है। इन मापदण्डों के अनुसार, निम्नलिखित परिवार योजना के लिए पात्र नहीं होंग इनमे जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया या चौपहिया वाहन हो। मशीनीकृत कृषि उपकरण रखने वाले परिवार। जिनके पास रु. 50,000 या इससे अधिक ऋण सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड हो। जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। जिनके पास सरकार द्वारा पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम हो। जिनके परिवार का कोई सदस्य रु. 15,000 या उससे अधिक प्रति माह कमा रहा हो 7 आयकर देने वाले परिवार। व्यवसाय कर देने वाले परिवार। जिनके पास 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि हो। जिनके पास 5 एकड़ या उससे अधिक असिंचित भूमि हो आदि शामिल हैं। यह सर्वे कार्य पूरी तरह निःशुल्क है और प्रगणकों द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति सर्वे के दौरान या किसी अन्य स्तर पर किसी भी प्रकार की राशि की मांग करता है, तो हितग्राही तुरंत संबंधित जनपद पंचायत या जिला पंचायत में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र परिवारों को सुनिश्चित करने का यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण भारत के नागरिकों को बेहतर आवास सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

# बच्चों को लुभा रही नयी पोशाक




**अम्बागढ़ चौकी ।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी के सुदूर अंचल में बसा ग्राम घावड़ेटोला स्थित प्राथमिक शाला के शिक्षकों की अभिनव पहल आज साकार होती दिखाई दे रही है। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को नई पोशाक देकर उन्हें शिक्षा से जोड़े रखने की ओर कदम आगे बढ़ाया गया। शाला प्रबंध समिति के सदस्यों और पालकगणों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ ही बच्चों के लिए भी समर्पित होने के भाव जागृत किया गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि बस्ताविहिन बच्चों को पालकगणों के सहयोग से नयी पोशाक प्रदान की गयी। जिसे पाकर सभी बच्चों में नया उल्लास भर गया। साथ ही शिक्षा को भी नये स्वरूप में संवारने का कार्य सतत क्रियाशील है। जिसकी नींव शाला के प्रधानपाठक श्रीमती प्रज्ञा खोब्रागढ़े एवम सहायक शिक्षक मनोज कुमार चंद्रवंशी ने रखी। साथ ही इस अवसर पर सभी पालकगणों को धन्यवाद सह बधाई प्रेषित की गयी।



# नए बंगले में जल्द गृह प्रवेश करेंगे विराट-अनुष्का

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली इन दिनों भारत में हैं और लगातार किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं. इसी बीच स्टार कपल को हाल ही में अलीबाग स्थित अपने नए घर की तरफ जाते हुए देखा गया. इसी बीच विराट-अनुष्का का नया वीडियो सामने आया है, जिसने उनके फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है. इस नए वायरल वीडियो में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के अलीबाग वाले नए बंगले को दिखाया गया है, जिसे गृह प्रवेश पार्टी से पहले फूलों से सजाया जा रहा है. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. अलीबाग बंगले में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा स्टार कपल

इंटरनेट पर वायरल हो रहा विराट-अनुष्का के नए घर का नया वीडियो पैपराजी वरिंदर चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है. इस वीडियो में स्टार कपल के अलीबाग स्थित नए बंगले का सामने का दरवाज़ा दिखाई दे रहा है, जो फूलों से सजा हुआ है. ऐसे में इस वीडियो के सामने आने के बाद अंदाजा लाया जा रहा है, कि यह गृहप्रवेश पार्टी की तैयारी का संकेत है.

### गेटवे ऑफ इंडिया पर स्पॉट हुए पूजा सामग्री के साथ पुजारी

आपको बता दें कि इसके पहले गेटवे ऑफ इंडिया स्थित फेरी टर्मिनल का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कई लोग एक पुजारी के साथ पूजा सामग्री को स्पीडबोट पर लादते हुए दिखाई दे रहे थे. जिसके बाद से ही विराट और अनुष्का के फैंस यह कयास लगा रहे हैं, कि कपल अलीबाग में अपने नए घर में गृह प्रवेश की तैयारियों में जुटा हुआ है.

### आलीशान बंगले में स्विमिंग पूल का भी लुत्फ उठाएंगी अनुष्का

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विराट कोहली ने साल 2023 में अलीबाग में एक आलीशान विला खरीदा था, जो 2000 वर्ग फीट में बना हुआ है और इसकी कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए है. इस विला में 400 वर्ग फुट का स्विमिंग पूल है. इसके अलावा उन्होंने कपल ने अलीबाग में 19.24 करोड़ रुपए में एक फार्महाउस भी खरीदा है.

### Allu Arjun की फिल्म पर आया सबसे बड़ा अपडेट

# Pushpa 3 में किन चीजों को खास बनाएंगे डायरेक्टर सुकुमार?



**अल्लू** अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. फिल्म आज भी लगातार कमाई कर रही है, जिस वजह से कास्ट से लेकर मेकर्स तक खुश है. कुछ समय पहले ही अपडेट आया था कि मेकर्स फिल्म का तीसरा पार्ट भी बनाने वाले हैं. पुष्पा 2 की एंडिंग में फिल्म के तीसरे पार्ट का हिंट दिया गया है और अब इस फिल्म पर बड़ा अपडेट आ गया है

. फिल्म पुष्पा के दोनों पार्ट का हिस्सा कंपोजर देवी प्री प्रसाद भी रहे हैं और अब वह फिल्म के तीसरे पार्ट का हिस्सा भी रहने वाले हैं. उन्होंने पुष्पा 3 पर बड़ा अपडेट दिया है. देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा 3 को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. उन्होंने बताया है कि फिल्म पुष्पा 2 के जबरदस्त क्रेज को देखते हुए सुकुमार इस फिल्म पर बिना वक्त गवाए अब काम कर रहे हैं. उनका पूरा फोकस फिल्म के एक-एक सीन और कहानी पर है. इस बार पुष्पा 3 में कई चीजें सेट की जाएंगी. तीसरे पार्ट के लिए हम लोगों के पास बहुत सारे आइडियाज हैं और जिन्हें पूरा करने पर एक शेप मिलेगा. फिल्म पुष्पा 2 के सक्सेस पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि मैं फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार का, अल्लू अर्जुन , प्रोड्यूसर्स और जो भी लोग इस फिल्म के दोनों पार्ट का हिस्सा थे. मैं भाषा और लिरिस्ट में कॉन्ट्रिब्यूशन देने वाले लोगों का भी शुक्रगुजार हूं. इसके आगे पुष्पा 2 के ग्रैंड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर देवी श्री प्रसाद ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो हम लोगों को पता था कि पुष्पा के पाद पुष्पा 2 जरूर हिट होगी. इस फिल्म से लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें थीं और इसी वजह से हमारे सामने कई सारे चैलेंजेस भी थे, लेकिन हमें इस फिल्म के लिए दुनिया भर से लोगों का प्यार मिला. फिल्म ने तुलुगू, हिंदी, कन्नड़ और बाकी भाषाओं में तो कमाल ही कर दिया. यहां तक कि महाराष्ट्र, कश्मीर, नेपाल और कई देशों से भी अपार प्यार मिला. जिसके लिए शुक्रगुजार हूं.

# Baahubali के डायरेक्टर संग काम करने हैदराबाद पहुंचीं Priyanka



**बॉलीवुड** की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में काम कर रही हैं, लेकिन अब वह भारतीय फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं. प्रियंका काफी सालों से किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं, लेकिन बीते दिनों ही खबर आई थी कि प्रियंका चोपड़ा ने बाहुबली के डायरेक्टर एसएस राजामौली से हाथ मिलाया है. वह राजामौली की एक फिल्म में नजर आने वाले हैं. इन सब खबरों के बीच प्रियंका चोपड़ा इंडिया लौट आई हैं. उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख फैंस भी खुश हो गए हैं. दरअसल, प्रियंका चोपड़ा को हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है. एक्ट्रेस के इस मौके से एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में प्रियंका कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर की हुडी और लॉअर पहना है. साथ में उन्होंने अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए एक टॉपी भी पहनी है. प्रियंका एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए नीचे देखकर चल रही हैं. प्रियंका वीडियो में पैपराजी को देखकर स्माइल को करती दिख रही हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने एयरपोर्ट पर रुककर एक भी पोज नहीं दिया. सोशल मीडिया पर उनका वीडियो वायरल हो रहा है. फैंस अब प्रियंका के हैदराबाद आने की वजह पूछ रहे हैं. कई लोगों का मानना है कि वह राजामौली की फिल्म में काम करने ही यहां पर आई हैं.

# अभिनेत्री के साथ पटकथा लेखिका भी हैं हनी ईरानी



**हनी** ईरानी भारतीय फिल्म इंडस्ट्री का एक महत्वपूर्ण नाम है। अभिनेत्री के साथ वह पटकथा लेखिका और फिल्म निर्देशक भी हैं। हनी ईरानी ने अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाईं, जिनमें यार की प्यास (1961), चिराग कहां रोशनी कहां और बॉम्बे का चोर जैसी फिल्में शामिल हैं। हनी ईरानी का परिवार का भारतीय सिनेमा में बड़ा योगदान है। वह एक ऐसे फिल्मी परिवार से आती हैं, जहां सिनेमा के हर पहलू में उनके परिवार के लोगों की भूमिका रही है। उनकी संतानें भी बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुकी हैं। हनी ईरानी का जन्म एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, जिसमें उनके पांच भाई-बहन मेनका ईरानी, बनी ईरानी, सरोश ईरानी, और डेजी ईरानी थे।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने रूपाली गांगुली मामले पर सुनाया फैसला



ईशा वर्मा और रूपाली गांगुली के बीच चल रहे विवाद में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। इस मानहानि मामले पर रुपाली को राहत मिली है। बॉम्बे हाइकोर्ट ने अभिनेत्री रूपाली गांगुली को उनकी सौतली बेटी ईशा वर्मा के मानहानि मामले में राहत दे दी है। अदालत ने प्रतिवादियों और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को रूपाली के बारे में अपमानजनक सामग्री प्रकाशित होस्ट और साझा करने से रोक दिया। आरोप लगे कि रूपाली गांगुली के पति की पहली शादी से बेटी ईशा वर्मा हैं। उन्होंने अभिनेत्री की प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए लगातार पोस्ट किए।

**पीठ ने सुनाया ये फैसला**

बॉम्बे हाई कोर्ट की एकलपीठ ने रूपाली की याचिका में पेश किए गए साक्ष्यों की समीक्षा की। सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और लेखों का संकलन शामिल था। इसमें मानहानि करने वाले बयान शामिल थे। इसमें सोशल मीडिया पोस्ट साक्षात्कार और कई लेख भी शामिल थे। पीठ ने पाया कि यह सामग्री पहली नजर में ही अपमानजनक हैं। नोटिस दिए जाने के बाद भी ईशा वर्मा अदालत में पेश नहीं हुई। पीठ ने रूपाली गांगुली के खिलाफ कोई भी अपमानजनक पोस्ट, वीडियो या सामग्री प्रकाशित करने पर रोक लगाई।

# वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग




**अनुराग** सिंह द्वारा निर्देशित बॉर्डर 2 की शूटिंग बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने शुरू कर दी है। फिल्म के निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।

झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निर्माता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निर्माता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है।

# अजय देवगन की सन ऑफ सरदार-2 की रिलीज डेट से उठा पर्दा

अजय देवगन स्टारर साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म सन ऑफ सरदार ने लोगों को एंटरटेन करने के साथ ही खूब हंसाया भी था. इस फिल्म में अजय के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आई थीं. ऐसे में फैंस इस फिल्म के सीक्वल का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. हालांकि दर्शकों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है. अजय देवगन इस सन ऑफ सरदार 2 के साथ एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. जल्द ही यह मूवी थिएटर्स में दस्तक देने वाली है, क्योंकि इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है.



ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज से डेट से पर्दा उठाते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है. तरण ने अपनी पोस्ट में लिखा, अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट लॉक हो गई है... 25 जुलाई 2025 को यह फिल्म रिलीज होगी, जो साल 2012 में आई सन ऑफ सरदार की सीक्वल है. अजय देवगन और मृणाल ठाकुर स्टारर फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है.

# Saif Ali Khan पर हुए हमले पर फूटा Raveena Tandon का गुस्सा

### सेफ्टी पर उठा दिए सवाल

**गुरुवार** सुबह तड़के पटौदी खानदान के इकलौते वारिस और एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले ने हर किसी को हैरान कर दिया है. सैफ पर चाकू से हमले की खबर ने जहां हर किसी को हिलाकर रख दिया, वहीं अब बड़ी ही तेजी से इस पर सेलेब्स के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं. इसी बीच सैफ पर हुए हमले को लेकर एक्ट्रेस रवीना टंडन का गुस्सा भी फूटा है. उन्होंने सेलेब्स को टारगेट करने और बांद्रा की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं. सैफ पर हुए हमले को गंभीरता से लेते हुए रवीना टंडन ने इस पर रिएक्ट किया है. एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, बांद्रा एक सेफ रिसेडेंशियल एरिया था, लेकिन अब यहां फेमस सेलेब्स और सॉफ्ट टारगेट को अपना निशाना बनाया जा रहा है. ये घटना बड़े पैमाने पर हो रही है. उन्होंने आगे लिखा, यहां क्रिमिनल बढ़ रहे हैं, बाइक्स पर तेजी से आने वाले फोन और चेन छीनकर भाग रहे हैं. यहां सख्त कदम उठाने की जरूरत है. वहीं एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में सैफ अली खान के जल्दी रिकवर होने की भी कामना की है.





# स्थानीय चुनावों में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी : सीमा अनंत

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक संपन्न हुआ बैठक में महिला कांग्रेस के पदाधिकारी हुआ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए हैं जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने बताया कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार के लचर क़ानून व्यवस्था से आम जनता त्रस्त व परेशान हैं महँगाई चरम पर है बेरोज़गारी के चलते युवा परेशान हैं ग़रीब व मध्यम परिवार को घर चलाना मुश्किल हो गया है यहाँ पर भाजपा सरकार बड़े व पूंजीपतियों के लिए काम कर रही हैं हत्या लूट चोरी बलात्कार रेप जैसी घटनाएँ आम हो गई है यहाँ पर महिलायें सुरक्षित नहीं दिख रही है ,सरकार के हाथों से क़ानून व्यवस्था से निकल गई ! बढ़ती महँगाई लचर क़ानून व्यवस्था महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हमको स्थानीय चुनावों में लोगो तक पहुंचना है और सरकार की कथनी और करनी को उजागर करना है सभा में शहर अध्यक्ष वर्षा रानी ठाकुर शारदा चंद्रवंशी , गंगोत्री योगी , नारायणी , मंजू बंगाली , तरणी ठाकुर, बेला शर्मा, सकुन पात्रे,ज्योत्सना सत्यवंशी वतन मेरावी नीरू अनंत पार्वती सोनी रचना कोशले सरिता ठाकुर श्यामबती गोसाई हेमकुमारी कोशले मदीना कोशले अनिता धुर्वे संजिया पटेल रानी जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# दो दिवसीय संत समागम समारोह में 101 दीपों के साथ की गई चौका आरती

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम अकलवारा में सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली एवं समस्त ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वावधान में धर्मनगरी अकलवारा में दो दिवसीय संत समागम मेला का आयोजन विगत 17 और 18 जनवरी को सम्पन्न हुआ। इसमें प्रथम दिवस प्रातः 9:00 बजे से 12:00 तक संतो महंतो व ग्रामवासियों के द्वारा बहुत ही सुंदर शोभायात्रा निकाली गई। जो गाँव की गलियों से होती हुई वापस सत्संग स्थल पर पहुंची। पहले दिन बालिका सत्संग ग्रंथ मंडली सहसपुर के द्वारा सुंदर भजन सत्संग का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात आमिन माता सत्संग ग्रंथ मंडली लेंजवारा के द्वारा सद्गुरु कबीर के सुंदर वाणी वचनों को भजन एवं सत्संग के द्वारा सुनाया गया। उसके पश्चात महंत सजीवन दास जी के द्वारा सुंदर भजन एवं सत्संग का कार्यक्रम हुआ। दूसरे दिवस प्रातः गुरु महिमा का पाठ हुआ। उसके पश्चात आए हुए सभी संतो महंतों, सजीवन दास, महंत ओहंग दास के द्वारा भजन सत्संग का कार्यक्रम हुआ। महंत ओहंग दास ने अपने सत्संग में कहा कि सतगुरु कबीर साहेब के बताये हुए मार्ग पर चलकर ही मानव की मुक्ति संभव है। अन्य कोई रास्ता नहीं है। सद्गुरु कबीर साहेब के द्वारा दिये गये मूलमंत्र सत्यनाम का स्मरण करके ही मानव इस भवसागर से पार हो सकते है। तत्पश्चात सात्विक यज्ञ चौका आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 101 सात्विक यज्ञ चौका आरती में दीप प्रज्वलित किया गए। इस सत्संग समारोह में महंत सजीवन दास, ओहंग दास, सहित अनेक संत उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष मनमोहन दास, प्रेमलाल साहू, मोतीराम, संतोष साहू पूर्व सरपंच लवकुश साहू, अंगेश्वर साहू, गेंदराम, घनश्याम साहू, मनोज साहू, पीलू राम साहू, प्रेमलाल, मोती लाल, ध्रुव साहू, प्रकाश साहू, खेलूराम, सियालाल, पूरन सिन्हा, गुनी राम, बसंत साहू, राम गोपाल साहू, हरिराम सहित समस्त ग्राम वासियों का योगदान रहा।

# नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा अटल योग सदन में हुआ विशेष कार्यशाला



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अटल योग सदन में विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया, इस आयोजन में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख का भव्य रूप से स्वागत हुआ, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ,पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर , मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह जी,पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी व समस्त भाजपा कार्य कर्ताओं के समक्ष अध्यक्ष पद हेतु चुनाव प्रभारी संतोष अग्रवाल को आवेदन सौंपा गया । वर्तमान वार्ड नं.26 नेहरु नगर दल्ली राजहरा में दो बार की पार्षद रूप में दूसरी बार निर्वाचित हुई टी. ज्योति , मैं अध्यक्ष पद के लिए टिकट देने की मांग की है । ओबीसी मुक्त आरक्षण होने पर स्टिंग अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी पुरुष को भारी मतों से हराकर जनता के आशीर्वाद से दूसरी बार पार्षद पर जीत हासिल किया, टी.ज्योति द्वारा कहा गया कि मेरे द्वारा लगातार लोकसभा व विधानसभा में संगठन के लिए तन मन से कार्य किया गया व समाज में सर्वांगीण विकास को मध्य नजर रख शासन की समस्त योजनाओं का लाभ जनता के अंतिम छोर तक पहुंचाने का कार्य किया गया है अतः वार्ड वासियों एवं पार्टी द्वारा नगर के ज्येष्ठ श्रेष्ठ जनों से चर्चा कर उपरोक्त मांग अध्यक्ष पद हेतु मौका देने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया । वह दल्ली राजहरा नगर पालिका परिषद में भारतीय जनता पार्टी हेतु अधिकृत प्रत्याशी हेतु मौका देने के लिए कहा गया। जिससे नगर पालिका परिषद में भारी बहुमत से विजयी प्राप्त हो सके।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे जिला पंचायत अध्यक्ष पद मे अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण नही होने,सरकार के घोषणानुरूप धान के प्रति क्विंटल 3100 की राशि एकमुस्त न दिए जाने, प्रशासक नियुक्ति के पश्चात से नगर की साफ सफाई,पेयजल की अव्यवस्था, शहर के चौक चौराहों सहित महापुरूषों की प्रतिमा की अनदेखी , बदहाल शिक्षा व्यवस्था, जिला अस्पताल मे विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी तथा बिजली बिल मे हुई वृद्धि को लेकर आज शहर कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । प्रदर्शन को पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से समाज के हर वर्ग को छलने का काम सरकार कर रही है , आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे जिला पंचायत चुनाव के अध्यक्ष पद हेतु जिस तरह से अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है इससे भाजपा का पिछड़ा वर्ग के प्रति सोच स्पष्ट हो गया है की भाजपा केवल वोट हासिल करने के लिए ही इस वर्ग के कल्याण की बात करती है जब प्रतिनिधित्व देने की बात आती है तो पिछड़ा वर्ग के साथ छलावा करने से बाज नहीं आती। किसानो को धान खरीदी मे भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ,सरकार धान का केवल 2320 रुपए ही प्रदान कर रही है जबकि सरकार को 3100 एकमुस्त दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब अवैध रेत खनन,गली गली मे अवैध शराब की बिक्री की जा रही ।सरकार शहर वासियों को मीठा पानी प्रदान करने मे असफल हो गई है साथ ही स्कूलों मे शिक्षको की कमी है ,जिला अस्पताल को एक साल मे सरकार ने रिफर सेंटर बना के रख दिया है । प्रदर्शन को सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, टी आर जनार्दन, शशि प्रभा गायकवाड,रीना वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत,दत्त जैन पुरी, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा ,रीता पांडेय,बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, शत्रुहन साहू,मिथलेश वर्मा, हितेंद्र साहू, नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम मे जोगेंद्र छाबड़ा,नवीन ताम्रकार,हरीश साहू, प्रांजल तिवारी,राम ठाकुर,रानी सेन , रेहाना रवानी, जया साहू, धरम वर्मा, राजू साहू, घनश्याम देवांगन,मोहित वर्मा,रेवेंद्र देवांगन, शंकर चौहान,जयगंगा सागर सोनी ,अजय सेन,कैलाश साहू, सीताराम यदु, दुकलहा वर्मा,गोलू साहू, मोहन वर्मा, देवशरण गोस्वामी, सिद्धांत दीवान,नेमसिंग वर्मा, मोहित पाल शिवराज वर्मा, गोलू यादव, निक्की चौहान, हरनारायण पांडे ,बंशी साहू, बोधन साहू, रीना साहू, भवसिंह राज, राघवेंद्र मनु, प्रकाश वर्मा, मनाराम वर्मा,देवा गर्ग, हेमीन यादव सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कुसुमकसा मे 100 खम्बों में स्ट्रीट लाइट लगाकर रोशनी की व्यवस्था की गई

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत कुसुमकसा मे 100 खम्बों में स्ट्रीट लाइट लगाकर रात में रोशनी की व्यवस्था की है। सबसे अच्छी बात पूरे रेलवे स्टेशन से हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग पर लाइट लगाया है रेलवे स्टेशन से रात्रि मे आने वाले लोगो को सड़क लाइट नहीं होने से बहुत परेशानी होती थी जबकि सैकड़ों यात्री रात को वापस घर , वापस आने पर उस रास्ते मे अंधेरा होने के कारण परेशानी होती थी। उस समस्या को देखते हुये जनपद सदस्य संजय बैस पूरे रास्ते पर तेज रोशनी वाली लाइट लगाकर कुसुम वासियी को सौगात दिए। ग्राम के सरपंच शिवराम सिन्द्रामे ने बताया की हमारे गांव की समस्या का निराकरण करने में बैस अहम भूमिका निभाते हैं। कुसुमकसा रेलवे स्टेशन मे आस पास के बीस गांव के लोग ट्रेन से आना जाना करते हैं उन यात्रियों का रात में अँधेरे में होने वाली समस्या का समाधान हमारे पंचायत ने किया है । उनका आभार व्यक्त करता हु पूर्व उप सरपंच नितिन जैन ने बताया की मेरे वार्ड के साथ पूरे गैरेज मोहल्ला का मेन रोड सड़क लाइट से जगमगा रहा है। इसके लिये जनपद सदस्य संजय बैस जी का आभार व्यक्त करता हु। स्ट्रीट लाइट लगने से ग्रामीन जनो मे हर्ष व्यापत है ।।उप सरपंच दीपक यादव ने बताया की इतने विकास कार्य कराने वाले पहले जनपद सदस्य संजय बैस पहले जनपद सदस्य है हर समस्या का समाधान संजय बैस के पास होता है । जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा की गांव हमारा है यहां रहने वाले लोग हमारे है इनकी परेशानी की चिंता हमें भी है रात को रेलवे के यात्री के साथ मोहल्ले के लोगो को पर्याप्त रौशनी के लिये लाइट की आवश्यकता थी जिसे मैंने अपने जनपद निधि से राशि स्वीकृति कर पूरा करने का प्रयास किया हूँ ग्रामीण जन इस कार्य के लिये आभार जनपद सदस्य का मान रहे है इस आभार कार्यक्रम मे संतोष जैन जावेद खान गोविन्द सिन्हा पूनम सिन्हा डॉक्टर नसीम खान पुष्पजीत बैस गोल्डी धनकर मनीष जेठवानी योगी साहू मनीष जैन सुखदेव शर्मा अजय राजाभोज शंकर धनेन्द्र उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का बेमेतरा जिले में सफल आयोजन

**बेमेतरा।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा जिले के 44 परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली, जिसमें हजारों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राठी स्वामी आत्मानंद स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुँचे । उन्होंने वहां उपस्थित विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से यह भी पूछा कि उन्हें प्रश्न पत्र कठिन लगा या सरल। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी तरफ से शुभकामनाएँ भी दीं। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं की भी समीक्षा कि । जिला नोडल अधिकारी, डॉ. बंजारे ने जानकारी दी कि जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 80 सीटें उपलब्ध हैं। परीक्षा के लिए जिले भर में कुल 44 केंद्र स्थापित किए गए थे। परीक्षा के आयोजन में प्रशासन और शिक्षा विभाग का सहयोग रहा एवं परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी मे विकास कार्य हेतु कार्यदेश देने के बाद विभिन्न निर्माण कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला बेमेतरा के अंतर्गत नगर पंचायत भिंभौरी नवगठित निकाय में छ.ग शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छ.ग. शासन के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के मनसा अनुरूप स्वीकृत निर्माण प्रारंभ कार्य कर विकास कार्यों की गति बढ़ाया जा रहा है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी के द्वारा यह जानकारी दी गई की नगर पंचायत भिंभौरी क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का कार्यदेश जारी किया गया है जिसमें 1 करोड़ 50 लाख विभिन्न निर्माण कार्यों स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें वार्ड नंबर 09 आरसीसी नाली लागत 14.18,वार्ड नंबर 9 सीसी रोड लागत 4.92, बाजार चौक से खुडमुड़ी रोड सीसी टॉप कार्य लागत 5.06, बाजार चौक से खुडमुड़ी रोड दोनों तरफ आरसीसी नाली लागत 6.24, वार्ड नंबर 15 गुनीशॉप से अंबा तालाब तक सीसी रोड निर्माण लागत 12.32, वार्ड नंबर 15 गुनीशॉप से अंबा तालाब तक दोनों तरफ आरसीसी नाली लागत 9.86, वार्ड क्रमांक 14 चंद्र कुमार दाऊ के घर से बाजार चौक तक आरसीसी नाली निर्माण लागत 6.24, वार्ड नंबर 1 ओएचटी के पास नगर पंचायत कार्यालय भवन निर्माण लागत 49.69,वार्ड नंबर 1 अंतर्गत ओएचटी से बाजार चौक तक पाइपलाइन विस्तार लागत 28.52 वार्ड नंबर 5 पुराना ओएचटी से बाजार चौक तक पाइपलाइन विस्तार लागत 23.82 एवं विभिन्न कार्यों के लिए कार्यदेश जारी किया गया है, महत्वपूर्ण यह बात है कि नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी में विकास कार्य के लिए माननीय उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा हरदेव चौक के पास मंच निर्माण कार्य हेतु ?5 लाख एवं अटल बिहारी वाजपेई की याद में अटल परिसर निर्माण के लिए लागत 20 लाख रुपया अनुशंसा किया गया है जिसका 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर वर्चुअल भूमि पूजन किया गया। नगर पंचायत भिंभौरी में आन बान शान के साथ छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई के नाम से अटल परिसर का निर्माण मेटल मूर्ति से किया जावेगा उपरांत ठेकेदारों को कार्यदेश देने के बाद जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया है मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा मंत्री अरुण साव के निर्देश में निकाय क्षेत्र में सुबह साफसफाई एवं निर्माण कार्यों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है साथ में उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी ले आउट देकर निरीक्षण कार्य में लगी हुई है इस प्रकार विभिन्न निर्माण कार्यों का सीएमओ उप अभियंता तथा नगर के गणमान्य नागरिक नगरवासी अमर साहू डॉक्टर उत्तम देवांगन की उपस्थिति में भूमिपूजन कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिन वार्डों में कार्य प्रारंभ हो गया है वार्डवासी एवं आम नागरिक विकास कार्य को लेकर खुशी जाहिर कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र का सबसे अमीर और आदर्श गांव हिवरे बाजार बना जीवन विद्या अधिवेशन का केंद्र

## बेमेतरा जिले की सहभागिता डॉ. अवधेश पटेल को पद्मश्री पोपट राव पवार का विशेष आमंत्रण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित आदर्श गांव हिवरे बाजार, जो अपने जल संरक्षण, सामुदायिक विकास और हरित पहल के लिए प्रसिद्ध है, हाल ही में एक महत्वपूर्ण जीवन विद्या अधिवेशन का आयोजन स्थल बना। इस अधिवेशन में 7 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सतत विकास, सामुदायिक सहयोग, और चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर विचार-विमर्श किया।

### बेमेतरा जिले की सहभागिता

अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले का विशेष प्रतिनिधित्व देखा गया। समाधान कॉलेज के संचालक, डॉ. अवधेश पटेल, को हिवरे बाजार के सरपंच और पद्म पुरस्कार विजेता पोपट राव पवार के विशेष आमंत्रण पर बुलाया गया। डॉ. पटेल ने अधिवेशन में अपने विचार प्रस्तुत किए और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। अभ्युदय संस्थान अछोटी से कृषि वैज्ञानिक डॉ संकेत ठाकुर, रायपुर से के के साहू, गौरीकांता साहू और अन्य 7 राज्यों के प्रतिनिधियों ने इस अधिवेशन में सहभागिता किए और अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए एवं हिवरे बाजार गांव का शैक्षणिक भ्रमण कर इस गांव से प्रेरणा लिए

### आदर्श ग्राम हिवरे बाजार की विशेष उपलब्धि

आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व सूखा ग्रस्त इस गांव के लगभग सभी परिवार गरिबी रेखा के नीचे थे सरपंच पोपट राव पवार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जल संरक्षण, उन्नत प्राकृतिक खेती, गोपालन (डेयरी) पर्यावरणीय पहल, शिक्षा और स्वास्थ्य, स्वैच्छिक श्रमदान 100 प्रतिशत नशाबंदी है, वनभूमि पर चराई बंदी, पेड़ों की कटाई पर रोक आदि में विशेष प्रयास से आज गांव में 80 से अधिक लोग करोड़पति है और स्वैच्छिक श्रमदान से 11 लाख से अधिक पौधारोपण ग्रामवासीयों ने किया है। आज कोई भी लोग गरीबी रेखा के नीचे नहीं है। इस गांव में सभी फैसले ग्राम संसद में ग्रामवासी मिलकर लेते है। स्वच्छता इतनी अधिक है कि एक मच्छर दिखाने पर 500 रूपये का इनाम दिया जाता है। हिवरे बाजार गांव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा पा चुका है। प्रधानमंत्री जी नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात में इस गांव का 3 बार उल्लेख कर चुके है एवं इस ग्राम के सरपंच को महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प?द्म से सम्मानित किया गया है। एक समय पर सूखा और गरीबी से जूझ रहे इस गांव ने सामूहिक प्रयासों से खुद को महाराष्ट्र के सबसे अमीर गांवों में बदल लिया है। इस गांव में शुन्य अपराध दर्ज है।

### जीवन विद्या के संदेश का विस्तार आनंदीकुटुंब आनंदी (गांव खुशहाल परिवार खुशहाल गांव)

अधिवेशन के दौरान, बुलढाना के जीवन विद्या प्रबोधक योगेश शास्त्री और पुणे से राम नरसिम्हन ने पोपट राव पवार के विशेष आग्रह पर 7 दिन का जीवन विद्या परिचय शिविर आयोजित किया। यह शिविर ग्रामवासियों और अन्य प्रतिभागियों के लिए एक मंच बना, जहां उन्होंने आंतरिक शांति, सामंजस्यपूर्ण जीवन, और सामुदायिक विकास पर चर्चा की। इस शिविर में इस गांव की तीसरी पीढ़ी में जो युवा भौतिकवाद एवं शहरी जीवनशैली से प्रभावित है उन्हें सतत् ग्रामीण विकास एवं ग्राम्य जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया गया तथा ग्राम शिक्षा में जल संधारण भूमि संधारण की अवधारणा का समावेश पर जोर दिया गया तथा तथा जनमानस में व्याप्त जीवन मूल्यों के प्रति जो नकारात्मकता है उसे सकारात्मकता में परिवर्तित करने हेतु योगेश शास्त्री ने शिविर के माध्यम से इन मुददों पर विशेषरूप से ध्यानाकर्षण करायें।

### पद्म पोपट राव पवार का संदेश

अधिवेशन के समापन पर पोपट राव पवार ने कहा, हिवरे बाजार सिर्फएक गांव नहीं, बल्कि एक आदर्श है, जो दिखाता है कि सामूहिक प्रयास और सही दिशा में किया गया काम किस तरह जीवन को बदल सकता है। जीवन विद्या के सिद्धांत हमें अपने जीवन और समाज को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाते हैं। अभी इसकी नितांत आवश्यकता है इस गांव की शिक्षा में जीवन विद्या का प्रयोग किया जायेगा।हिवरे बाजार में आयोजित यह अधिवेशन सामूहिक प्रयास, नैतिकता, और जीवन के उच्चतर उद्देश्यों को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच संतुलन बनाने और सतत विकास के संदेश को पूरे देश में फैलाने में इस कार्य म ने अहम भूमिका निभाई।

# मानवता सबसे बड़ा धर्म : अनिता फरमानिया

## विद्यालयों में गर्म कपड़ो का वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



समाजसेवी श्रीमती अनिता फरमानिया ने माघ माह की कड़ाके की ठंड में क्षेत्र के बच्चों के लिए एक सराहनीय पहल की। उन्होंने संकुल केन्द्र नई लेदरी के तहत आने वाली तीन प्रमुख विद्यालयों - शा. माध्यमिक शाला नई लेदरी, शा. प्राथमिक शाला (कन्या) नई लेदरी और शा. प्राथमिक शाला पुरानी लेदरी के बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। यह पहल उन बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी, जो इस समय कड़ी ठंड के बीच पढ़ाई कर रहे हैं। विशेष रूप से, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के छोटे बच्चे ठंड से प्रभावित हो सकते हैं, और श्रीमती फरमानिया का यह कदम उनके स्वास्थ्य और आराम को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य और शैक्षिक समन्वयक डॉ. अमूल्य चंद्र झा ने भी अनिता फरमानिया के प्रयासों की सराहना की और उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. झा ने कहा, फरमानिया का यह कार्य न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी निस्वार्थ सेवा और योगदान निश्चित रूप से शिक्षा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। अनिता फरमानिया पिछले कुछ महीनों से अपने सामाजिक कार्यों के तहत विभिन्न जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान कर रही हैं। उनके द्वारा बच्चों को दिए गए गर्म कपड़े इस कड़क ठंड में उनके लिए संबल का काम करेंगे। यह पहल स्कूल के शिक्षकों और बच्चों के बीच भी बहुत सराही जा रही है, क्योंकि इस प्रकार के छोटे-छोटे कार्य समुदाय में समर्पण और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। आगे फरमानिया ने इस प्रकार के और भी समाजसेवी कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई है ताकि अधिक से अधिक बच्चों और जरूरतमंद परिवारों की मदद की जा सके। उनके इस सराहनीय कार्य से प्रेरित होकर अन्य समाजसेवियों और व्यक्तियों को भी आगे आकर ऐसे सहयोग देने की प्रेरणा मिल रही है। समाज में इस तरह के सकारात्मक कार्यों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि जब लोग मिलकर काम करते हैं, तो वे किसी भी संकट का सामना करने में सक्षम होते हैं और समाज में बदलाव ला सकते हैं। इस मौके पर डॉ अमूल्य चंद्र झा शैक्षिक समन्वयक, गुंजन शर्मा, कंचन सिंह, किशन शर्मा, रवि पटेल,हेमप्रभा यादव, वीरांगना वंदना समेत समस्त स्टॉफमौजूद रहा.

# राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय एसईसीएल झगराखाण्ड की टीम को संसद भवन में किया गया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ✓ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



शैक्षणिक सत्र 2023-24 में केंद्रीय विद्यालय इसईसीएल झगराखाण्ड ने क्षेत्रीय स्तर पर मॉक संसद प्रतियोगिता में रायपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद टीम ने केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित आंचलिक स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। गत 10 जनवरी 2025 को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 08 विद्यार्थी, नदिया शेख, अक्षय वर्मा, शिवम् जयसवाल, प्रियांशी चौबे, फिज़ा अंसारी, ईरम मंसूरी, प्रतीक झा एवं आस्था अग्रवाल के साथ विद्यालय के प्राचार्य बी. एस. श्रीवास्तव, प्रभारी शिक्षक अशोक कुमार कुशवाहा एवं अनुरक्षक शिक्षक माला सिंह को पुरूस्कार प्राप्त करने हेतु संसद भवन नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर, सभी प्रतिभागियों को संसद भवन के नए और पुराने भवन का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें संसद की कार्यवाही और इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने लोकसभा सदन, राज्यसभा सदन एवं संसद संग्रहालय का विस्तृत भ्रमण किया। इसके बाद संसद पुस्तकालय भवन के कैफेटेरिया में सभी के भोजन की व्यवस्था की गयी थी। दिन के दुसरे सत्र में बालयोगी ऑडिटोरियम के अंदर सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किरेन रिजीजू, माननीय मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के कर कमलों द्वारा सभी प्रतिभागियों, प्राचार्य एवं दोनों शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर पुरुस्कृत किया गया एवं विद्यालय को शील्ड प्रदान की गयी। केंद्रीय मंत्री ने सभी को संबोधित करते हुए संसद एवं देश की राजनीतिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया एवं विद्यर्थियों को राजनीतिक मामलों के बारे में जागरूक रहने हेतु आह्वान किया। यह पुरस्कार विद्यार्थीं को उनके भविष्य के लिए प्रेरित करेगा और उन्हें संसदीय प्रक्रिया में अधिक रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

# छत्तीसगढ़ी पुरखौती कलेवा के ठउर गढ़ कलेवा का संचालन उड़ान क्षेत्र स्तरीय संघ द्वारा किया जा रहा

पायनियर संवाददाता ✓ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिसर में छत्तीसगढ़ी पुरखौती कलेवा के ठउर गढ़ कलेवा का संचालन उड़ान क्षेत्र स्तरीय संघ द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर केतन नायक द्वारा गढ़ कलेवा के बारे में बताया गया कि गढ़ कलेवा नामक इस केंद्र पर मुख्यता छत्तीसगढ़ के क्षेत्रों में उपयोग किए जाने सूखे और गीले नाश्ते तथा भोजन की व्यवस्था रहती है छत्तीसगढ़ राज्य ने भी इस ओर ध्यान दिया और इस नवाचारी उद्देश्य की पूर्ति के लिए गढ़ कलेवा के रूप में एक पूर्ण छत्तीसगढ़ खानपान स्थल की स्थापना की है। जिसके माध्यम से पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खान-पान को आम जनता को उपलब्ध कराने और खानपान से संबंधित पारंपरिक ज्ञान पद्धतियों को सहेजने के काम की शुरुआत की हैद्य ग्रामीण एवं शहरी महिला स्व सहायता समूह द्वारा जैविक खाद उत्पादन, सुपर वार्मिंग कंपोस्ट, पैकेजिंग, पौधारोपण, पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गा पालन , मछली पालन के अतिरिक्त दोना पत्तल निर्माण, मशरूम उत्पादन सहित अन्य आजीविका संवर्धन गतिविधियां कर आत्मनिर्भर बन रही है। गढ़ कलेवा के माध्यम से छत्तीसगढ़ी खानपान एक नई लोकप्रियता की राह बनाई है। गढ़ कलेवा में परोसी जाने वाली छत्तीसगढ़ी व्यंजन अनरसा, पपची, ठेठरी, खुरमी, गुलगुल भजिया के अलावा ऐसी बहुत सी मिठाइयां और अनुपूरक भोजन स्वाद बढ़ाने वाली सामग्रियां है। इन सामग्रियों का भी गढ़ कलेवा ने अच्छा बाजार निर्मित कर लिया हैद्य गढ़ कलेवा समाज को एक अनुपम देन है ।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 673 ग्राम के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन मे बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशो, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालो, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको तथा माइनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 17.01.2025 को थाना थान खम्हरिया स्टाफ को जरिये मुखबीर से सूचना मिला विश्राम चंद्राकर निवासी तेन्दो का अवैध रूप से बिक्री हेतू अवैध मादक पदार्थ गांजा को अपने घर के पास बेंच मे बैठकर बिक्री कर रहा था कि मुखबीर सूचना के आधार पर थाना स्टाफएवं गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही किया गया । जहा आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 673 ग्राम कीमती करीब 8,000 रू. को जप्त किया गया। जिसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूध्द 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यवाही की गई। आरोपी- विश्राम चंद्राकर पिता नर्बदा चंद्राकर उम्र 50 साल निवासी ग्राम तेन्दो थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी राजकुमार साहू, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक पुरूषोत्तम लाल कुलार्य, प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक तोरन डहरिया, सनत आडिल, मोतीराम जायसवाल, संजय पाटिल, पीलाराम एवं अन्य स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गौतम प्रसाद चंद्रा को मिला जिला संयोजक का दायित्व



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति में राजेंद्र अग्रवाल आरोग्य भारती वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष (हाई कोर्ट अधिवक्ता) के उपस्थिति में जिला शक्ति आरोग्य भारती का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से गौतम प्रसाद चंद्रा को जिला संयोजक का दायित्व दिया गया, सीताराम पटेल जिलासहसंयोजक नरेश पटेल जिला सहसंयोजक को कार्य विस्तार का दायित्व दिया गया आज के कार्यक्रम में उपस्थित अग्रवाल ने आरोग्य भारती से संबंधित मार्गदर्शन दिए स्वस्थ व्यक्ति स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज स्वस्थ राष्ट्र का चिंतन प्रथम प्राथमिकता है उक्त कार्यक्रम में लीलाधर सिंह चंद्रा प्रधानाचार्य तुषार जयजयपुर, गिरवरसिंह चंद्रा तुषार जयजयपुर, गणेश कुमार जयजयपुर, संतोष चंद्रा, उसत् रातरे शक्ति नरेंद्र कुमार शक्ति नंदलाल पटेल शक्ति जगन्नाथ गोस्वामी जयजयपुर , विजय साहू खेमडा, उपस्थित थे।

# परीक्षेत्रीय साहू समाज चंदेनी भाठा का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय साहू सदन में किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com



परीक्षेत्रीय साहू समाज चंदेनी भाठा का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय साहू सदन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा थे द्य अध्यक्षता मनोहर साहू अध्यक्ष परीक्षेत्रीय साहू समाज चंदेनी भाठा ने किया, विशेषअतिथि संरक्षक मोहन लाल साहू, जिला प्रतिनिधी गोविन्द साहू, सत्या साहू संगठन सचिव दुर्ग संभाग महिला प्रकोष्ठ, द्रौपती साहू सचिव महिला प्रकोष्ठ जिला बालोद, राधा साहू सदन प्रभारी, दामिनी साहू संयोजक महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ , सचिव घना राम साहू, उपाध्याक्ष संगीता साहू कार्यक्रम के प्रथम पाली में समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणी माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, परिक्षेत्र के सभी लोगों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया द्य जिसमें महिला वर्ग कुर्सी दौड़ प्रथम बिमला साहू द्वितीय सुशीला साहू, बाल पासिंग प्रथम बिमला द्वितीय बुधन्तीन थे, पुरुष वर्ग कुर्सी दौड़ प्रथम कैलाश द्वितीय देवमन बाल पासिंग प्रथम कौशल द्वितीय जगदीश थे , रंगोली सजाओ में प्रथम जगदीश द्वितीय कुमकुम तृतीय नीलम चतुर्थ ज्योति रही! कु. कणकण साहू ने लुका लूहू चेहरा ल .... गीत में मनमोहक नृत्य की! परिक्षेत्र माँ कर्मा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा सुवा गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी! मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने परिक्षेत्र के कमेटी के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन पर बधाई दिया द्य उन्होंने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होना अति आवश्यक है द्य इससे एक दूसरे को जानने एवं समझने का अवसर मिलता है! हम सबको आपसी सामंजस्य बनाकर काम करना है द्य रोटी कपड़ा मकान स्वास्थ्य और शिक्षा के उद्देश्य को लेकर हम सबको कार्य करना है,द्य समाज में ऐसा कोई परिवार नहीं होना चाहिए जो इन सबसे वंचित हो द्य यदि मदद की जरूरत पड़े तो हम हमेशा सहयोग के लिए आगे आना है, दामिनी साहू ने महिलाओं से अपील की आप सभी लोग अपने घरेलू कार्य से थोड़ा सा समय निकालकर समाज को भी दें, जिससे समाज के रीति रिवाज को जानने एवं समझने का मौका मिलता है, बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें!

# संस्कार सेंट्रल स्कूल, जैजैपुर में अग्नि सुरक्षा ड्रिल का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जैजैपुर के संस्कार सेंट्रल स्कूल में आज छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आग लगने जैसी आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा के लिए ज़रूरी ज्ञान और सतर्कता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने आग बुझाने की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया। उन्होंने एक छोटे स्तर पर आग जलाकर छात्रों को दिखाया कि इसे किस प्रकार से नियंत्रित किया जा सकता है। इसके बाद, फायर एक्सटिंगुइशर का उपयोग कर आग को बुझाने की पूरी प्रक्रिया समझाई और छात्रों को इसका अभ्यास भी कराया। यह प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली था और छात्रों ने इसे बड़े ध्यान और उत्साह के साथ देखा। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों ने छात्रों को आग से बचाव के लिए "क्या करें" और "क्या न करें" की महत्वपूर्ण जानकारी दी। इन जानकारियों ने न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाया, बल्कि उन्हें भविष्य में ऐसे किसी भी संकट का सामना करने के लिए तैयार किया। संस्कार सेंट्रल स्कूल में हर सप्ताह कुछ नया और ज्ञानवर्धक गतिविधि आयोजित की जाती है, जो छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यह प्रयास छात्रों के सर्वांगीण विकास में एक अहम भूमिका निभा रहा है। अग्नि सुरक्षा ड्रिल जैसे आयोजन यह सुनिश्चित करते हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे, बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी उपयोगी हो। इस पहल के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की जा रही है।

# सीईओ ने किया जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल द्वारा आज जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत रामपुरा, पुटपुरा, बेवरा बुंदेला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभार्थियों से मुलाकात की और आवास निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली।अग्रवाल ने सभी नवीन स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को निर्देशित किया कि वे 15 मार्च से पहले अपने आवासों का निर्माण कार्य पूरा करें। राज्य स्तर पर पांच लाख आवासों का एक साथ गृह प्रवेश कराने की योजना के तहत सभी आवास मित्रों को भी निर्देशित किया गया कि 15 मार्च तक सभी प्रथम किस्त जारी किए गए आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान, मनरेगा से संबंधित मजदूरी राशि के वितरण पर भी चर्चा की गई। रोजगार सहायक से कहा गया कि जिन आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, उनमें मनरेगा की मजदूरी राशि समय पर जारी की जाए। जिन आवासों में मनरेगा का मस्टरोल जारी नहीं किया गया है, उनके लिए रोजगार सहायक को चेतावनी दी गई कि मस्टरोल के कारण किसी भी आवास का कार्य लंबित न रहे, अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, जिन हितग्राहियों ने अभी तक अपने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं, उनके खातों की जांच करते हुए प्रथम किस्त की राशि का दुरुपयोग रोकने के लिए उनके खातों को होल्ड करने के निर्देश भी दिए गए। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी हितग्राही आवास निर्माण की राशि का गलत उपयोग न कर सके।

मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य योजना की प्रभावी क्रियान्वयन और समय पर आवास निर्माण सुनिश्चित करना था, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शीघ्रता से आवास का लाभ मिल सके।

## छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान किया गया

# शिक्षा ही मूल मंत्र मंजिल को आगे बढ़ाने के लिए : सोनसाय देवागन

पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com






सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैलचित्र पर मुख्य अतिथि सोनसाय देवांगन ने पूजा अर्चना किया अपने उद्बोधन में यह कहा कि शिक्षा ही मूल मंत्र है शिक्षा के अभाव में हम कुछ नहीं कर सकते इसलिए अपने छात्र-छात्राओं को नवोदय विद्यालय में भर्ती कराये और इसे भर्ती होने से उन्हें अच्छी कैरियर की जानकारी मिल सकेगी ताकि वह आगे चलकर बड़े से बड़े अधिकारी बन सकें शिक्षा के बिना कुछ नहीं हो सकता। ईश्वर प्रसाद कुरे ने अपने एकैडमी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और उन्हें यह बताया कि नवोदय विद्यालय में छात्र को भेजें ताकि वह अपना कैरियर ो सुधार सके नवोदय विद्यालय ही एक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा अनेक वक्ताओं ने भी अपना -अपना विचार व्यक्त किया और शिक्षा को ही महत्व बताएं । प्रयास एकेडमी जैजैपुर ने जवाहर नवोदय विद्यालय निःशुल्क प्री परीक्षा 2024 -25 के लिए जो छात्रों को शिक्षा दिया जा रहा है उसमें शिक्षा से छात्रों को कैरियर दिखाने का कार्य किया जा रहा है इस तारतम में प्रयास एकैडमी ने नवोदय विद्यालय के लिए शिक्षा का मार्गदर्शन करा रहा है जिसमें की टॉप 10 आने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान किया गया जहां पर टॉपर को 10000 रू और दसवा स्थान वाले को 1000 रू की नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें उनके माता-पिता उपस्थित रहे यह पुरस्कार नगर पंचायत जैजैपुर के प्रथम नागरिक सोनसाय देवांगन एवं मेनमन लकड़ा स्वामी आत्मानंद विद्यालय जैजैपुर प्राचार्य के साथ अनेक गणमान्य नागरिकों के द्वारा प्रदान किया गया।और छात्रों को नवोदय विद्यालय को जाने के लिये प्रेरित किया गया। और सभी अतिथियों का प्रयास एकैडमी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनसाय देवांगन विशिष्ठ अतिथि मनमेन लकड़ा, दाताराम साहू, डॉक्टर जैन खूंटे, दिलीप चंद्रा, राज बंजारे एस चंद्रा, ईश्वर प्रसाद कुर्रे, खेमराज चंद्रा, डीगंबर साहू, येकानद खुटे, संतोष साहू, गोरेलाल साहू एव प्रयास एकैडमी जैजेपुर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली धनेश्वरी साहू, संजू आदित्य, कुमारी ज्योति यादव इस कार्यक्रम का संचालन लकेश्वर चंद्रा ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन मुरलीधर साहू रहे।

# मनुष्य के छात्र जीवन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता हैः भूपेश बघेल

## प्रिज्म स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव





पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

प्रिज्म स्कूल महकाखुर्द (उतई) मे शुक्रवार को धूमधाम से वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष व भिलाई चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे ने की। स्वागत भाषण प्रिज्म स्कूल की डायरेक्टर ख्याति साहू ने दी। संस्था के चेयरमैन रूपेश कुमार गुप्ता ने स्कूल की उपलब्धियो व भविष्य की योजनाओ को बताया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रिज्म संस्थान के स्टाफ़ व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रिज्म में जब सूर्य की किरण पड़ती है तब उसका रंग बदल जाता है। यह विद्यालय भी अपने नाम के अनुरुप विद्यार्थीयो के जीवन में ज्ञान रुपी प्रकाश डालकर उनके उज्वल भविष्य बनाते हुए जीवन बदल रहा है। मनुष्य के छात्र जीवन का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है । एक साथ पढने वाले विद्यार्थी जब पांच दस साल बाद मिलते है तब उनका मिलना और पुरानी बातो को याद करना अविस्मरणीय क्षण होता है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी बालपन के साथी को कभी भूल नहीं पाते है । जब दो दोस्त मिलकर बचपन की बात याद करते हुए बचपन की उसी भाषा में बात करते है। तो आसपास के लोगों को समझ नहीं आता की कैसे बात कर रहे है। जहाँ दोस्त मिले वहाँ बचपना आ ही जाता है और पुरानी बातो को याद कर ही लेते है। प्रिज्म कालेज ग्रामीण परिवेश में होने के बाद भी शहर जैसी सुविधाएं विकसित किया है। यह गाँव के बच्चों व पालको के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । पढाई जीवन में जब आप सवाल आता है और आप हल नहीं कर पाते है तब दुखी हो जाते है और बाद में उसी सवाल को हल कर लेते है तब खुश मिलती है ।जीवन भी वैसे ही है जब समस्या आती है तब हम दुखी हो जाते है और समस्या हल होने पर खुश हो जाते है ।ऐसे छोटी छोटी खुशियो में मजा लेते रहे है और जीवन में जहाँ भी रहे खुशियाँ बाटते रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि पिछले काँग्रेस के कार्यकाल में 9 मेडिकल कालेज की सौगात मिली थी । छत्तीसगढ में आत्मानंद विद्यालयों ने कीर्तिमान रचा है ।इस स्कुल में पढने वाले भी देश दुनिया में नाम रोशन करेगे। इस अवसर पर प्रमुख़ रूप से जिला सहकारी केन्दीय बैंक दूर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, प्रिज्म के चेयरमैन रूपेश गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू, ग्राम पंचायत महकाखुर्द के सरपंच सुरेन्द्र गायकवाड, डॉ असीम साहू, डॉ अंजना शरद, रेखा नामदेव, नेमचंद निर्मलकर ,भूषण कौशल, प्रकाश कश्यप, मनीष साहू, अर्चना यादव सहित पालक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## वार्षिकोत्सव में निखरती है छात्र-छात्राओं की प्रतिभा : विधायक



पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया रांका में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कुल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रखा गया था । इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के आयोजन में कला और संस्कृति की रंगारंग मंचीय प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथि व पालकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छात्र छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने वार्षिकोत्सव से बेहतर कोई दूसरा मंच नहीं हो सकता द्य कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का ऐसा नजारा पेश किया कि दर्शक दीर्घा में उपस्थित उनके पालकों का गौरवान्वित उत्साह देखते बना। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य और भगवान श्री गणेश की स्तुति से हुआ। सिलसिलेवार तरीके से बॉलीवुड डांस, हिंदी सांग गुजराती लोक नृत्य, फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, माँ काली सहित अन्य क्लासिकल डांस और समाज को जागरुकता का संदेश देने वाले नाटकों के मंचीय प्रस्तुतियों को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक दीपेश साहू कहा कि वार्षिकोत्सव में बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। कला और संस्कृति के साथ साथ अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पालकों को भी ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल भाजपा नेता राजा गौकरण साहू ताराचंद साहू सुन्दर यादव परमेश्वर साहू ओमकार साहू लेखराम निषाद प्रमोद साहू घनश्याम साहू धनंजय साहू राजेश चौबे मनी टंडन बीरु साहू पीनू साहू लल्लू कुरैसी रवि साहू बिसौहा राम साहू डीपी वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता गण स्कूल के प्रिंसिपल सभी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं सहित पालकगण उपस्थित थे।

## श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं आल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन, एवं आल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर दिनांक 19.01.2025 रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक अंजुमन स्कूल परिसर (द सीड्स पब्लिक स्कूल) रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नेत्र रोग विशेषज्ञों से नेत्र रोग पर चर्चा की जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा पांडेय, डॉ. हराप्रिया साहू सहायक मनहरण साहू, वेद यादव नर्सिंग स्टाफप्रिती केंवट, नेहा तिर्की व जनसंपर्क विभाग से विरेन्द्र खुटेल, सुनील साहू, सुनील वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में आल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष शाज़ी रशीद तथा फाउंडेशन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे तथा आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन टीम के सदस्यों को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया।

## शिवा क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ⮜ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जोगनी पाली में आयोजित शिवा क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक चातुरी नंद के फुटबॉल ग्राउंड पहुंचने पर आयोजक टीम और ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। विधायक नंद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की और फुटबॉल खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि जिस फुटबॉल लीग को देखते हुए मैं बड़ी हुई आज उसका शुभारंभ करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। फुटबॉल प्रतियोगिता का यह 38वाँ साल है जो कि बेहद ही गौरव की बात है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने मैं हमेशा से प्रयास करती आई हूं और आगे भी करती रहूंगी। उन्होंने फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पूर्व पार्षद सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधि अरमान हुसैन, पंकज बीसी, मनोहर खाखा, जयंत यादव, मिलाप चौहान, प्रियांशु चौहान सहित महिला समूह के सदस्य, फुटबॉल खिलाड़ी तथा अंचल के खेलप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आदिवासी क्षेत्र में हो रहे नहर लाइनिंग कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता, मुरुम की जगह किया जा रहा मिट्टी का उपयोग



पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com

जल संसाधन विभाग एक बार फिर सुर्खियों में आ गया हैं। विभाग के अंतर्गत पूर्ण हुए निर्माण कार्य हो या फिर प्रगतिरत जारी निर्माण कार्य हो, उन कार्यों में लापरवाही, अनियमितता न बरती गई हो या न बरती जाए, भला ऐसे कैसे संभव है। जल संसाधन विभाग में एक बड़ी अनियमितता का मामला आदिवासी ब्लाक मुख्यालय डौंडी से सामने आया है। जहां डौंडी ब्लॉक में लगभग 5 करोड़ का नहर लाइनिंग कार्य किया जा रहा हैं। कुंआगोंदी व्यपर्तन नहर लाइनिंग कार्य लगभग 2 करोड़ 26 लाख और कोटागांव व्यपर्तन नहर लाइनिंग कार्य लगभग 2 करोड़ 25 लाख का कार्य ठेकेदार विष्णु प्रसाद अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। परन्तु ठेकेदार द्वारा पूरा कार्य स्वयं के बिना देख रेख में किसी मोहन शर्मा नाम के व्यक्ति को देने की बात सामने आई है। उक्त पेटी कांट्रेक्टर ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यो में भारी अनियमितता बरत निम्न स्तर का कार्य कराने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी जा रही है।

### आक्रोशित किसान आंदोलन की तैयारी में

जिले में जल संसाधन विभाग के अधिकारी इतने उदासीन हो गए की अपने कमीशन के लिए ठेकेदार को फ्री छोड़ दिए हैं। वहीं ठेकेदार भी मनमानी करते हुए नहर लाइनिंग में नियम कायदों और गुणवत्ता को ताक पर रखकर काम करा रहे हैं। प्राकलन का अनदेखा कर अमानक स्तर के मटेरियल का उपयोग कर विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर घोटाले को अंजाम देने की फिराक में है। यही वजह है कि इस तरह के कार्यो की भौतिक सत्यापन भी आंख मूंदकर अधिकारी कर दे रहे हैं। शुरुआत मे हीं उक्त लाइनिंग कार्यो मे अधिकतर जगह मुरुम की जगह मिट्टी का उपयोग किया गया है, जो नहर की गुणवत्ता और स्थायित्व को प्रभावित कर सकता है। वही कुछ जगह मुरुम के लिए पेटी कांट्रेक्टर मोहन शर्मा के द्वारा शासकीय जगह तालाबों में अवैध मुरुम खनन कर जानलेवा बड़े बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा जल्द हीं बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। स्थानीय किसानों और नागरिकों ने भी अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि नहर की गुणवत्ता और स्थायित्व को प्रभावित करने वाली इस तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।इस निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से कई तरह की अनियमितताएं देखी गई है। जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि ठेकेदार आनन-फानन में नहर का काम करवाकर सिर्फबिल निकलवाना चाहता है, न तो उसे किसानों से कुछ लेना है और न ही शासन की योजना से। उसे सिर्फ अपना फायदा निकालकर जैसे तैसे नहर का निर्माण कार्य कर देना है।

'एसडीओ द्वारा निगरानी की जा रही है, गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य करवाया जा रहा है, क्वालिटी का टेस्ट रिपोर्ट जाता है, काम अभी रनिंग में है, जहां भी लापरवाही व गुणवत्ताविहीन कार्य सामने आएगा, उसे तत्काल चेंज कर गुणवत्ता के साथ करवाया जाएगा, भुगतान रोका जाएगा।'

**केएल तारम, ईई, जल संसाधन विभाग**

## मेडिकल फर्जीवाड़ा के दोषी दीपक ठाकुर के खिलाफ अब तक एफआईआर नहीं



पायनियर संवाददाता ⮜ कवर्धा
www.dailypioneer.com

### संचालक के आदेश का पालन नहीं

स्वास्थ्य संचालक ने जिला अस्पताल के चर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा के प्रारंभिक जांच में लिपिक दीपक सिंह ठाकुर को दोषी ठहराया गया था। स्वास्थ्य संचालक ने दीपक सिंह ठाकुर को निलंबित करके विभागीय जांच करने एवं पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने आदेश दिया है। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज ने दीपक सिंह ठाकुर के खिलाफएफआई आर दर्ज कराने अब तक कोई कार्यवाही नही किया है। यहाँ ये भी बताना जरूरी होगा कि दीपक सिंह ठाकुर को निलंबन के फलस्वरूप अब तक आरोप पत्र भी जारी नही हुआ है। ऐसे में मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की भूमिका पर उंगलियां उठ रही है। आखिर किसके दबाव में कार्यवाही पर विराम लग रहा है हालांकि नियमानुसार पैतालीस दिवस का समय होता हैं लेकिन विलंब करते हुए उन्हें अवसर देना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### उच्चाधिकारी के आदेश पर गंभीर नहीं

कबीरधाम मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों को गंभीरता से लेकर जितना शीघ्रता निलंबित किया है उतना ही पुलिस में एफआई आर दर्ज करवाने की कार्यवाही नहीं कर रहे हैं इसके लिए किसके आदेश का और इंतजार करना होगा। ये समझ से परे है ।

मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य संचालक के आदेश पर जिला अस्पताल के बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा मामला के प्रारंभिक जांच के दोषी लिपिक दीपक सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया है और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला को मुख्यालय तय कर दिया है लेकिन आज तक उसके खिलाफएफआई आर दर्ज नही करवाया है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर किस दबाव में अधिकारी कार्यवाही करने में कतरा रहे हैं।

## बगौद के सुमीत कुमार का बीएसएफ में हुआ चयन



पायनियर संवाददाता ⮜ कुरुद
www.dailypioneer.com

कुरुद क्षेत्र के ग्राम बगौद के सुमीत कुमार पिता नारायण सिंह का चयन बीएसएफ में हुआ। जिससे परिजनों एवं ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। सुमीत फोर्स में जाने की तैयारी बड़ी जोरों से कर रहा था मेहनत सफल होते परिवारजनों दोस्तों में खुशी की लहर दौड़ आयी थी। आज सुनील के घर ट्रेनिंग के लिये ग्वालियर जाने के समय में मित्र और ग्रामीणों की भीड़ उन्हे विदाई देनें पहुंची। इस उपलक्ष्य में भाजपा के युवा नेता कमलेश चंद्राकर, सरपंच तुलारामपाल, पुर्व सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत, रामलाल साहू, माधोरम, सोमप्रकाश, लेखराम, ओंकार यादव, हजारी, रामनाथ, भागवत, चिंता निषाद, जवाहरलाल, जीवनलाल, नरसिंग, तोमन, रविंद्र पटेल, भूपेंद्र जांगड़े छबिलाल एवं मित्रगण डेविड कुमार, गोविंद पुस्कर, भरत, नीरज, योगेश, द्रोण, लोकनाथ, धर्मेंद्र, लक्की, धनेंद्र, भोजराम, समीर आदि ने उन्हें नम आंखो से विदाई देकर उत्साहवर्धन किया।

## ढौर में सुनी गई मन के बात की 118 वी कड़ी




पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 118 वी एपिसोड में देशवासियों के समक्ष अपना विचार रखा। जिसमें उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ की अग्रिम बधाई दी। इसमें महान नेताओं के संविधान सभा में देश की एकता अखंडता लोकतंत्र के बारे में अपने विचार रखा। उसकी परिणाम के रूप में हमारा संविधान तैयार हुआ है। उन सभी देशभक्तों को अपनी तरफ से उन्होंने सच्ची श्रद्धांजलि व्यक्त किया। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर व राजेंद्र प्रसाद की ओरिजिनल आवाज देशवासियों को सुनाया। उन्होंने भारत को मदर आफ डेमोक्रेसी बताया। चुनाव आयोग के द्वारा भारत में निष्पक्ष चुनाव समय का आधार पर तकनीक उपयोग करने के लिए सराहा। जिससे हमारे लोकतंत्र को मजबूत बन रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ रामलला की प्रथम वर्षगाठ भारत में वैज्ञानिक प्रगति विशेष कर अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों द्वारा पौधा लगाकर उनका संरक्षण का भी जिक्र किया। भारत में दो रिजर्व टाइगर छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश का विशेष रूप से जिक्र किया। साथ ही उन्होंने असम में हाथी की समस्या के बारे में किसानों द्वारा प्रयास करके हाथी बंधु का गठन कर किसानों की समस्या हर करने का भी जिक्र किया। अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की ओर श्रद्धांजलि देते हुए उनके किए गए कार्यों को देश की युवाओं को प्रेरणा लेने की बात करते हुए एपिसोड को समाप्त किया। कार्यक्रम में ग्राम ढौर के जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष हर प्रसाद आडिल, काशीराम, गोदावरी, दीपा, इंद्राणी सपहा, मंजू साहू, हेमलता गायकवाड, गंगा, ममता, रोमनाथ, रामलाल साहू, सालिकराम उपस्थित थे।


**केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लैनेट लैंडमार्क के बगल में, अशोक वाटिका बीआरटीएस के पास, इस्कॉन – अम्बली रोड, अम्बली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054, कॉर्पोरेट कार्यालयः सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फर्थ कंपाउंड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400063, महाराष्ट्र, भारत, फोन नं.: +91 22 61796400 ई–मेलः contact@kifshousing.com वेबसाइटः www.kifshousing.com
सीआईएनः U65922GJ2015PLC085079 आरबीआई सीओआरः डीओआर–00145

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।**

केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से प्राप्त किये गये ऋण जो कि एन पी ए हो चुके हैं व जिसमें निम्न वर्णित दिनांक को निम्नवर्णित बकाया राशि शेष थी, उसकी विस्तृत मांग सूचना निम्नवर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभुतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित दिनांकों को पंजीकृत डाक पावती सहित /स्पीड पोस्ट/कोरियर द्वारा आप सभी को भेजी गयी थी, जिसकी पावती प्राप्त नही हुई/जो बिना तामील वापस प्राप्त हो गयी है। मांग सूचना निम्नांकित दिनांकों में हमने आशय को स्पष्ट कर दिया था, कि आपके द्वारा सूचना में दर्शायी राशी 60 दिनों के अन्दर जमा नही करायी गयी तो उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार बैंक में बंधक सम्पत्तियाँ जो कि निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारो के नाम है, उनका आधिपत्य ले लिया जायेगा और कब्जा सूचना/ई–नीलमी सूचना में कर्जदार व गारंटरों की फोटो प्रकाशित की जायेगी। बकाया राशि का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. सं. | शाखा/ आवेदन नं./ एनआरएन | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर के नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख/बकाया राशि | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भिलाई 22435/ LNHLBHL 015256 | 1. मोहन लाल (आवेदक) 2. दिव्या परिमल (सह–आवेदक) एनपीए– दिसम्बर 10, 2024 | मांग सूचना की तारीख 09.01.2025 / रु. 932193/– | प्लॉट नं. 403, मोहल्ला नं. 02, अहिवारा, वार्ड नं. 6, जवाहर लाल नेहरू वार्ड तहसील, मेडेसरा रोड, सरकारी स्कूल के पास और, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत, 490036 विक्रय पत्र के अनुसारः पूरब में – फकीरा, पश्चिम में – गली, उत्तर में – दशरथ, दक्षिण में – गली साइट के अनुसारः पूरब में – फकीरा का मकान, पश्चिम में – गली, उत्तर में – दशरथ का मकान, दक्षिण में – गली |
| 2 | भिलाई 1069853/ LNHLBHL00 8362 | 1. सुनीता बाई वर्मा (आवेदक) 2. खिलेन्द्र कुमार वर्मा (सह–आवेदक) एनपीए – दिसम्बर 10, 2024 | मांग सूचना की तारीख 09.01.2025 / रु. 745376/– | पी एच नं. 42, खसरा नं. 562/2, आरएनएम–अटरिया, ग्राम–कामठा, ग्राम–बिजलदेह तह–खैरागढ़ लैंडमार्क सोसायटी के पास तह–खैरागढ़ राजनांदगांव राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491444 बिक्री पत्र के अनुसारः पूरब में – कैनाल रोड, पश्चिम में – अनाज मंडी, उत्तर में – अन्य का खुला प्लॉट, दक्षिण में – अनाज मंडी, साइट के अनुसारः पूरब में – सरकारी प्लॉट, पश्चिम में – विक्रेता का विश्राम प्लॉट, उत्तर में – विक्रेता का शेष प्लॉट, दक्षिण में – सरकारी प्लॉट |

उक्त वर्णित ऋणियों / जमानतदारों को सलाह है कि (1) अधिक एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से मूल नोटिस प्राप्त कर लें (2) मांग सूचना में दर्शायी गयी बकाया राशि ब्याज एवं खर्चे आदि सहित मांग सूचना की दिनांक के 60 दिनों के भीतर जमा करें ताकि सरफेसी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही से बच सकें।

दिनांकः 20.01.2025, स्थान : छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनंद यादव के नेतृत्व में प्रेसवार्ता

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनंद यादव के नेतृत्व में प्रेसवार्ता रखी गई जिसमे भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल भी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 जनवरी को नगर पालिका परिषद में जो घटना घटित हुई वह अत्यंत दुखद और दुर्भाग्य जनक है, इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। आनंद यादव ने कहा की नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा क्षेत्र के पूर्व विधायक, प्रदेश के कद्दावर नेता शिवरतन शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में करोड़ो के मशीन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था। और आमंत्रण के बाद ही शिवरतन शर्मा वहा कार्यक्रम के लिए सम्मिलित हुए। पर जिस तरह की घटना वहा कांग्रेसियों द्वारा की गई वो अत्यधिक अशोभनीय है। जिलाध्यक्ष यादव ने कहा की भाटापारा नगर की जनता के साथ साथ पूरा विधानसभा क्षेत्र जानता है की विकाश कार्य किनके द्वारा करवाया जा रहा है और किया गया है, भाटापारा में किस तीव्र गति से विकास कार्य कर नगर का नक्शा बदला गया है ये किसी से अछूता नहीं है, शिवरतन शर्मा द्वारा सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पुल, पानी, बिजली, हर क्षेत्र में विकास करवाये गये है, जो इन कांग्रेसीयों द्वारा कभी सोचा भी नहीं गया और ना ये करवा पाए कभी, आज पुरे क्षेत्र में जितने भी विकास कार्य हुए सभी शिवरतन शर्मा के प्रयासों और दृण इच्छा शक्ति, विकाशपरक सोचा का परिणाम है। वही देखा जाये तो विगत 5 वर्षो से नगर पालिका में कांग्रेस की सत्ता थी जहा जिसमें सारे विकास कार्य अवरूद्ध थे, उनके मंत्री द्वारा पूर्व में घोषित की गई 05 करोड़ की राशि तक प्राप्त नहीं हुई, जबकि प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने उदारता पुर्ण निर्णय लेते हुए शिवरतन शर्मा के प्रयासों से केवल एक वर्ष में ही लगभग 15 करोड की राशि प्रदान की। पर ये बात कांग्रेसीयों को हजम नहीं हो रही है क्योंकी इनकी सोच कभी नगर का विकास रहा ही नहीं, इनका काम केवल जनहित के कार्यो का विरोध करना है,,आनंद यादव ने कहा की भाटापारा की जो स्तिथि इन 05 बर्षो में कांग्रेस सरकार और कांग्रेस शाशित नगर पालिका में हुई है वो जग जाहिर है, आनंद यादव ने बताया की भाटापारा नगर पालिका को जो वर्त्तमान में राशि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मिली यह सौगात राज्य और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रदान की गई है स्वाभाविक रूप से ऐसी किसी विकास राशि से संबंधित उपकरणों के लिए उद्घाटन सत्ताधारी दल के नेतृत्व में ही किया जाता है पिछ्ले 05 वर्षो में हमने यही देखा कि नगर पालिका ही नहीं अन्य विभागो में भी विभिन्न विकास कार्यों में कांग्रेस के नेताओं ने ही फीता काटा लेकिन दुर्भाग्यवश क्षेत्र के वर्तमान विधायक के इशारे पर कांग्रेस के 15 -20 लोग अचानक नगर पालिका पहुंच गए और वहां का वातावरण खराब करना शुरू किया पुलिस प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ताओं की समझाइश के बाद भी लगभग 01 घंटे तक कांग्रेसियों ने नगर पालिका में प्रदर्शन किया व काले झंडे दिखाए। लोकतंत्र में सभी को विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है कांग्रेसी नेताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के खिलाफ विरोध दर्ज किया तहसीलदार को बुलाया गया उनसे भी चर्चा हुई और पुलिस प्रशासन ने भी लगातार समझाइश दी।

# राजधानी में घर बनाने वालों का पसंदीदा बना हर्षित गोल्ड सिटी, प्लॉट मेला को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पांस, तीन दिन में 60 प्लॉट की बिक्री

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट हर्षित गोल्ड सिटी में लगे प्लॉट मेला में ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पांस रहा। तीन दिन में 60 प्लॉट की आनस्पाट बिक्री हुई। रविवार होने की वजह से आज हर्षित गोल्ड सिटी में सुबह से ग्राहकों की आवाजाही होती रही। राजधानी रायपुर के प्राइम लोकेशन नरदहा में किफायती और पूर्ण विकसित प्लाट खरीदने के लिए यहां पहुंचे परिवार द्वारा बहुत सारी इंक्वारी हुई है। और प्लॉट के डेवलपमेंट और लोकेशन को देखकर के सभी लोग सकारात्मक हैं और उत्साह से भरे हुए हैं। प्लाट मेला के पहले दिन 17 जनवरी को 25 प्लॉट की बुकिंग हाथोंहाथ पूरी हुई। हर्षित गोल्ड सिटी को लेकर ग्राहकों का उत्साह हर दिन बढ़ता रहा। दूसरे दिन 18 जनवरी को 28 प्लॉट की बुकिंग पूरी हुई। प्लाट मेला के तीसरे व अंतिम दिन में 19 जनवरी तक कुल 60 प्लॉट पूरी कर सिंघानिया बिल्डकॉन ने नए साल का रिकाॅर्ड ब्रेक कर दिया। सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित गोल्ड सिटी में 17-19 जनवरी 2025 तक चलने वाले प्लाट मेला में लोग अपनी पंसद के प्लाट की बुकिंग कर रहे हैं। विधानसभा रोड, नरदहा के पास स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में प्लाट मेला में निवेशकों को आकर्षक स्कीम के तहत कई प्रकार की सुविधाएं सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से दी जा रही हैं।

**100+ विश्व स्तरीय सुविधाएं -** हर्षित गोल्ड सिटी में शुरुआती 9.90 लाख रुपए कीमत से 600-1700 वर्गफुट साईज के पूर्व विकसित प्लॉट उपलब्ध हैं। इन प्रीमियम आवासीय प्लॉट्स, 100+ विश्व स्तरीय सुविधाएँ निवेशकों को दी जा रही हैं। जिनमें बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड,मंदिर, क्लब और मनोरंजन केंद्र, एम्फीथिएटर, नेट क्रिकेट, वॉलीबॉल कोर्ट, आउटडोर जिम, इनडोर जिम कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल सहित मेट्रो सिटी के अनुरूप अन्य सभी सुविधाएं दी गई हैं।

**हर्षित गोल्ड सिटी में प्लाट सौ टका फायदे का सौदा -** रायपुर का सबसे तेज विकसित होने वाला नरदहा क्षेत्र पूर्व विकसित हर्षित गोल्ड सिटी में प्लाट की बुकिंग कराने लोग परिवार समेत पहुंच रहे हैं। हर्षित गोल्ड सिटी के प्लॉट मेला में प्लॉट बुकिंग कराने वाले आदर्श दुबे, लूपेश देवांगन और अमित आनंद प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए कहते हैं कि यहां प्रीमियम आवासीय प्लॉट्स 100+ विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां पर चारों तरफ स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी हैं और साफ सुथरा स्वच्छ वातावरण है। हर्षित गोल्ड सिटी में जिम कई लैंडस्केप गार्डन और स्विमिंग पूल सहित मेट्रो सिटी के अनुरूप अन्य सभी सुविधाएं दी गई हैं। यह वाकई शानदार सौदा है।

**जो दिखाते हैं वही बनाते हैं :** सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने रियल एस्टेट में अपने कई शानदार प्रोजेक्ट सफलता के साथ पूरे किए हैं जहां हजारों परिवार निवास कर रहे हैं। ..सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की पहचान ''जो दिखाते हैं वही बनाते''... के आदर्श वाक्य के साथ रियल्टी सेक्टर में लोगों के भरोसे का प्रतीक बना चुका है।

# विकास खंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में बीजा की छात्रा संध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड साजा में माध्यमिक शालाओं के बच्चों के लिए विकासखण्ड स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला साजा में किया गया। इस प्रतियोगिता में साजा विकासखण्ड के 44 संकुलों के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बीजा संकुल की संध्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परसबोड संकुल के अन्नू साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान चार छात्राओं ने सुरुचि नेताम, आकाश सोनकर, सूरज साहू और सपना ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी ने पुरस्कृत किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। बीईओ साजा नीलेश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन ने सभी बच्चों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रथम या द्वितीय आना उतना महत्त्वपूर्ण नहीं है जितना कि प्रतियोगिता में भाग लेना। उन्होंने सभी प्रतियोगियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तथा सभी बच्चों को सफलतम व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का उदघाटन भाषण विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बी डी बघेल ने दिया। समापन भाषण और धन्यवाद ज्ञापन सीएसी आनंद कुमार ताम्रकार ने दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रधान पाठक होरी लाल मिर्झा, सीएसी माखन लाल वर्मा, मनोज वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# बोड़तरा में कविता ने लाखों के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 अंतर्गत अपने गृह ग्राम बोड़तरा में लाखों रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कविता कुमलेश देवांगन ने ग्राम के सभी सामाजिक प्रमुख की उपस्थिति में किया। जिसमें महिला प्रतीक्षालय मावली मन्दिर के पास, गौरा गौरी चौक में रंगमंच, सीसी रोड, स्कूल के पास सीसी नाली, कन्हार तालाब सीसी नाली, 4 बोरवेल्स एवं सिंटेक्स पानी टंकी का लोकार्पण एवं सी सी नाली, स्कूल चौक का रंगमंच का भूमिपूजन शामिल है, साथ ही जिला सदस्य कविता कुमलेश देवांगन एवं इंजीनियर के के देवांगन द्वारा गांव के सभी सामाजिक प्रमुख एवं युवा साथियों का साल श्रीफल एवं गमछा से सम्मान किया गया। ग्राम वासियों ने गांव में किए विकास कार्यो को लेकर जिला सदस्य एवं देवांगन का आभार जताया। इस अवसर पर केके देवांगन ने कहा कि गांव की सेवा करने के लिए मै हमेशा तैयार हूं आप सभी का प्यार और आशीर्वाद हमेशा हमको मिलता रहे। इस अवसर पर गांव के प्रमुख जन उपसरपंच उमाकांत आड़ील, चैनसिंह ध्रुव, खूबी राम ध्रुव, आशकुमार अनंत, लखन साहू, गोवर्धन साहू, जोहन निर्मलकर, वाशु निर्मलकर, फिरनता देवांगन, बंशी देवांगन, श्रीराम यादव, संतोष यादव, निर्मल नायक, रामकली ध्रुव, ललिता देवांगन, बिंदेश्वरी नायक मुकेश ध्रुव, रोहित ध्रुव, छन्नू सेन सहित गांव के पंच गण, युवा साथी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# प्रगतिशील यादव महासंघ की नेक पहल







पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती आयोजन समिति द्वारा विगत दिनों निवेदिता शासकीय कन्या शाला, गुरु नानक चौक, रायपुर में उनके जीवन वृत्त और दूरदर्शी प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता टोप लाल वर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक ने अपने उदबोधन में नारी सशक्तिकरण की प्रतीक वीरांगना का उनका धर्म के प्रति अतुलनीय समर्पण को राष्ट्रीय चरित्र की मिसाल बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष की आसंदी से अपने उदगार प्रकट करते हुए महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने छात्राओं को रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी से प्रेरणा लेने की सलाह देते हुए उनकी देशभक्ति, राजनीतिक सूझबूझ एवं पराक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय की नौ नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने नवदुर्गा स्वरूप वीरांगना अहिल्याबाई का रूप धारण कर उनकी प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और साहस की चर्चा कर उपस्थित जन समुदाय की ताली बटोरी। सार्थक और सकारात्मक व्याख्यान के समापन पूर्व महासंघ के पदाधिकारी जितेंद्र बहादुर यादव, मधु यादव, अशोक यादव, शशिकांत यादव, प्रमोद यादव, सुधीर यादव, आकाश यादव, महेश यादव, हरिओम देवांगन आदि ने विद्यार्थियों के बीच दूध, केला, स्वीट्स, टॉफी आदि वितरित की। राष्ट्रगान पूर्व अहिल्याबाई अमर रहे के गगनभेदी नारों से पूरा शाला परिसर गुंजायमान हो गया। समारोह संयोजक संजय जोशी की परिकल्पना को शाला स्टाफऔर गुरुजनों ने साकार किया।

# गौरव पथ निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा : सुखविंदर रैना

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com







सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र में 44 करोड़ 40 लाख की लागत से गौरव पथ निर्माण हो रहा है जो शुरू से ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है पहले डिवाइडर की ऊंचाई को कम कर दिया गया फिर सड़क की चौड़ाई को कम कर दिया गया, जिसके कारण शासन ने नगरपालिका सरायपाली के इंजीनियर को निलंबित तक कर दिया। नगर पालिका सरायपाली में कांग्रेस से अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रही श्रीमती सुखविंदर रैना ने कहा कि अभी गौरव पर निर्माण कार्य पूर्ण भी नहीं हुआ है और जिस प्रकार नवनिर्मित नालियां टूट रही हैं यह नगर पालिका प्रशासन और ठेकेदार द्वारा मिली भगत के साथ किया जा रहे बड़े भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है शान द्वारा एक उप अभियंता को निलंबित किया जा चुका है उसके बावजूद नगर पालिका के जो वर्तमान उप अभियंता है कोई सबक नहीं ले रहे हैं और ठेकेदार को मनमानी करने की छूट दे रखे हैं ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा भ्रष्टाचार सामने नजर आ रहा है इसके बावजूद लगातार ठेकेदार को घटिया निर्माण के लिए भुगतान तक किया जा रहा है। सुखविंदर रैना ने कहा कि सरायपाली में गौरव पथ का निर्माण मैं जिस प्रकार भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण किया जा रहा है उसे सिर्फ और सिर्फ सरायपाली की नगर वासिओं तथा व्यापारियों को आने वाले समय में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, गौरव पथ जिस प्रकार घटिया नालियां बनाई जा रही हैं हल्के और छोटे-मोटे वहान चढ़ जाने पर टूट रही है वही बड़े वाहनों के चढ़ने पर इन नालियों का क्या होगा अभी तो निर्माण कार्य चल रहा है ठेकेदार मरम्मत कर देंगे लेकिन जब यह घटिया निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा उसके बाद जब नालियां टूटेगी तो कौन बनाएगा? जनता के इन सवालों का जवाब नगर पालिका प्रशासन तथा वहां बैठे अधिकारियों को देना होगा।

## एक बार फिर कांग्रेस का परचम लहराना है : विधायक इंद्र साव

# टिकट जिसको भी मिले आप सबको मिल कर अध्यक्ष बनाना है : अनीता शर्मा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में भाटापारा नगर पालिका हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक पूर्व विधायक अनीता शर्मा का स्थानीय कांग्रेस भवन में आगमन हुआ। जहा कांग्रेस जनों ने उनका स्वागत किया वही पालिका चुनाव में टिकट चाहने वाले दावेदारों ने उन्हें अपना आवेदन पत्र भी दिया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस भवन में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि आप सभी का धन्यवाद है कि आपकी दुआओं एवं स्नेह के कारण आज मैं दूसरा जन्म लेकर आपके बीच पहुंचा हूं स्थानीय निकाय का चुनाव सबसे कठिन चुनाव होता है जिसमें जमीन से जुडा व्यक्ति अपनी सरकार बनाते हैं इसके लिए प्रत्येक वार्डो में हमें अच्छे उम्मीदवारों का चयन कर पूरी टीम भावना के साथ एक जुट होकर कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाने का फिर समय आ गया है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी की एकजुटता के कारण आप लोगो की ईमानदारी और मेहनत के कारण आज मैं विधानसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हु और चाहता हु की आप लोग इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में एक नई मिसाल कायम करते हुए भाटापारा नगर पालिका में ना केवल अपना अध्यक्ष बैठाना है बल्कि पूर्ण बहुमत से पार्षदों को भी जिताना है। पर्यवेक्षक श्रीमती अनीता शर्मा ने कहा कि उन्हें खुशी हो रही है कि यहां से कांग्रेस की टिकट पर पार्टी प्रत्याशी बनने काफी आवेदन उन तक आए है जो इस बात का संकेत है कि भाटापारा में कांग्रेस के ऊर्जावान कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से इस बार भी पार्टी का अध्यक्ष बनाने को आतुर और सक्रिय दिख रहे है। शर्मा ने कहा कि प्रजातंत्र में हर कार्यकर्ता का दावेदारी करने का अधिकार है लेकिन अंतिम निर्णय पार्टी संगठन का होगा उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की की जो भी प्रत्याशी चुना जाएगा उसे सभी को मिलकर जिताना होगा और भाटापारा में एक बार फिर से कांग्रेस का अध्यक्ष बनाना होगा। कांग्रेस जनों की बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया और सभी से चुनाव की तैयारी में पूरी मेहनत से जुट जाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि इच्छुक दावेदारों को अपने ब्लॉक अध्यक्षों को आवेदन जमा करना होगा सभी वार्डो में एक पैनल तैयार कर उनसे दावेदारों की जानकारी जुटा कर सूची बनाई जाएगी इसके साथ ही पार्षद एवं अध्यक्ष जो भी चुनाव लड़ना चाहते हैं उन्हें मनमोहन कमेटी के अंतर्गत अपनी 5 महीने का वेतन भी जमा करना होगा। वही ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सर्वसम्मति का रूख अपनाया जाएगा तथा पार्टी के खिलाफ जाने वाले बागियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व स्थानीय कांग्रेस भवन में अनीता शर्मा, विधायक इन्द्र साव का कांग्रेस भवन पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान लगभग एक दर्जन कांग्रेस जनों ने अध्यक्ष प्रत्याशी बनने अपना आवेदन शर्मा को सौंपा। बैठक में विभिन्न वार्डो से टिकट चाहने वाले दावेदारों सहित अध्यक्ष के दावेदार एवं पार्टी संगठन से जुड़े पदाधिकारी, जिला पदाधिकारीगण, ब्लॉक पदाधिकारियों सहित पूर्व पार्षद एवं कार्यकर्ता गण काफी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल, एन.एस.यू.आई. के सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल रहें।

# अध्यक्ष पद के दावेदार माहौल बनाने में जुटे

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही अब लोगों को आचार संहिता लगने का इंतजार है। जिसके मद्देनजर चुनावी माहौल बनने लगा है। चुनावी मैदान में कूदने वाले नेता अभी से जनसंपर्क में जुट गए है। वहीं वार्डो में चुनाव जीत कर पार्षद बनने वाले नेता पुनः पार्षद बनने के लिए किसी अनुकूल वार्ड की तलाश में जुटे दिखने लगे हैं। गौरतलब हो कि हाईप्रोफाइल सीट होने के कारण भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में चुनाव लड़ना आम लोगों के बस की बात नही है। यहां जनबल के साथ धनबल से भी मजबूत व्यक्ति ही टक्कर देने चुनावी मैदान में उतरने की सोच सकते है। लेकिन अध्यक्ष पद इस बार अनारक्षित घोषित हुआ है, जिससे दावेदारों की फेहरिस्त के बीच दोनों प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर की उम्मीद है। इस बार का चुनाव सिर्फ उम्मीदवारों का नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिष्ठा का भी सवाल है। भाजपा का पूरा जोर विकास और स्थानीय मुद्दों पर रहेगा तो वहीं कांग्रेस अपने पांच साल के कार्यकाल में विकास कार्यो को गिना अपना प्रभाव बनाए रखने की कोशिश करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से बनाए गए भानुप्रतापपुर के नगरी निकाय चुनाव प्रभारी किरण नरेटी को भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदारों ने आवेदन दिया है जिसमे अब भाजपा से भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 7 लोग हो गए हैं। जिनमे नरोत्तम चौहान निखिल सिंह राठौर राजा पाण्डेय अरविंद जैन रत्नेश सिंह राजिंदर कौर रंधावा मनीषा साहू शामिल हैं।

# जिला मुस्लिम समाज की बैठक में शामिल हुए जिले भर के पदाधिकारी, शिक्षा और समाजिक उत्थान पर हुई चर्चा

## बुराइयों से दूर रहकर नई पीढ़ी को शिक्षा से जुड़ने की सलाह

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



किसी भी समाज के लिए शिक्षा कितना महत्वपूर्ण है यह बात सभी समाज समझने लगा है. शिक्षा की महत्ता को बताते हुए सदियों पहले संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पियेगा उतना दहाड़ेगा. शिक्षा की महत्ता को समझते हुए और समाज का लगातार पिछड़ते जाने की वजह पर चिंतन करते हुए नई पीढ़ी को बेटा और बेटी में भेद भाव किए बिना आगे बढ़ाने का निर्णय जिला मुस्लिम कमिटी की विशेष बैठक में लिया गया. रविवार को जिला मुख्यालय जशपुर में अंजुमन इस्लामियां के सामुदायिक भवन में जिलास्तर मुस्लिम कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया. कमिटी में जिला मुस्लिम कमिटी के सदर महबूब अंसारी के साथ ही बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे.

**नशा समाज का नाश है** -जिला स्तर मुस्लिम कमिटी की बैठक में कमिटी के समन्वयक और कुनकुरी अंजुमन इस्लामियां के सदर हाजी खालिद सिद्दीकी ने कहा समाज के लिए सबसे घातक नशा खोरी है. नई पीढ़ी नशे के गिरफ्त में है. शिक्षा से कोसों दूर. यही वज़ह है कि समाज का शिक्षा का स्तर नीचे गिरता जा रहा है और बुराइयाँ बढ़ती जा रही है. उन्होंने नई पीढ़ी के युवाओं से नशा से दूर रहने की अपील की है.

**शिक्षा के लिए सभी बराबर** - शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करते हुए जिला मुस्लिम कमिटी के जिलाध्यक्ष सदर महबूब अंसारी ने कहा, शिक्षा के लिए समाज लड़का और लड़की पर फर्क नहीं कर रहा है. बेटियां शिक्षा में बेहतर कर रहीं हैं इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने की भी बात कही।

**ये रहे उपस्थित** -जिला मुस्लिम कमिटी की बैठक में सदर महबूब अंसारी, सेक्रटरी असलम आजाद, उपाध्यक्ष रुफी खान, खालिद सिद्दीकी कुनकुरी, सेराज राही कुनकुरी, सैयद जिन्ना केराडीह, सरवर अली रनपुर, इरफान खान कुनकुरी, इब्नउल खान कांसाबेल, वकील फिरोज खान कुनकुरी, ताहिर अली कुनकुरी, नईम खान मनोरा, सरफराज आलम वकील जफिर चिश्ती बगीचा, कलीम खान बसपत्रा, उस्मान कुरैशी बगीचा, सेराज खान सन्ना, मोहम्मद इकराम बगीचा, तनवीर कुरैशी जशपुर, प्यार मोहम्मद जशपुर, फसीउद्दीन खान उर्फ फास्टन चरईडांड़, इफ्तिखार खान उर्फ गुड्डू केराडीह, हदीस अंसारी आस्ता, शेख अरमान कोतबा शामिल रहे।

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी

## ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव होने से लोगों का बढ़ा विश्वास

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल के दिशानिर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में बढोत्तरी हो रही है। जिससे स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रति आम जनता का विश्वास भी बढा है, इसी विश्वास का प्रतिफल है कि जिले में अधिकांश प्रसव सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में हो रहे है। इसी संदर्भ में विकासखंड छुरा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़मा में 48 घंटे के अंदर नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से 7 नवजात बच्चों की किलकारियां गुंजी। इसके लिए चिकित्सा अधिकारियों एवं मेडिकल स्टाफने तत्परता एवं सजगता से कार्य करते हुए प्रसव कार्य को सम्पन्न कराने में योगदान दिया। प्रसव पश्चात प्रसूतियों सहित नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक टीकाकरण भी किया गया। सुरक्षित प्रसव के पश्चात प्रसूतियों के परिजनों ने बेहतर सेवाओं के लिए खुशी जाहिर करते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में सभी लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशासन सजग एवं गंभीर है। इसके लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य संसाधनों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके फलस्वरूप लोग शासकीय अस्पतालों में विश्वास के साथ आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे है। सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल ने बताया कि स्वास्थ्य टीम के सक्रिय योगदान से खड़मा के पीएचसी में 7 गर्भवती महिलाओं का नॉर्मल डिलीवरी कराया गया। जिसमें ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी सहित सभी स्टॉफ एवं मितानिनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने स्वास्थ्य विभाग तत्पर एवं सजग है। लोगों को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से हर संभव स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। इससे जिलेवासी निश्चित रूप से लाभान्वित हो रहे है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सकों, स्टॉफ नर्सों सहित सभी कर्मचारियों और मितानिनों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की है।

# समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना-चैकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक लिया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक कार्यालय मुंगेली के सभा कक्ष में 18 जनवरी को पुलिस अधीक्षक मुंगेली द्वारा जिला मुंगेली के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चैकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक लिया गया। समीक्षा बैठक में सभी थाना/चैकी प्रभारियों को विभिन्न बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दिया गया। जिले के सभी थाना चैकी में लंचित एक वर्ष से अधिक लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत की जांच शीघ्र पूर्ण कर न्यायालय पेश करने, न्यायालय से प्राप्त समंस वारण्टों की तामीली अधिक से अधिक संख्या मे करने, ऑपरेशन मुस्कान के तहत् अधिक से अधिक संख्या में गुम इंसान की दस्तयाबी करने, थाना क्षेत्र में शांतिभंग करने वालें असमाजिक तत्वों के विरूद्ध अधिक से अधिक संख्या में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही करने, जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री गांजा ब्राऊन शुगर इत्यादि सूखा नशा विक्री करने वाले एवं जुआ-सट्टा के विरूद्ध कार्यवाही करने, गंभीर प्रकरणों में पीड़ित को क्षतिपूर्ति एवं राहत राशि तथा सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को राहत दिलाये जाने हेतु शीघ्र कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में कृषक पशु परिवहन पर सतत् निगाह रखी जावे तथा परिवहन करते पाये जाने पर विधिसम्मत कठोर कार्यवाही किया जावे तथा आम जनता से पुलिस का अच्छा संबंध स्थापित किया जाने हेतु निर्देश दिया गया। मीटिंग में जिले के कोतवाली थाना द्वारा ऑनलाईन एफआर.आर. दर्ज करने के प्रतिशत में राज्य में प्रथम होने पर बधाई दी गयी तथा सभी थानों में सीसीटीएनएस कार्य को और अधिक बेहतर करने कहा गया, साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर हेल्पलाईन नंबर एवं विभिन्न ऑनलाईन पोर्टल के वृहद प्रचार-प्रसार हेतु कार्य योजना बनाने हेतु कहा गया, साथ ही जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा माह में एन्फोर्समेंट इंजीनियरिंग फोर एज्युकेशन (3ई) पर विशेष फोकस करने, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने निर्देशित किया गया। उक्त मीटिंग में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस, रक्षित निरीक्षक मुंगेली, थाना/चैकी प्रभारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं साइबर स्टाफउपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया क्रिकेट खेल में कप्तान साहिल बघेल और उसके टीम विजेता रहे

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिजराकापा नवीन, संकुल लालपुर थाना, वि.ख. लोरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ़ में 16 जनवरी 2025 को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बैडमिंटन खेल एवं रंगोली प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक मेलूराम साहू, क्रिकेट खेल के प्रभारी शिक्षक दिगेश्वर सिंह बघेल और 100 मीटर दौड़, रस्सी कूद, फुगड़ी, बिस्किट दौड़, कुर्सी दौड़ के प्रभारी शिक्षक अशोक कुमार यादव थे। आए हुए अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। बैडमिंटन खेल बालक वर्ग में अंकित बघेल प्रथम और अनुराग बघेल द्वितीय। बालिका वर्ग में दिव्या पाटले प्रथम और मनीषा डहरिया द्वितीय। रंगोली प्रतियोगिता में अनन्या बघेल प्रथम और चाँदनी पात्रे द्वितीय। क्रिकेट खेल में कप्तान साहिल बघेल और उसके टीम विजेता रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में साहिल बघेल प्रथम और आदित्य पाटले द्वितीय। बालिका वर्ग में मनीषा डहरिया प्रथम और अनन्या पाटले द्वितीय। रस्सी कूद प्रतियोगिता में अनन्या पाटले प्रथम और नव्या बंजारा द्वितीय। फुगड़ी प्रतियोगिता में मनीषा डहरिया प्रथम और अनन्या पाटले द्वितीय। बिस्किट दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग साहिल बघेल प्रथम और प्रेमकुमार नवरंग द्वितीय।

बालिका वर्ग में मनीषा डहरिया प्रथम और वर्षा बंजारे द्वितीय। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्ग में साहिल बघेल प्रथम और अनुराग बघेल द्वितीय। बालिका वर्ग में सुनयना बंजारा प्रथम और वर्षा बंजारा द्वितीय स्थान प्राप्त किये। विजेता विद्यार्थियों को शिक्षकों और अतिथियों के हाथों पेन, कॉपी और अन्य सामग्रियाँ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में कालिदास कुर्रे, शिवदास सोनवानी, मिलचंद बघेल, रमेश बघेल, विनोद गेंदले, अश्वनी अनंत, अमरदास बघेल, सागर बघेल, किशोर अनंत, रमेश कुर्रे, जनक बघेल, सहदेव बघेल और संतोष कुमार जांगड़े सहित गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्रधान पाठक मेलूराम साहू ने किया।

# 108 की सेवा जिले वासियों के लिए संजीवनी की भूमिका निभा रही

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



108 की सेवा निरंतर अपने नाम के अनुरूप घायलों, मरीजों को त्वरित आपातकालीन सेवा प्रदान करते हुए जिले वासियों के लिए संजीवनी की भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में मुंगेली जिले में बीते 12 माह के दौरान जिले के 5521 सौ से अधिक लोगों की जान बचाने में 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने अपनी सार्थक भूमिका निभाई है। संचालन करने वाली संस्था जे.ए. ई.एस द्वारा बताया गया कि जनवरी, से दिसंबर में कुल 5521 लोगों को आपातकालीन सेवाओं का लाभ पहुँचाया गया है। जिनमें आरटीए के 717, प्रेग्नेंसी 585, जहर सेवन के 201, सुसाइड एटेम्पट के 05, एनिमल बाईट 98 एवं सर्दी, खांसी, चेस्ट पेन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी- दस्त, एलर्जी, पीठ दर्द, डायरिया फरैक्क, बर्न, डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों के 3912 लाभर्थियों को सेवा दी गई है। हर मौसम में तत्परता से जुड़े रहते हैं संजीवनीकर्मी -जरूरतमंदों को त्वरित और बेहतर आपातकालीन सेवा देने में संजीवनी की टीम हर मौसम में पूरे समर्पण के साथ तत्परता से कार्य करती है। बात चाहे तेज गर्मी की तपिश या बारिश की हो, 108 की टीम हर स्थिति परिस्थिति के बीच सेवाभावना से जुटी रहती है। निःस्वार्थ से भाव लगे हुए है 108 टीम जिला प्रबंधक यशवंत जायसवाल ने बताया कैसे 108 के टीम पूरे निष्ठा भाव से सेवा में लगे रहते है और गोल्डन हावर का उपयोग मरीज के जान बचाने में कर रहे है निश्चय ही हमारी 108 संजीवनी एक्सप्रेस की पूरी टीम अपने नाम के अनुरूप कार्य कर रहे है और लोगो तक त्वरित आपातकालीन परिस्तिथि में पहुंच रहे है और स्वास्थ सुविधा प्रदान कर रहे है।

# नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव का नगरागमन पर कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के सर्वप्रथम नगर आगमन पर कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा टोल प्लाजा के समीप ढोल बाजे के साथ पुष्पाहार, गुलाब और पुष्प गुच्छ से उनका भव्य स्वागत किया गया। किरण सिंहदेव के नगर आगमन पर समस्त कुम्हारी भाजपा कार्यकर्ताओं में अपूर्व आत्मीय उत्साह प्रदेशाध्यक्ष के सम्मान में दिखाई दिया। उन्होंने सभी भाजपाईयों द्वारा किये स्नेहिल स्वागत सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। संक्षिप्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति भारत की पहचान है। छत्तीसगढ़ के युवाओं का विशेष महत्व और स्थान है। कांग्रेस की सरकार ने कभी अपना वादा नहीं निभाया-उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पांच वर्ष के शासन काल में कांग्रेस ने विकास के कार्यों से नाता तोड़ लिया था । उन्होंने अपने किसी भी वचन को निभाने का काम नहीं किया। जबकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में एक एक वचन को पूर्ण कर रहे हैं । त्रिस्तरीय चुनाव पंचायत, पालिका और निगम के सम्बन्ध में भाजपा का प्रदर्शन अपने समर्पित कर्मठ सदस्यों, कार्यकर्ताओं और सम्माननीय जनता के सहयोग, आशीर्वाद से विधानसभा चुनाव विजय के समान अपना परचम लहराएगी। स्वागत करने वालों में कुम्हारी भाजपा मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, रामकुमार सोनी, अशोक दीवान, राकेश पाण्डेय, माखन कोसरिया, पन्नालाल साहू, मिथलेश यादव, दीपक चतुर्वेदी, राजू निषाद, लोकेश साहू, अनुराग गुप्ता, पी एन दुबे, राजकुमार सिंह, आलोक दुबे, बिसेलाल साहू, ओंकार मारकंडे पार्षद, अश्वनी देशलहरे, तिलक परिहार, पुरणेंद्र साहू, ओमेंद्र साहू, पंकज वर्मा, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, वीरू सिंह, कैलाश सोनकर, विकास सोनकर, मीना वर्मा, रागिनी निषाद, तृप्ति चन्द्राकर, इंदिरा कोसरिया, बबीता साहू, कंचनलता चन्द्राकर, गीता निर्मलकर, शकुन खैरवार, सुनीता कुर्रे, जूली सिंह एवं राधा ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षित अध्यक्ष पद की सशक्त दावेदारी से बढ़ने लगा नगर का राजनैतिक तापमान

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगरपालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षित की घोषणा के साथ ही नगर में सभी राजनैतिक दलों से दावेदारी की आवाजें छनकर आना प्रारम्भ हो गया है । मुख्य राजनैतिक दलों भा ज पा, काँग्रेस के अतिरिक्त निर्दलीय भी इस स्थानीय निकाय चुनाव में शासन की घोषणा के अंतर्गत प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से जनता के समक्ष वोट माँगने की पूरी तैयारी कर रहे हैं साथ ही पार्टिगत सदस्य अपना सुदृढ़ पक्ष आला कमान के समक्ष प्रस्तुत कर टिकट प्राप्त करने एड़ी चोटी का जोर लगाने में कोई कसर छोड़ नहीं रहे हैं। इस परिदृश्य में सत्ता पक्ष भाजपा समर्थकों द्वारा अपना अपना पक्ष पदाधिकारियों एवं निर्वाचक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। एक लम्बी फेहरिस्त बनती जा रही है । वैसे भी भाजपा ओ बी सी वर्ग को आकर्षित करने में जुटी हुई है तो कांग्रेस भी अपनी रणनीति तय करने में जुटी हुई है। अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा से ओ बी सी वर्ग के कई महिला उम्मीदवारों ने अपनी सशक्त दावेदारी प्रस्तुत कर संगठन को उचित प्रत्याशी चयन करने का कठिन अवसर दे दिया है। जबकि कांग्रेस की ओर से प्रबल दावेदार बेबी ओम नारायण वर्मा, मीना साहू, प्रियंका चंद्राकर, गीतांजलि साहू और रामप्यारी पटेल आदि गिने चुने नाम हवा में तैर रहे हैं । इन दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों के अन्दर खाने में आम सहमति से अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी चुने जाने का भरपूर प्रयास जारी है। टिकट मिलने की आस में दावेदारों का धैर्य कब तक अपनी सीमा और मर्यादा का पालन कर पाता है यह देखने योग्य होगा। टिकट न मिल पाने की स्थिति में असंतुष्टों को साधने की रूपरेखा पर दोनों पार्टी संगठन गम्भीरता से विचार कर रही है ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित न हो। कुम्हारी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद प्रत्याशी हेतु भाजपा से टिकट उम्मीदवार योगिता वर्मा, मीना वर्मा, संध्या साहू, रितिका यादव, तृप्ति चंद्राकर, बबीता लोकेश साहू और रागिनी राजू निषाद ने अपने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए अपनी सशक्त दावेदारी की उपस्थिति दर्शाई है। जहाँ तक इन सभी दावेदारों की सामाजिक और राजनैतिक छवि के साथ शैक्षणिक योग्यता तथा अपने समाज की संगठनात्मक गति विधियों में अच्छी खासी पकड़ है और सर्वमान्य भी हैं। सभी महिलाओं के पति भी सक्रिय राजनीति में अपना स्थान रखते हैं। फिलवक्त कुर्मी समाज से कई नाम उभरकर आए हैं तो साहू समाज से भी कुछ नाम आए हैं जिसमे उच्च शिक्षा प्राप्त, पेशे से व्याख्याता तथा सामाजिक राजनैतिक परिवेश जुड़ी बबीता लोकेश साहू ने अपना दावा प्रस्तुत करते हुए बताया कि उन्हें समाज का पूर्ण समर्थन प्राप्त है तो साथ ही उनके पति लोकेश साहू मृदुभाषी और कर्मठ युवा भाजपा नेता ने नगर पालिका परिषद कुम्हारी में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए लोकहित में अनेक कार्य कर जनता का विश्वास हासिल किया है इस प्रकार नगर की जनता का आशीर्वाद भी उन्हें मिलेगा। भाजपा से ही टिकट प्राप्त करने के लिए एक और दावेदार तृप्ति चंद्राकर जो कि भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्या हैं साथ ही पार्टी संगठन की गतिविधियों में सक्रियता से सम्मिलित रह कर जनहित के लिए मुखर रहती हैं, का दावा भी इस क्रम में आगे है।

## ट्रैफिक पुलिस द्वारा सफेद पेंट एवं रेडियम पट्टीकरण कार्य किया गया

# दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात एवं क्राइम प्रभारी ने संभाली कमान अपने स्टाफके साथ स्वयं उतरे सड़क पर

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com





सड़क सुरक्षा माह के तहत कोरबा पुलिस द्वारा सड़क मोड़ों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा वृक्षों एवं खंभों पर सफेद पेंट एवं रेडियम पट्टीकरण कार्य किया जा रहा है। एसपी एस. तिवारी के निर्देशन में एवं यातायात एवं क्राइम प्रभारी आर. के. मीना के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत करतला, पसान, भैसमा, बागों एवं पाली क्षेत्र के सड़क मोड़ों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा सफेद पेंट एवं रेडियम पट्टीकरण कार्य किया गया।

100 से अधिक पेड़ो पर सफेद पेंट एवं 200 से अधिक पेड़ो एवं खंभों पर रेडियम पट्टीकरण का कार्य किया गया इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से घुमावदार मार्गों पर दृश्यता बढ़ाकर वाहन चालकों को सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करना एवं सड़क हादसों को रोकना है। यह कार्य प्रमुख सड़कों, अंधे मोड़ों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में किया गया, जिससे वाहन चालकों को दूर से ही मोड़ स्पष्ट दिखाई दे और वे अपनी गति नियंत्रित कर सुरक्षित ड्राइविंग कर सकें। सड़क सुरक्षा माह के दौरान ऐसे कई अन्य प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और इस अभियान में पुलिस का सहयोग करें। कोरबा ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाती रहेगी।

**कोरबा ट्रैफिक पुलिस-** इस अभियान में यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह सीएसपी भूषण एक्का जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सहित यातायात एवं पुलिस के लगभग सभी स्टाफमौजूद रहे।

# जिला अध्यक्ष से सौजन्य भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया, त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में चर्चा किया



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस कमेटी मुंगेली के जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा से उनके गृह निवास पथरिया जा कर सौजन्य भेंट कर बधाई एवम् शुभकामनाएं दिया और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में चर्चा किया। अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व विष्णुदेव साय की सरकार के एक साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ राज्य अपराध व हिंसा का गढ़ बन गया है वर्तमान में साय सरकार द्वारा स्थानीय चुनावों में ओबीसी वर्ग के आरक्षण में कटौती कर जनता विरोधी अपनी मंशा को दिखा दिया है, हमे संयम के साथ, एकजुट होकर, आम जनता के बीच जाकर, अधिक से अधिक कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को जिला और जनपद स्तर पर जीता कर लाना होगा। राजेंद्र यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस मुंगेली, कलेश्वर गर्ग जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस मुंगेली, रूपदास कोशले और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# पायनियर हलचल...

## भाजपा-कांग्रेस दोनों का रुख गैर ब्राह्मण प्रत्याशी की ओर




निकाय चुनाव का ऐलान चाहे जब भी हो लेकिन चुनावी परा चढ़ने लगा है। रायपुर नगर निगम सामान्य महिला के लिए रिवर्ज घोषित किया गया है। सामान्य महिला घोषित होते ही निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे काफी उत्साहित हैं। मीनल निगम की राजनीति में काफी सक्रिय हैं, और वह वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में हैं, इसलिए उनकी दावेदारी स्वाभाविक भी है। लेकिन आरक्षण को लेकर उपजे विवाद के चलते भाजपा आसमंजस की स्थिति में है। पार्टी के प्रमुख नेताओं का मानना है कि आरक्षण विवाद को शांत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा आरक्षित वर्ग से प्रत्याशी मैदान में उतारे जाएंगे। ऐसे में मीनल का क्या होगा? फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता। भाजपा की रणनीति से एक बात तो साफ है कि सीट भले ही सामान्य महिला रिजर्व घोषित हुई है, लेकिन प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से उतारे जाने की ज्यादा संभावना है। बहरहाल भाजपा इस विषय पर जमकर एक्सरसाइज कर रही है। वहीं दूसरी ओर दूध की जली कांग्रेस अब छांछ भी फूंक-फूंक पी रही है। मतलब रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में ब्राह्मण वर्ग से उम्मीदवार उतारने का खामियाजा कांग्रेस भुगत रही है। कांग्रेस के आकाश शर्मा भले ही ब्राह्मण वर्ग से आते हैं, लेकिन उन्हें उपचुनाव में ब्राह्मणों के वोट भी नहीं मिले। ऐसे में कांग्रेस बीते चुनावों के अनुभवों के आधार पर रायपुर नगर निगम में ओबीसी कैंडीडेट को मैदान में उतारने का विचार कर रही है। सम्भवतः इसीलिए पूर्व महापौर किरणमयी नायक की सक्रियता इन दिनों फिर बढ़ गई है।

## लोकतंत्र में उखाड़कर फेंकने की ताकत सिर्फ जनता के पास



यह स्मरण होना चाहिए कि भारतीय लोकतंत्र में उखाड़कर या उठाकर फेंकने की ताकत सिर्फ जनता के पास है। जिस पुलिस बल और जिन अफसरों का रुतवा दिखाकर आप जनता जनार्दन को उठवाकर फेंकने की सरेआम धमकी दे रहे हैं, वह उन्हीं जनता के सुरक्षा के लिए है। आप तो सिर्फ किरायेदार हैं, चार साल बाद यही जनता फिर आपसे हिसाब मांगेगी। तब भी आपका यही तेवर रहेगा? उस समय भी आपका यही रुतवा रहेगा क्या? शायद नहीं। जिन महतारियों का आपकी सरकार वंदन कर रही है, उनके साथ आपका ऐसा क्रूर व्यवहार क्यों? दरअसल कोरबा जिले में हजारों की संख्या में महिलाएं आंदोलन कर रही थी। जिनके समक्ष स्थानीय विधायक और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन पहुंचे, उन्हें देखकर महिलाएं और क्रोधित हो गई। मंत्री जी भी तमतमा उठे, मंत्री देवांगन ने महिलाओं को साफ कह दिया कि ज्यादा हेकड़ी दिखाओगे तो उठवाकर फेंकवा दूंगा। फिर क्या महिलाओं ने मंत्री जी को जमकर खरी-खोटी सना दीं। क्रोधित महतारियों ने साफ कह दिया कि आप क्या हमें फेंकवाओगे, हम आपको उखाड़ के फेंक देंगे। बढ़ते विवाद को देखकर कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत को बीच बचाव करना पड़ा। कलेक्टर के सूझबूझ से मामला फिलहाल शांत हो गया। लेकिन स्थानीय विधायक और नेताओं को यह मंथन और चिंतन करना चाहिए कि जनता के प्रति आपका यह व्यवहार कितना उचित है।

## अनपढ़ होना ही विशेष योग्यता, तो अनपढ़ का रोना क्यों?





2018 में जब कांग्रेस सत्ता में आई तो उस दरम्यान कांग्रेस के पास कवासी लखमा के अलावा लखेश्वर बघेल, संतराम नेताम, मोहन मरकाम समेत कई सीनियर आदिवासी विधायक मौजूद थे, जिन्हें मंत्री बनाया जा सकता था। लेकिन कवासी लखमा को ही क्यों चुना गया? और खोजकर उन्हें ही आबकारी मंत्री क्यों बनाया गया? दरअसल आरोप यह है कि आबकारी घोटाले का खांका पहले ही तैयार हो चुका था। और कोंटा विधायक लखमा का अनपढ़ होना उनके आबकारी मंत्री बनने की विशेष योग्यता साबित हुई। शायद इसीलिए पढ़े लिखे आदिवासी नेताओं मोहन मारकाम, लखेश्वर बघेल और संतराम नेताम को उस समय दरकिनार करते हुए कवासी लखमा को मंत्री पद से नवाजा गया। जब उस समय कवासी का अनपढ़ होना मंत्री पद पाने की विशेष योग्यता थी, तो अब अनपढ़ होने का रोना क्यों? 2000 करोड़ रुपये से भी अधिक के शराब घोटाले में ईडी जांच कर रही है। ईडी का आरोप है कि लखमा को प्रतिमाह 2 करोड़ रुपये का लाभ दिया जाता था। सवाल यह उठता है कि उस समय लखमा ने अनपढ़ होने का रोना नहीं रोया, तो अब क्यों? बहरहाल ईडी मामले की जांच कर रही है। ईडी ने अपनी जांच में एक पूर्व आईएएस को शराब घोटाले का मेन सरगना बताया है। कहा जा रहा है कि मामले में उनकी भी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है।

## अडानी समूह की धमाकेदार एन्ट्री



वैसे तो अडानी समूह द्वारा राज्य में वर्षों से काम किया जा रहा है। यहां की ज्यादातर सीमेन्ट कंपनियां अडानी समूह द्वारा खरीदे जा चुके हैं। बीते पांच साल में हसदेव अरण्य और कोल खनन की गूंज खूब सुनाई दी, इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता भी इस समूह को अब भली-भांति जानने और पहचानने लगी है। राज्य में उद्योगपतियों को एक अच्छा माहोल मिल रहा है। सम्भवतः इसीलिए अडानी समूह के चेयरमेन गौतम अडानी को खुद चलकर छत्तीसगढ़ आना पड़ा। गौतम अडानी और सीएम साय की मुलाकात में यह बात सामने आई कि अडानी समूह पॉवर क्षेत्र में 65 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। वहीं सीमेन्ट क्षेत्र में भी 5 हजार करोड़ रुपये निवेश की बात सामने आई है। निश्चित ही यह बहुत बड़ी रकम होती है। यदि विष्णुदेव सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में इस मुलाकात को मूर्त रुप देने में सफल हो गई, तो निश्चित ही राज्य में रोजगार के अनेकों अवसर पैदा होंगे।

## मंत्रिमंडल विस्तार का सेमीफाइलन



जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव को एक बार फिर प्रदेश भाजपा की कमान सौंप दी गई है। इसके पहले किरण सिंह देव को मंत्री बनाये जाने का भी कयास लगाया जा रहा था। लेकिन बस्तर संभाग से ही भाजपा अध्यक्ष के रुप में किरण सिंहदेव के दोबारा ताजपोशी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार में अब इस सम्भाग से सिर्फ एक मंत्री केदार कश्यप बस्तर का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे और अब अन्य की गुंजाइस यहां से नहीं है। किरण सिंहदेव के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद अब मंत्रिमंडल में रायपुर और दुर्ग सम्भाग की दावेदारी ज्यादा मजबूत हो गई है। रायपुर सम्भाग में पुराने चेहरों में कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और नये विधायकों में रायपुर उत्तर सीट से विधायक पुरंदर मिश्रा प्रमुख दावेदार हैं। वहीं दुर्ग सम्भाग से एक मात्र दावेदार गजेन्द्र यादव मैदान में दिख रहे हैं। बिलासपुर में अमर अग्रवाल के नाम के कयास लगाये जा रहे हैं। जबकि पहले ही इस सम्भाग से उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मौजूद हैं। यही नहीं बिलासपुर से ही सांसद तोखन साहू को केन्द्र सरकार में मंत्री बनाया गया है। ऐसे में अमर की दावेदारी स्वाभाविक रुप से कमजोर पड़ती दिख रही है। बहरहाल मंत्रिमंडल विस्तार के सेमीफाइनल में चार नाम पहुंच चुके हैं जिसमें अजय चन्द्राकर, राजेश मूणत, गजेन्द्र यादव और पुरंदर मिश्रा के नाम शामिल हैं।

## पीए और साहब की जुगलबंदी

पूर्व की कांग्रेस सरकार में सत्ता की मलाई खाने वाले एक आईएएस के पीए और साहब की जुगलबंदी की इन दिनों जमकर चर्चा हो रही है। कहते हैं कि साहब अपने बुरे दिन को भी इंज्वाय कर रहे हैं, लेकिन साहब के इंज्वायमेंट और पीए की जुगलबंदी से वहां पर कार्यरत अन्य अधिकारी-कर्मचारी खासे परेशान हैं। राज्य की विष्णु सरकार ने उन्हें एक साल तक लूपलाईन में रखा, लेकिन अब उनकी एक बार फिर वापसी हो चुकी है। शायद उनकी मंत्रालय वापसी से पीए के बीच चल रही जुगलबंदी कम हो जाए, जिससे स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी राहत की सांस लें।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# नेशनल एक्सपो का भव्य शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




नेशनल एक्सपो स्टील एवं पॉवर का रविवार को उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उरला इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी गर्ग एवं अजंत अग्रवाल अध्यक्ष रायपुर इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसियेशन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी और रायपुर इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे। उरला इंद्रास्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी गर्ग ने इंदौर इंफोलाइन की तारीफ़ करते हुए कहा की यह आयोजन पिछले 14 वर्षो से सतत किया जा रहा है, जो की इंदौर इंफोलाइन कि बेहतरीन उपलब्धि है। गर्ग ने इस एक्सपो को उद्योगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने राज्य में संचालित उद्योगों को अधिक से अधिक संख्या में विजिट करने की अपील की । वहीं अजंत अग्रवाल ने बताया की किस तरह से रायपुर में पहली बार इलेक्ट्रिकल एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे रायपुर में इलेक्ट्रिकल उद्योग लगाने में सरलता होगी और लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इंदौर इंफोलाइन के मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष इस आयोजन में देश- विदेश से 150 से अधिक कंपनियाँ आई हुई हैं। यहाँ पर जो स्टॉल लगाया गया है उसमें 5000 से भी ज़्यादा प्रोडक्ट डिस्प्ले किए गये हैं। सुबह 11 बजे से शाम 6:30 तक एक्सपो विजिट किया जा सकता है, इसके लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क हैं। आरके अग्रवाल ने इंडस्ट्रीज़ के संचालकों से भी अपील की है कि वह अपने यहाँ से जादा से ज़्यादा वरिष्ठ कर्मियों को भी भेजें साथ ही आयोजन का पूरा लाभ ले। दरअसल में इस एक्सपो का मक़सद राज्य में ज़्यादा से ज़्यादा लोगो और उद्योग में रुचि रखने वाले व्यापारियों को जागरूक करने के साथ- साथ जानकारी साझा करना है। यहाँ कई प्रोडक्ट मौजूद है जिसको आप एक्सपो में देख और समझ सकते हैं ।

# सिंचाई पम्प के लिए निःशुल्क विद्युत सहायता योजना का नाम अब डॉ. खूबचंद बघेल किसान विद्युत सहायता योजना : मुख्यमंत्री विष्णदेव साय की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार 15 फरवरी तक धान खरीदी के मूल्य के अंतर की राशि किसानों को एकमुश्त देगी। इसका निर्णय केबिनेट की बैठक में ले लिया गया है। इसका लाभ राज्य के लगभग 27 लाख किसानों को होगा। मुख्यमंत्री साय ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय में विकास कार्यो के लोकार्पण शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर किसानों के सिंचाई विद्युत पंप सहायता योजना का नाम डॉ. खूबचंद बघेल किसान विद्युत सहायता योजना करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को 137.41 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी, जिसमें 47.87 करोड़ के 84 कार्यों का लोकार्पण और 89.54 करोड़ रूपए के भूमिपूजन कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री साय ने 38 करोड़ रूपए की लागत से सारंगढ़ में जिला अस्पताल का निर्माण व 18.75 करोड़ की लागत से बनने वाले संयुक्त जिला कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ में उद्योग स्थापना के लिए जमीन आबंटन, डेढ़ करोड़ की लागत से सारंगढ़ मुख्य मार्ग चौड़ीकरण, सरिया में 50 सीटर छात्रावास भवन, सारंगढ़ में उच्च स्तरीय विश्राम गृह भवन निर्माण, कोसीर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को शासन के विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता राशि के चेक व सामग्री प्रदान की। मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 20 वर्षो तक सारंगढ़ मेरी कर्मभूमि रही है। अब मुख्यमंत्री के रूप में सारंगढ़-बिलाईगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के विकास की जिम्मेदारी को पूरा करने का कार्य लगातार कर रहे हैं। हमने बीते एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों के निर्माण में तेजी आई है। पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई है। पहले चरण में 8.47 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इनमें से कई हितग्राहियों के आवास पूर्ण हो गए हैं और अब वे गृह प्रवेश कर रहे है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय परिजनों को सौंपेंगे अनुकम्पा नियुक्ति आदेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 20 जनवरी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान मृत कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपेंगे। विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए पूर्व कर्मियों के परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने 353 नए पद मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में सवेरे दस बजे से आयोजित कार्यक्रम में छह नगरीय निकायों में कुल 270 करोड़ रुपए लागत की जलप्रदाय योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न नगरीय निकायों में 15 करोड़ 25 लाख रुपए के 70 कार्यों का लोकार्पण और 155 करोड़ 38 लाख रुपए के 813 कार्यों का शिलान्यास भी किया जाएगा। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदियों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया जाएगा। वन मंत्री तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण सर्वराजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा और इन्द्रकुमार साहू भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए 353 नवीन पदों की स्वीकृति दी गई है।




# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का 39वां स्थापना दिवस आज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 39वें स्थापना दिवस के अवसर कल 20 जनवरी से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड, बरामूला (जम्मू-कश्मीर) के संयुक्त तत्वावधान में ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल'' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 20 से 22 जनवरी 2025 तक आयोजित इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के कृषि विकास एवं किसान कलयाण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक धरसींवा अनुज शर्मा तथा विधायक रायपुर ग्रामीण मोतीलाल साहू उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित ''कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक अनुसंधान पहल'' तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 21 राज्यों के 400 से अधिक कृषि वैज्ञानिक एवं शोधार्थी शामिल होंगे। सम्मेलन में वैश्विक परिदृष्य में भूमि, जल तथा पर्यावरण के क्षेत्र में विद्यमान अवसरों एवं चुनौतियों पर विचार मंथन किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403